हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



62 साल में आसमान में आखिरी बार गरजा मिग-21, भावुक हुए पूर्व वायु सैनिक

## मिग 21 को पानी की बौछार से अंतिम सलामी दी गई

# तेजस को 'विजयी भव :' कह मिग-21 विदा



एजेंसी ⏭ चंडीगढ़

भारतीय वायु सेना (आईएएफ) का जंगी जहाज मिग-21 गुरुवार को रिटायर हो गया। चंडीगढ़ एयरफोर्स स्टेशन से मिग-21 को विदाई दी गई। इस समारोह में देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह विशेष तौर पर शामिल हुए। उनके अलावा चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ अनिल चौहान, वायुसेना अध्यक्ष एपी सिंह, सेना अध्यक्ष उपेंद्र द्विवेदी और नौसेना अध्यक्ष दिनेश कुमार त्रिपाठी ने भी शिरकत की और मिग-21 की विदाई समारोह के ऐतिहासिक क्षण के गवाह बने। दुश्मनों के दांत खट्टे कर देने वाला ये लड़ाकू विमान अब आसमान में उड़ता हुआ नहीं दिखेगा। मिग-21 की जगह अब तेजस लेगा। चंडीगढ़ एयरफोर्स स्टेशन पर आयोजित मिग-21 के विदाई समारोह में कुल छह मिग विमानों ने आसमान में आखिरी बार ताकत दिखाई। सातवीं महिला पायलट स्कवाड्रन लीडर प्रिया शर्मा ने भी मिग 21 उड़ाया। पैंथर फॉरमेशन में सभी विमान एयरबेस पर लौटे। इसके बाद छह मिग-21 उड़ाने वाले भारतीय वायुसेना के पायलटों के साथ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ऐतिहासिक तस्वीर खिंचवाई।

1 26 सितंबर का दिन भारतीय इतिहास के पन्नों में दर्ज

2 कुल छह मिग विमानों ने आसमान में आखिरी बार ताकत दिखाई

3 मिग-21 के विदाई समारोह में सूर्य किरण एरोबेटिक टीम ने प्रस्तुति दी

### मुख्यमंत्री ने मप्र राज्य वन्यप्राणी बोर्ड की 30 वीं बैठक की अध्यक्षता कर दिए निर्देश

# मप्र के टाइगर जोड़े में छग, राजस्थान और ओडिशा जाएंगे, बदले में आएंगे 'वन्य प्राणी'

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

- मुख्यमंत्री ने कहा कि मप्र में पाई जाने वाली फ्लोरल एंड फौना डायवर्सिटी (वानस्पतिक एवं जैविक विविधताओं) के बारे में प्रॉपर ब्रांडिंग की जाए

मप्र वन विभाग छग, राजस्थान और ओडिशा को एक-एक जोड़ा टाइगर देने पर लगभग सहमत हो गया है। हालांकि, इसके बदले इन राज्यों को भी अपने यहां के विशेष वन्य प्राणियों को देना होगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मप्र राज्य वन्य प्राणी बोर्ड की बैठक में कहा कि वन अधिकारियों को गिव एंड टेक के सिद्धांत पर चलना होगा। ऐसा नहीं हो कि हम तो उन राज्यों को वन्य प्राणी दे रहे है, पर वहां से हमें कुछ भी नहीं मिले।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने अफसरों से कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर की ब्रांडिंग करें, ताकि विदेशी पर्यटकों को मप्र के बारे में पता चल सके। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को मंत्रालय में वन्यप्राणी बोर्ड की 30 वीं बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। न्होंने कहा कि असम से गैंडा या एक सींग वाला गैंडा प्राप्त करने के प्रयास करें। प्रदेश की नदियों में मगरमच्छ, कछुआ और घड़ियाल सहित डॉल्फिन जैसे जलीय जीव मुक्त करने के लिए तैयारी करें। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ से खरमोर पक्षी, आसाम से गैंडा तथा राजस्थान से भी वहां के विशेष वन्य प्राणी प्राप्त करें। ताकि मप्र में विविध वन्य प्राणी हो सके।

**अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मप्र की ब्रांडिंग करने का सुझाव**

» *अन्य राज्यों के वन्य जीव लाकर प्रदेश की जैव विविधता को करें और भी समृद्ध*

» *मप्र में पाए जाने वाले थलीय एवं जलीय जीवों की विशिष्टताओं को करें एक्सप्लोर*



सीएम ने कहा कि छत्तीसगढ़ से खरमोर पक्षी, असम से गैंडा तथा राजस्थान से भी वहां के विशेष वन्य प्राणी प्राप्त करें

### पन्ना एवं बांधवगढ़ में एक और कन्जर्वेशन रिजर्व की संभावना

बैठक में तीन राज्यों ओडिशा, राजस्थान और छत्तीसगढ़ को तीन जोड़े टाइगर देने पर गंभीरता से विचार-विमर्श किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जिन राज्यों को टाइगर दिए जा रहे हैं, उनसे उस राज्य में पाए जाने वाले वन्य जीव भी प्राप्त किए जाएं। बोर्ड के सदस्य डॉ. आलोक कुमार ने कहा कि प्रदेश में पन्ना एवं बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में एक और कन्जर्वेशन रिजर्व बनाया जा सकता है। कान्हा और बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के परिक्षेत्र में बालाघाट जिले के सोनेवानी फॉरेस्ट रेंज को समाहित करते हुए एक पृथक कन्जर्वेशन रिजर्व बनाने की संभावनाएं हैं। वाइल्ड लाइफ कन्जर्वेशन की दिशा में बड़ा कदम होगा।

### गजरक्षक एप होगा तैयार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि राज्य में जंगली हाथियों के कारण हो रही दुर्घटनाओं एवं उनसे मानव द्वंद्व को रोकने के लिए समुचित उपाय किए जाएं। एडिशनल पीसीसीएफ कृष्णमूर्ति ने बताया कि एआई बेस्ड गजरक्षक एप तैयार किया गया है, जो जंगली हथियों की गतिविधियों की सूचना देता है। हाथी से मानव बसाहट वाले क्षेत्र में नजदीक होने पर ग्रामीणों को मैसेज के जरिए सूचना का प्रसार किया जाता है। कॉलरिंग के जरिए भी यह कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हाथी विचरण जिलों और वनमंडलों में हाथी मित्र दलों का गठन भी किया गया है।

### डिस्कवरी व नेशनल ज्योग्राफी चैनल से भी ब्रांडिंग कराएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि मप्र में पाई जाने वाली फ्लोरल एंड फौना डायवर्सिटी (वानस्पतिक एवं जैविक विविधताओं) के बारे में प्रॉपर ब्रांडिंग की जाए। प्रदेश के समृद्ध वन क्षेत्रों एवं यहां के वनों में वन्य जीवों की सहज दृश्यता का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाए। इसके लिए भारतीय फिल्म डिवीजन, डिस्कवरी और अन्य चैनल्स के साथ मिलकर शॉर्ट फिल्म्स, डाक्युमेंट्री फिल्म, प्रमोशनल्स कैप्सूल्स तैयार कर मप्र की वन विशिष्टताओं के बारे में पूरे विश्व को बताएं। इससे विदेशी पर्यटकों को आकर्षित किया जा सकेगा। वन राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार एवं बोर्ड के सदस्य डॉ. नारायण व्यास वर्चुअली शामिल हुए। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव वन अशोक बर्णवाल, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई, प्रधान मुख्य वन संरक्षक वीएन अंबाडे, वन्य प्राणी बोर्ड के सदस्य मोहन नागर, रूपनारायण मांडवे, महेंद्र सिंह चौहान, डॉ. सुदेश बाघमारे, डॉ. रविचंद्रन सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

### प्रशासन ने ऐहतियातन कई इलाकों में सुरक्षा बलों की तैनाती बढ़ाई

गृह मंत्रालय ने हिंसा के लिए सोनम वांगचुक को जिम्मेदार ठहराया

# वांगचुक एनएसए के तहत गिरफ्तार, लेह में इंटरनेट सेवा बंद

एजेंसी ⏭ जम्मू

लद्दाख में राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग को लेकर आंदोलन का नेतृत्व कर रहे पर्यावरणविद और सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को पुलिस ने शुक्रवार को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत गिरफ्तार कर लिया है। सोनम वांगचुक को शाम 2:30 बजे लद्दाख पुलिस प्रमुख एसडी सिंह जम्वाल के नेतृत्व में गिरफ्तार किया गया। हालांकि, उन पर लगाए गए आरोपों की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हो पाई है। यह कार्रवाई उस घटना के एक दिन बाद हुई, जब लेह में बंद और विरोध प्रदर्शनों के दौरान सुरक्षाबलों और प्रदर्शनकारियों के बीच हुई भीषण झड़पों में चार लोगों की मौत हो गई थी। वांगचुक की गिरफ्तारी के बाद लेह में इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई है। स्थानीय संगठनों और वांगचुक समर्थकों का कहना है कि केंद्र सरकार द्वारा लद्दाख को राज्य का दर्जा देने और संविधान की छठी अनुसूची के तहत विशेष संरक्षण की मांग लंबे समय से उठाई जा रही है। आंदोलन के तेज़ होने के साथ ही प्रशासन ने ऐहतियातन कई इलाकों में सुरक्षा बलों की तैनाती बढ़ा दी है।



### दुनिया का हर इलेक्ट्रोलाइजर निर्माता भारत आ रहा

# हाइड्रोजन है भविष्य का ईंधन...केंद्रीय मंत्री पुरी बोले-2030 तक 5 मिलियन टन करेंगे उत्पादन

हाइड्रोजन उत्पादन की लागत कम करने के प्रयास



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि हाइड्रोजन भविष्य का ईंधन है। उन्होंने याद दिलाया कि भारत का लक्ष्य 2030 तक सालाना 5 मिलियन टन हरित हाइड्रोजन का उत्पादन करना है। इसे एक मजबूत नीतिगत ढांचे और उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत 19,700 करोड़ रुपयए का समर्थन प्राप्त है।उन्होंने कहा कि हाइड्रोजन न केवल भविष्य का ईंधन है, बल्कि ऊर्जा सुरक्षा, आर्थिक प्रतिस्पर्धा और पर्यावरणीय जिम्मेदारी का एक प्रमुख स्तंभ है।




### पंचम:स्कंध माता



सिंहासनगता नित्यं पद्माश्रितकरद्वया।
शुभदास्तु सदा देवी स्कन्दमाता यशस्विनी॥

### चैतन्यानंद की बढ़ी मुश्किलें याचिका खारिज, खाते फ्रीज

**नई दिल्ली।** छात्राओं के यौन शोषण का आरोप झेल रहे चैतन्यानंद सरस्वती की मुश्किलें थमती नहीं दिख रही हैं। स्वामी के खिलाफ दर्ज धोखाधड़ी, जालसाजी और आपराधिक साजिश के मामले में दिल्ली की एक अदालत ने उनकी अग्रिम जमानत याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। इस बीच, दिल्ली पुलिस ने बाबा से जुड़े 18 बैंक खातों और 28 एफडी को फ्रीज कर दिया है।



### दिल्ली-एनसीआर में बिक्री पर रोक

# सुप्रीम कोर्ट ने ग्रीन पटाखे बनाने की दे दी 'इजाजत'

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिवाली से पहले सुप्रीम कोर्ट ने ग्रीन पटाखों के निर्माण को मंजूरी दे दी है। लेकिन इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में इसकी बिक्री पर प्रतिबंध को जारी रखा है। कोर्ट ने यह भी शर्त रखी है कि सिर्फ वही निर्माता पटाखे बनाएंगे जिनके पास ग्रीन पटाखे का सर्टिफिकेट होगा। यह प्रमाणपत्र नीरी (एनईईआरआई) और पेसो (पीईएसओ) जैसी अधिकृत एजेंसियों से ही जारी होना चाहिए। पटाखा निर्माताओं को यह भी लिखित वचन देना होगा कि वे दिल्ली-एनसीआर में कोई पटाखा नहीं बेचेंगे।

यह आदेश इसलिए दिया गया है क्योंकि इस क्षेत्र में दिवाली के समय प्रदूषण का स्तर बहुत बढ़ जाता है। इस मामले पर अगली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट यह तय करेगा कि आगे बिक्री पर क्या कदम उठाए जाएं। शीर्ष अदालत का यह कदम दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए उठाया गया है। नवंबर 2024 में राजधानी का औसत एक्यूआई 494 तक पहुंच गया था, जिससे शहर घने स्मॉग की चादर में लिपट गया था और लोगों का सांस लेना मुश्किल हो गया था।

सिर्फ वही निर्माता पटाखे बनाएंगे जिनके पास ग्रीन पटाखे का सर्टिफिकेट होगा



### पूरे देश में नहीं लगा सकते रोकः गवई

मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने यह फैसला सुनाया। कोर्ट ने साफ कहा कि वह पूरे देश में पटाखों की बिक्री और निर्माण पर पूरी तरह से रोक नहीं लगा सकता, क्योंकि केंद्र सरकार ने इस बारे में कोई राष्ट्रीय स्तर का प्रतिबंध प्रस्तावित नहीं किया है।

### मप्र कांग्रेस के जिला अध्यक्षों को प्रशिक्षण देंगे राहुल

# पचमढ़ी में 10 दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन, खरगे भी आएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

- यह प्रशिक्षण 2 से 12 नवंबर के बीच होगा

मध्यप्रदेश में कांग्रेस के सभी 71 जिला अध्यक्षों को 10 दिन तक ट्रेनिंग दी जाएगी। सभी जिला अध्यक्षों को हिल स्टेशन पचमढ़ी में आवासीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। पहले यह ट्रेनिंग 2 से 12 अक्टूबर तक होनी थी लेकिन, नवरात्रि की अष्टमी, नवमी, दशहरा और दीवाली जैसे त्योहार करीब होने के चलते कई नेताओं ने तारीख आगे बढ़ाने का सुझाव दिया। इसके चलते कांग्रेस जिला अध्यक्षों की ट्रेनिंग एक महीने बढ़ाई गई है। अब यह प्रशिक्षण 2 से 12 नवंबर के बीच होगा। खास बात यह है कि दस दिन के इस ट्रेनिंग कैंप में दो दिन राहुल गांधी भी मौजूद रहेंगे। इस प्रशिक्षण शिविर में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी शामिल होंगे।संभावित कार्यक्रम के मुताबिक खरगे इस शिविर के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस प्रशिक्षण शिविर में जयराम रमेश, पवन खेड़ा, सुप्रिया श्रीनेत, कांग्रेस ट्रेनिंग विभाग के नेशनल हेड सचिन राव, मप्र के प्रभारी हरीश चौधरी, पीसीसी अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार भी शामिल होंगे।



### अगले चुनाव का रोडमैप बताया जाएगा

पचमढ़ी में होने वाली ट्रेनिंग में कांग्रेस के जिला अध्यक्षों को अपने जिले में ब्लॉक, मंडलम, सेक्टर, वार्ड, ग्राम पंचायत और बूथ लेवल तक संगठन बनाने के बारे में बताया जाएगा। आगामी समय में होने वाले नगरीय निकाय, पंचायत चुनाव और 2028 के विधानसभा और 2029 के लोकसभा चुनाव को लेकर कैसे रणनीति बनाना है, इसका पूरा रोडमैप बताया जाएगा।

'आई लव मोहम्मद' के बैनर लेकर सड़कों पर उतरी भीड़

# तोड़फोड़ और हंगामे के बाद पुलिस ने पटकी लाठियां, तौकीर नजरबंद

## जुमे की नमाज के बाद मुस्लिम समाज के लोगों ने विरोध प्रदर्शन

एजेंसी ▶▶ बरेली

यहां शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद मुस्लिम समाज के लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। शहर के अलग-अलग इलाकों में आई लव मोहम्मद लिखे पोस्टर बैनर लेकर सैकड़ों लोग सड़कों पर उतरे। इस दौरान खलील स्कूल के पास कुछ शरारती तत्वों ने तोड़फोड़ की। पुलिस ने स्थिति पर काबू पाने के लिए लाठी पटकीं। मौलाना तौकीर रजा को नजरबंद कर लिया गया है। डीआईजी रेंज बरेली अजय कुमार साहनी ने कहा कि नमाज शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। कुछ शरारती तत्व माहौल खराब करना चाहते थे, उन्हें खदेड़ दिया गया है।



बरेली में बवाल

### एसपी क्राइम से की नोकझोंक

श्यामगंज में पुलिस ने प्रदर्शन करने वालों को रोकने का प्रयास किया। इस दौरान एसपी क्राइम से नोकझोंक भी हुई, लेकिन जुलूस के रूप से भीड़ नारेबाजी करते हुए आगे बढ़ती गई। श्यामगंज में पुलिस ने दुकानें भी बंद करा दी गईं। नौमहला मस्जिद के बाहर भी सैकड़ों लोग जुटे। लोगों ने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। वहीं, खलील स्कूल के पास प्रदर्शनकारियों ने अचानक वाहनों में तोड़फोड़ शुरू कर दी। पुलिस ने उन्हें समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं माने। प्रदर्शनकारियों को शांत कराने के लिए पुलिस ने लाठियां पटकीं तो भगदड़ मच गई।

### तौकीर के ऐलान के बाद शहरभर में बढ़ाई चौकसी

इत्तेहाद-ए-मिल्लत कौंसिलके प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां के ऐलान के बाद से शहर में गहमागहमी का माहौल है। मौलाना ने डीएम के जरिए राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजने की बात कही है। लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से शामिल होने की अपील की। इसके बाद चौकसी बढ़ा दी गई है।

### पुलिस ने इस्लामिया मैदान को छावनी में किया तब्दील

शुक्रवार को सुबह से ही इस्लामिया मैदान और बिहारीपुर को छावनी में तब्दील कर दिया गया। श्यामगंज मंडी वाले रोड पर बैरिकेडिंग करने के साथ भारी फोर्स तैनात की गई। सैलानी इलाका बंद रहा। दोपहर होते-होते लोग घरों से निकलने लगे। जुमे की नमाज के बाद लोग जुलूस के रूप से नारेबाजी करते हुए सड़कों पर निकले। इस दौरान कुछ लोगों ने हंगामा और तोड़फोड़ शुरू कर दी।

### तौकीर ने वीडियो जारी कर कही थी ये बातें

तौकीर ने शुक्रवार सुबह एक वीडियो जारी कर कहा था कि मीडिया जो खबरें चल रही हैं, वह सरासर गलत हैं। पुलिस प्रशासन के साथ कुछ मुखबिरों ने मिलकर साजिश रचकर यह काम किया है। मौलाना ने कहा कि उन्होंने जो ऐलान किया था। उसके मुताबिक अमल किया जाएगा। जुमे की नमाज नौमहला मस्जिद में पढ़ेंगे। उसके बाद बहुत ही जिम्मेदारी और अमन के साथ हम अपनी तकलीफों और परेशानियों के लिए डीएम के जरिए राष्ट्रपति को ज्ञापन देना चाहते हैं।

सीएम योगी को खुलेआम धमकी

### मौलवी ने कहा- यहीं दफना देंगे

बीड। महाराष्ट्र के बीड जिले में आई लव मोहम्मद कार्यक्रम के दौरान एक मौलाना ने सीएम योगी के खिलाफ जमकर भड़काऊ बयानबाजी हुई है। मौलाना ने मंच से अपनी तकरीर में सीएम योगी को खुलेआम दफनाने की धमकी दे डाली। मौलाना ने भीड़ के बीच सीएम योगी के खिलाफ काफी अपशब्द भी कहे। सीएम योगी को धमकी देने वाले शख्स ने उन्हें माजलगांव के मुस्तफा मस्जिद आने की चुनौती दी है। शख्स ने कहा कि अगर योगी यहां आते हैं तो उन्हें यहीं दफना दिया जाएगा। मौलवी की पहचान अशफाक निसार शेख के रूप में हुई है। फिलहाल इस मामले में अभी तक माजलगांव पुलिस थाने में कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई है।

केरल में माकपा वर्कर की हत्या

## राजनीतिक हत्या मामले में भाजपा और संघ से जुड़े 9 कार्यकर्ता बरी

एजेंसी ▶▶ कन्नूर



केरल की एक अदालत ने माकपा के एक कार्यकर्ता की हत्या से संबंधित मामले में भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 9 कार्यकर्ताओं को बरी कर दिया। ओ प्रेमन (45) पर 25 फरवरी, 2015 को कन्नूर के चित्तरीपरंबा में हमला किया गया था और अगले दिन एक अस्पताल में उनकी मौत हो गई थी। बरी किए गए लोगों में साजेश सी, प्रजेश डी, इंचिकांडी निशांत, लिजिन पी, मनपड्डी विनीश, सी. राजेश, निखिल एनआर रमेश और रेनजिथ सीवी शामिल हैं। बचाव पक्ष के वकीलों ने बताया कि आरोपी श्याम प्रसाद की 2018 में एक अन्य राजनीतिक झड़प में हत्या कर दी गई थी। आरोपियों का प्रतिनिधित्व करने वाले अधिवक्ता पी. प्रेमराजन ने कहा कि जिला अतिरिक्त सत्र न्यायालय ने पुलिस जांच में 'गंभीर खामियों' का हवाला देते हुए उन्हें बरी कर दिया।

गोवा में 'प्रयास' का अनावरण

## एकीकृत पुनर्वास का एक मॉडल जीवन की गुणवत्ता को सुधारेगा

एजेंसी ▶▶ पणजी

आयुष मंत्रालय ने अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान , गोवा में एक एकीकृत न्यूरो-पुनर्वास केंद्र



'प्रयास' का अनावरण किया। इस केंद्र का उद्घाटन 10वें आयुर्वेद दिवस के अवसर पर केंद्रीय आयुष मंत्रालय (स्वतंत्र प्रभार) एवं केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के राज्य मंत्री, प्रतापराव जाधव ने विद्युत एवं नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपद येसो नाइक, मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों और एआईआईए गोवा के संकाय सदस्यों की उपस्थिति में किया।उन्होंने कहा, आयुष मंत्रालय ऐसे उत्कृष्टता केंद्रों के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है जो पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक चिकित्सा के साथ समन्वित करते हैं। 'प्रयास' एकीकृत पुनर्वास का एक मॉडल है, जो न केवल उपचार प्रदान करता है, रोगियों और उनके परिवारों के लिए जीवन की गुणवत्ता नवीन करता है।

पीएम ने लॉन्च की मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना

## महिलाओं के बैंक खाते में 10-10 हजार रुपए की राशि हस्तांतरित



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार कई सारी योजनाओं को चलाती है और समय-समय पर कई लाभकारी और कल्याणकारी योजनाओं को लॉन्च भी करती है। शुक्रवारन को पीएम नरेंद्र मोदी ने वीडियो कंफ्रेंसिंग के जरिए मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना को लॉन्च किया है। पीएम नरेंद्र मोदी ने महिला रोजगार योजना को लॉन्च करने के साथ ही महिलाओं के बैंक खाते में 10-10 हजार रुपए की राशि हस्तांतरित की है। बताया जा रहा है कि 75 लाख महिलाओं के खाते में राशि भेजी गई है। इस पैसे को डीबीटी के माध्यम से मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना लॉन्च किया है। इस योजना का लाभ बिहार की महिलाओं को मिलेगा। ऐसे में अगर आप भी इस योजना का लाभ लेना चाहते हैं, तो आप यहां इस योजना के बारे में विस्तार से जान सकते हैं। लाभ लेने की शर्तें और विधियां भी बताई है।

### आवेदन के लिए चाहिए ये दस्तावेज

आधार कार्ड
बैंक पासबुक
पैन कार्ड
पासपोर्ट साइज फोटो आदि

### व्यवसाय की 6 महीने बाद समीक्षा होगी फिर मिलेंगे 2 लाख लोन

अगर आप बतौर महिला अपना खुद का रोजगार शुरू करना चाहती हैं, तो इस योजना को तहत आपको 10 हजार रुपएकी आर्थिक मदद दी जाएगी। शुरू किए गए व्यवसाय की 6 महीने बाद समीक्षा होगी और फिर इसके बाद 2 लाख रुपए का अतिरिक्त लोन भी दिया जाएगा। अगर आप भी बतौर महिला इस महिला रोजगार योजना से जुड़ना चाहती हैं, तो आपको अपने ग्राम संगठन या जीविका समूह से संपर्क करना होगा। यहां से आप आवेदन कर इस महिला रोजगार योजना से जुड़ सकती हैं।

### छोटा व्यवसाय शुरू करने में मददगार

अगर आप ये सोच रहे हैं कि इस मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना को क्यों लॉन्च किया गया है, तो ऐसा इसलिए किया गया है ताकि इस योजना का लाभ मिलने के बाद महिलाओं को अपना छोटा व्यवसाय शुरू करने में मदद मिल सके। बिहार सरकार इस योजना के जरिए महिलाओं को आत्मनिर्भरता बनाना उद्धेश्य है। साथ ही इस योजना का लाभ मिलने से महिलाओं की आर्थिक और सामाजिक स्थिति में सुधार आएगा।

राष्ट्रपति ने राष्ट्रीय भूविज्ञान पुरस्कार प्रदान किए

## भूवैज्ञानिक भू-पर्यावरणीय स्थिरता पर खनन के प्रभाव पर भी ध्यान दें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को भूविज्ञान के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए राष्ट्रीय भूविज्ञान पुरस्कार 2024 प्रदान किए। राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में समारोह में राष्ट्रपति ने कहा कि खनिजों ने मानव सभ्यता के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। धरती के गर्भ में विद्यमान खनिज पदार्थों ने मानव जीवन को आधार दिया है और हमारे व्यापार एवं उद्योग को आकार दिया है। पाषाण युग, कांस्य युग और लौह युग- मानव सभ्यता के विकास के प्रमुख चरणों के नाम खनिजों के नाम पर रखे गए हैं। लोहा और कोयला जैसे खनिज पदार्थों के बिना औद्योगीकरण अकल्पनीय होता।

आईएनएसए के वरिष्ठ वैज्ञानिक राय को 2024 का राष्ट्रीय लाइफटाइम अचीवमेंट दिया



### महासागरों की गहराई में कई मूल्यवान खनिज

राष्ट्रपति ने कहा कि हमारा देश तीन तरफ से महासागरों से घिरा हुआ है। इन महासागरों की गहराई में कई मूल्यवान खनिज तत्वों के भंडार हैं। भूवैज्ञानिक राष्ट्र के विकास के लिए इन संसाधनों के उपयोग में अहम हैं।

भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण की वरिष्ठ भूविज्ञानी तृप्ति को राष्ट्रीय भूविज्ञान पुरस्कार 2024 दिया



### भूवैज्ञानिकों की भूमिका खनन तक सीमित नहीं

राष्ट्रपति ने कहा कि भूवैज्ञानिकों की भूमिका खनन तक सीमित नहीं है। उन्हें भू-पर्यावरणीय स्थिरता पर खनन के प्रभाव पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। खनिज उत्पादों के मूल्यवर्धन और अपव्यय को कम करने के लिए प्रौद्योगिकी का विकास और उपयोग आवश्यक है।



जबलपुर
शनिवार, 27 सितंबर 2025
आश्विन मास शुक्ल पक्ष-6
वर्ष : 20, अंक : 151
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 32
न्यून. 24

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



8
लद्दाख की शांति बिगाड़ने की कोशिश

## विदेश मंत्रालय ने कहा इसके संभावित प्रभाव का अध्ययन कर रहे

# ट्रंप ने विदेशी फार्मा प्रोडक्ट पर 100% टैरिफ लगाने का किया ऐलान, 1 अक्टूबर से लागू होगा

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन/नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बड़ी घोषणा करते हुए फार्मा प्रोडक्ट के आयात पर 100% टैरिफ लगा दिया है। यह टैरिफ 1 अक्टूबर से लागू होगा। इस कदम का प्रमुख भारतीय दवा निर्माताओं पर बड़ा असर पड़ सकता है। भारतीय दवा निर्माताओं के लिए अमेरिका बड़ा बाजार है। ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा-1 अक्टूबर 2025 से हम किसी भी ब्रांडेड या पेटेंटेड दवा उत्पाद पर 100% टैरिफ लगा देंगे, बशर्ते कोई कंपनी अमेरिका में अपना दवा निर्माण प्लांट न लगा रही हो। इधर, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि इसकी बारीकी से निगरानी शुरू कर दी गई है।



### भारतीय दवा कंपनियों को 'बड़ा झटका'

### ट्रंप ने किचन के सामानों और बाथरूम वैनिटी पर 50 प्रतिशत, फर्नीचर पर 30 प्रतिशत और भारी ट्रकों पर 25% टैरिफ लगाने की घोषणा की



### भारत के लिए क्यों है महत्वपूर्ण?

भारतीय दवा निर्माताओं के लिए अमेरिका एक बड़ा बाजार है, खासतौर पर सस्ती जेनेरिक दवाओं के क्षेत्र में। भारत ने साल 2024 में अमेरिका में 31,624 करोड़ रुपए (3.6 अरब डॉलर) के दवा उत्पाद का निर्यात किया था। वहीं, 2025 की पहली छमाही में 32,505 करोड़ रुपए (3.6 अरब डॉलर) का निर्यात किया। डॉ रेड्डीज, सन फार्मा, ल्यूपिन और अरबिंदो जैसी दिग्गज दवा कंपनियां अमेरिका में सस्ती कीमत वाली भारतीय जेनेरिक दवाओं के बाजार की बड़ी लाभार्थी हैं। टैरिफ से भारतीय कंपनियों के निर्यात को तगड़ा झटका लग सकता है।

### भारतीय शेयर बाजार में दिखा असर

*फार्म प्रोडक्ट पर 100% टैरिफ की घोषणा के बाद शुक्रवार को हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शेयर बाजार में गिरावट दर्ज की गई। बीएसई सेंसेक्स 203.67 अंकों की गिरावट के साथ 80,956.01 पर खुला, जबकि निफ्टी 50 72.3 अंकों की गिरावट के साथ 24,818.55 पर खुला। वहीं, फिलहाल सेंसेक्स 393 अंकों की गिरावट के साथ कारोबार कर रहा है और निफ्टी 24800 के नीचे फिसल चुका है। फार्मा स्टॉक्स की बात करें, तो ट्रंप के टैरिफ लगाने के बाद से फार्मा कंपनियों के शेयरों में तेजी से गिरावट देखी जा रही है।*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## नाटो महासचिव ने बोला झूठ-भारत ने यूक्रेन युद्ध को लेकर रूस की रणनीति पर सवाल उठाए

# भारत ने कहा-यह तो पूरी तरह बेबुनियाद मोदी-पुतिन की ऐसी कोई बात नहीं हुई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारत ने शुक्रवार को नाटो के महासचिव मार्क रूटे के उन दावों को पूरी तरह से खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने कहा था कि अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ के बाद भारत ने यूक्रेन युद्ध को लेकर रूस की रणनीति पर सवाल उठाए हैं। भारत के विदेश मंत्रालय ने रूटे के इस दावे को तथ्यात्मक रूप से गलत और पूरी तरह आधारहीन बताया है। विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट कहा है कि रूस के साथ यूक्रेन युद्ध को लेकर भारत की ऐसी कोई बातचीत नहीं हुई और मार्क रूटे को भविष्य में ऐसी बयानबाजी को लेकर सावधानी बरतने की सलाह दी।

**140 करोड़ भारतीयों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना हमारी पहली प्राथमिकता अब 'ट्रंप ऐसी ट्रिक' भी अपना रहे**



फाइल फोटो

### जो बातचीत हुई ही नहीं, ऐसा तथ्य स्वीकार नहीं

विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि नाटो लीडरशिप के बयान ज्यादा सावधानी से दिए जाएं। प्रधानमंत्री की मुलाकातों को गलत तरीके से पेश करना या ऐसी बातचीत का जिक्र जो कभी हुई ही नहीं, यह स्वीकार्य नहीं है। गौर हो कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले महीने भारत पर 25 प्रतिशत रेसिप्रोकल टैरिफ और रूसी तेल खरीदने पर 25 प्रतिशत का अतिरिक्त टैरिफ लगाया था। अमेरिका का कहना है कि भारत का रूसी तेल खरीदना यूक्रेन युद्ध को अप्रत्यक्ष रूप से समर्थन देता है।

### भारत ने हमेशा यूक्रेन मुद्दे पर शांति की बात की

*नई दिल्ली ने अमेरिकी टैरिफ को अन्यायपूर्ण बताया था। भारत ने हमेशा यूक्रेन मुद्दे पर शांति की बात की है। पीएम मोदी ने हाल ही में पुतिन से फोन पर बात की थी और अपने जन्मदिन पर शुभकामनाओं के लिए उनका आभार जताया था। इस बातचीत में भी पीएम मोदी ने यूक्रेन युद्ध में शांति का समर्थन किया था। रूस से तेल खरीदने के मुद्दे पर भारत ने एक बार फिर दोहराया कि 140 करोड़ भारतीयों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना उसकी पहली प्राथमिकता है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत अपने राष्ट्रीय हितों और आर्थिक सुरक्षा की रक्षा के लिए सभी आवश्यक उपाय करता रहेगा।*

## यह नेटवर्क देश का पहला व पूरा तरह स्वदेशी

# पीएम आज करेंगे स्वदेशी 4 जी नेटवर्क और 98,000 मोबाइल टावरों का शुभारंभ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को देश का पहला पूरी तरह स्वदेशी, सॉफ्टवेयर-आधारित 4जी नेटवर्क लॉन्च करेंगे, जिसे भविष्य में 5जी के लिए भी तैयार किया गया है। इसके साथ ही, पूरे देश में लगभग 98,000 नए मोबाइल टावर भी लगाए जाएंगे। यह जानकारी केंद्रीय संचार और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को साझा की। सिंधिया ने इसे निर्णायक बताते हुए कहा कि इस पहल से देश का कोई भी हिस्सा संचार कनेक्टिविटी से वंचित नहीं रहेगा।

### भारत का 100% 4जी सैचुरेशन नेटवर्क पूरा

यह परियोजना भारत को शीर्ष दूरसंचार उपकरण निर्माताओं की श्रेणी में ले जाएगी। स्वदेशी 4जी स्टैक में रेडियो एक्सेस नेटवर्क तेजस नेटवर्क्स द्वारा, कोर नेटवर्क, सी-डॉट द्वारा और सिस्टम इंटीग्रेशन टीसीएस द्वारा किया गया है। इसका क्रियान्वयन बीएसएनएल द्वारा आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत किया जा रहा है। सिंधिया ने यह भी बताया कि डिजिटल भारत निधि पहल के तहत भारत का 100% 4जी सैचुरेशन नेटवर्क पूरा हो चुका है,

## खबर संक्षेप

### रायपुर में स्टील प्लांट की इमारत गिरी, 6 की मौत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में शुक्रवार को एक बड़ा हादसा हो गया। यहां की सिलतरा स्थित एक निजी स्टील प्लांट में निर्माणाधीन ढांचा गिरने से छह मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं छह मजदूर घायल हैं, जिसमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। जिला प्रशासन ने घायलों को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



### राहुल पर विवादित बयान के बाद मंत्री की सफाई

**भोपाल।** मप्र के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी को लेकर विवादास्पद बयान दिया था। अब मंत्री ने सफाई दी है। उन्होंने कहा कि मैं किसी रिश्ते की पवित्रता पर सवाल नहीं उठा रहा हूं, हालांकि हर रिश्ते की एक सीमा होती है,मैं उसी का जिक्र कर रहा था।



### तिरुपति मंदिर बनेगा भारत का पहला एआई टैंपल

**नई दिल्ली।** भारत के मशहूर धार्मिक स्थल तिरुमला तिरुपति मंदिर में जल्द एआई से लैस कमांड कंट्रोल सेंटर शुरू होने जा रहा है। मंदिर में टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करके भीड़ को संभालने का काम किया जाएगा। यह भारत के किसी भी मंदिर शुरू होने वाला अपनी तरह का पहला कमांड सेंटर होगा। तिरुपत मंदिर को पहला एआई टैंपल कहा जा रहा है।



## पूर्व सीजेआई चंद्रचूड़ ने की थी टिप्पणी

# बाबरी का निर्माण बुनियादी तौर पर अपवित्र था...फिर देनी पड़ी सफाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारत के पूर्व चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ को बाबरी मस्जिद के अस्तित्व पर की गई एक टिप्पणी पर सफाई देनी पड़ी है। गुरुवार को एक कार्यक्रम में जस्टिस चंद्रचूड़ ने स्पष्ट तौर पर कहा कि अयोध्या विवाद पर फैसला साक्ष्यों और कानूनी सिद्धातों पर आधारित है, आस्था के आधार पर नहीं। इसी दौरान उन्होंने बाबरी मस्जिद के अस्तित्व पर अपनी एक टिप्पणी पर सोशल मीडिया पर हो रही चर्चा पर सफाई भी दी और कहा कि उनके शब्दों को इधर से उधर करके संदर्भ बदला गया है। पूर्व सीजेआई ने डीवाई चंद्रचूड़ ने पहले एक इंटरव्यू में अयोध्या विवाद पर सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले को लेकर पूछे गए सवालों के दौरान कहा था कि बाबरी मस्जिद का 'निर्माण ही बुनियादी तौर पर अपवित्र कार्य था।' लेकिन, गुरुवार को मुंबई में एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि उनके शब्दों को अलग तरह से पेश किया जा रहा है, जिससे अयोध्या विवाद पर उनके विचार का संदर्भ बदल गया है।

## धार में घर में घुसकर मासूम की हत्या

# मां के सामने बेटे का सिर काटा, गुस्साए लोगों ने आरोपी को पीटकर मार डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धार



■ आरोपी को गांव वालों ने बांध दिया और जमकर पिटाई की

जिले के कुक्षी थाना इलाके के आली गांव में सुबह करीब 10:30 बजे घर में घुसा और धारदार हथियार से पांच साल के बच्चे पर ताबड़तोड़ वार किए। आरोपी ने धारदार हथियार से मासूम के दो टुकड़े कर दिए। बचाने आई मां पर भी हमला किया। आरोपी की पहचान महेश मायड़ा निवासी जोबट के रूप में हुई है। फिलहाल, वारदात की वजह का पता नहीं चल पाया है। वारदात के बाद आरोपी ने भागने की कोशिश की, तो परिजन और गांव वालों ने उसे पकड़ कर बांध दिया। उसकी जमकर पिटाई भी की। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उसे छुड़वाया। उसे मेडिकल के लिए ले जाया गया। यहां उसकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, कुक्षी से करीब सात किलोमीटर दूर आली गांव में कालू सिंह परिवार के साथ रहते हैं। शुक्रवार सुबह घर में कालू सिंह, उनकी पत्नी सोना बाई और 5 साल का बेटा विकास था। सोना बाई घर में काम कर रही थी जबकि विकास आंगन में खेल रहा था। इसी दौरान बाइक सवार महेश वहां पहुंचा। आते ही उसने बच्चे के सिर और हाथ पर वार कर दिया। पलक झपकते ही विकास का सिर, धड़ से अलग हो गया। सोना बाई बचाने आई, तो महेश ने उसके कंधे और हाथ में हमला किया।

## गरबा पंडालों में गैर हिंदुओं के प्रवेश पर पाबंदी के बाद बौखलाए कुछ लोग चला रहे 'आई लव मोहम्मद' कैंपेन

# मस्जिद के बाहर गाड़ियों पर चिपकाए ये स्टिकर, शीतलदास की बगिया में 'आई लव महाकाल' के लहराए गए कई पोस्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कानपुर से शुरू हुई 'आई लव मोहम्मद' बैनर मुहिम की दस्तक भोपाल पहुंच चुकी है। उज्जैन में चमनगंज थाना क्षेत्र में आई लव मोहम्मद के बैनर पोस्टर लगाए गए थे तो सीहोर जिले के श्यामपुर तहसील में भी ऐसे ही होर्डिंग लग गए, आई लव मोहम्मद मुहिम का असर इंदौर में भी देखा गया जहां चंदन नगर क्षेत्र में बैनर लगे दिखाई दिए। भोपाल के नूर महल इलाके में लाल मस्जिद के सामने भी ऐसे ही होर्डिंग लगे दिखाई दिए। जुमे की नमाज के बाद मस्जिदों के बाहर गाड़ियों पर यह स्टिकर चिपकाए गए हैं। इस दौरान लोगों ने कहा है कि हमें अपने नबी का नाम लेने से कोई रोक नहीं सकता है। बाइक से लेकर कार तक पर यह स्टिकर चिपकाए जा रहे हैं।

◆ हिंदू संगठनों ने गरबा पंडालों में 'आई लव महाकाल' के पोस्टर के साथ डांडिया शुरू कर दिया




### भाजपा और कांग्रेस में जुबानी जंग शुरू

प्रदेश के तमाम इलाकों में लगे इन होर्डिंग को लेकर सियासत शुरू हुई तो कांग्रेस सामने आई। कांग्रेस के प्रवक्ता अभिनव बारोलिया ने कहा भारत सभी का देश है। जहां सभी अपने इष्ट देव को याद करते हैं। भाजपा और आरएसएस ऐसी बात करते हैं जिस देश का माहौल खराब हो। वहीं भाजपा के प्रवक्ता अजय सिंह यादव ने कहा कि महाकाल हमारी आस्था के केंद्र है। देश की जनता की आस्था महाकाल में है। कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति में गजवा ए हिंद और फिलिस्तीन के झंडे लगाने वालों का समर्थन करती है।







# याद आएगा योद्धा » दुश्मनों के दांत खट्टे करने वाला मिग अब 'उड़ता' नहीं दिखेगा, चंडीगढ़ एयरफोर्स स्टेशन से दी अंतिम विदाई

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

दुश्मनों के दांत खट्टे कर देने वाला लड़ाकू विमान मिग-21 अब आसमान में उड़ता हुआ नहीं दिखेगा। मिग-21 की जगह अब तेजस लेगा। 62 साल तक देश सेवा के बाद वायुसेना ने चंडीगढ़ एयरफोर्स स्टेशन से मिग-21 को विदाई दी। 1963 में मिग-21 को रूस से लाया गया। आदमपुर एयरफोर्स स्टेशन और हिंडन बेस में बात नहीं बनी तो इसकी पहली स्क्वाड्रन चंडीगढ़ में तीन तंबुओं में शुरू की गई। इसी वजह से चंडीगढ़ 12 विंग एयरफोर्स स्टेशन से ही इसे अंतिम विदाई दी जा रही है। इस अवसर पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि मिग-21 ने हमेशा बेहतर प्रदर्शन किया है। अपने समय की तकनीक के हिसाब से मिग सबसे बेस्ट था। मिग-21 को लंबे समय तक हमारी वायुसेना का भरोसा मिला। हमारी जिम्मेदारी है कि हम इसकी लिगेसी को सेलिब्रेट करें। उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ से मिग का सफर शुरू हुआ था। चंडीगढ़ उस गौरवशाली पल का गवाह है। मिग को बर्ड ऑफ ऑल सीजन कहा जाता है, क्योंकि इसने हर समय अपनी उपयोगिता सिद्ध की। रक्षा मंत्री ने कहा कि मिग 21 महज एक विमान नहीं है, यह भारत-रूस संबंधों का प्रमाण है।

### पैंथर्स फॉर्मेशन में भरी आखिरी उड़ान



स्क्वाड्रन नंबर 23 (पैंथर्स) के कमांडिंग ऑफिसर ग्रुप कैप्टन राजेंद्र नंदा के नेतृत्व में अन्य मिग-21 पैंथर्स फॉर्मेशन में आखिरी बार आसमान में गरजे। इसमें एयरफोर्स की सातवीं फाइटर जेट पायलट प्रिया शर्मा भी मौजूद रहीं।

### मिग-21 की कमी खलेगी

थल सेना अध्यक्ष उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि मिग-21 की विदाई को लेकर भावुक महसूस कर रहा हूं। यह बहुत ताकतवर था। पूर्व वायुसेना अध्यक्ष बीएस धनोआ ने कहा कि मिग 21 ने वायु सेना को बहुत मजबूत बनाए रखा। इसकी कमी खलेगी लेकिन समय के साथ-साथ नए जंगी जहाज भी ताकत बढ़ाएंगे। मिग की ताकत का लोहा दुश्मन भी मानता था और आज तक घबराता था।



### किताबों में सिमटी यादें

मिग-21 विमानों के स्विच ऑफ स्क्वाड्रन के कमांडिंग अफसर एयरफोर्स चीफ को फार्म-700 के रूप में एक बड़ी किताब सौंपी। इसमें विमान की उड़ान से पहले उनकी हर तरह की जांच संबंधी रिपोर्ट और उड़ान के बाद पायलटों की फीडबैक रिपोर्ट शामिल है। यानी मिग-21 की संचालन संबंधी यादें अब इसी किताब में सिमटकर रह जाएंगी।

### 'मेमोरी लेन' का अवलोकन

विमान की पहली स्क्वाड्रन चंडीगढ़ में गठित हुई थी, लिहाजा इसकी विदाई के बाद यहीं एक मेमोरी लेन भी बनाई गई थी, जिससे 1963 से लेकर 2025 तक मिग-21 के अदम्य साहस और शौर्य को प्रदर्शित किया। इसका अवलोकन करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह।



### जासूसी से लेकर युद्ध में दिखाया जलवा



युद्ध के अलावा जासूसी में भी मिग-21 का खूब जलवा रहा। मिग-21 के साथ उन सभी हथियारों और उपकरणों को भी प्रदर्शित किया जिनका उसमें उपयोग किया जाता रहा था।

---

## खबर संक्षेप

### फिलीपींस में आया तूफान, 4 की मौत

**मनीला।** फिलीपींस में एक और उष्णकटिबंधीय तूफान 'बुआलोई' ने दस्तक दी, जिससे अब तक 4 लोगों की मौत हो चुकी है और 4.33 लाख से ज्यादा लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। तूफान ने बिजली गुल कर दी, बाढ़ और भूस्खलन की स्थिति पैदा कर दी, जबकि पहले आए तूफान 'रगासा' से 25 लोगों की जान गई थी। सरकारी एजेंसियां राहत कार्य में जुटी हैं। तूफान बुआलोई लगभग 110 किमी प्रति घंटा की हवाओं के साथ पहुंचा।



### स्लोवेनिया ने नेतन्याहू के प्रवेश पर लगाई रोक

**ब्रातीस्लावा।** 20 लाख की आबादी वाले देश स्लोवेनिया ने इजराइल पीएम नेतन्याहू के देश में प्रवेश पर रोक लगा दी है। इसके लिए उन्होंने अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय (आईसीसी) के उनके खिलाफ जारी गिरफ्तारी वारंट का हवाला दिया गया है। विदेश मंत्रालय की अधिकारी नेवा ग्रासिक ने कहा कि यह फैसला इस बात को दर्शाने के लिए लिया गया है कि स्लोवेनिया अंतरराष्ट्रीय कानून का समर्थन करता है।



---

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल की दो टूक

# तुर्किये के जवाब में भारत ने साइप्रस का मुद्दा उठाया, कहा- यूएन के मुताबिक समाधान हो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तुर्किये के कश्मीर मुद्दा उठाने के जवाब में भारत ने भी साइप्रस का मुद्दा उठाया है। भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने हाल ही में साइप्रस के विदेश मंत्री कॉन्स्टेंटिनोस कोम्बोस से बात की है। इस दौरान उन्होंने साइप्रस विवाद को संयुक्त राष्ट्र (यूएन) नियमों के मुताबिक हल करने की बात कही है। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को साप्ताहिक प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसकी जानकारी दी। दरअसल तुर्किये ने 1974 में साइप्रस के उत्तरी हिस्से पर कब्जा कर लिया था, तब से वहां विवाद की स्थिति बनी हुई है। भारत के शुक्रवार को बयान से तीन दिन पहले तुर्किये के राष्ट्रपति रेसेप तईप एर्दोगन ने यूएन में जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाया था। इस पर जायसवाल ने कहा कि भारत का कश्मीर पर रुख अच्छी तरह से जाना-पहचाना है और यह आंतरिक मामला है। जायसवाल ने शुक्रवार को साप्ताहिक ब्रीफिंग में कई अहम मुद्दों पर स्पष्ट और सख्त बयान दिए।

भारत मध्य अमेरिकी देशों के साथ कई मुद्दों पर काम कर रहा | लोग कानूनी तरीके से विदेश जाएं, झूठे नौकरी के प्रस्तावों से बचें

### जनवरी तक 2417 भारतीय अमेरिका से वापस आए



जायसवाल ने बताया कि इस साल जनवरी से अब तक 2,417 भारतीय अमेरिका से वापस आए। ये लोग सही दस्तावेजों के बिना वहां थे। भारत चाहता है कि लोग कानूनी तरीके से विदेश जाएं। अवैध तरीके से विदेश जाने वालों को रोकने के लिए केंद्र सरकार राज्यों के साथ मिलकर काम कर रही है। लोगों को जागरूक करने और झूठे नौकरी के ऑफर से बचने की सलाह दी गई है।

### 27 भारतीय रूसी सेना में

जायसवाल ने बताया कि 27 भारतीय रूसी सेना काम कर रहे हैं। भारत ने रूस से उनकी रिहाई की मांग की है और उनके परिवारों से बात कर रहा है। भारत ने बार-बार अपने नागरिकों को आगाह किया है कि वे रूसी सेना में भर्ती के प्रस्तावों से दूर रहें, क्योंकि यह जानलेवा और खतरनाक हो सकते हैं।

### सिका से दोस्ती

#### डिजिटल तकनीक, खाद्य सुरक्षा और पर्यावरण पर साथ काम करे

प्रवक्ता ने बताय कि 25 सितंबर को भारत ने सिका (मध्य अमेरिका के देशों) के मंत्रियों से मुलाकात की। भारत इन देशों के साथ डिजिटल तकनीक, फूड सिक्योरिटी और पर्यावरण जैसे मुद्दों पर काम कर रही है। यह दोस्ती ग्लोबल साउथ के बीच एकजुटता के लिए अहम है। उन्होंने क्वाड को एक महत्वपूर्ण मंच बताते हुए कहा कि क्वाड शिखर सम्मेलन परामर्श और सहयोग पर आधारित है। यह मंच हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता और विकास के लिए अहम है। सार्क पर बोलते हुए उन्होंने पाकिस्तान का नाम लिए बिना कहा कि एक देश आतंकवाद के कारण इस मंच को बाधित कर रहा है।

### ईरान में किडनैपिंग का खतरा

*जायसवाल ने कहा कि ईरान में कुछ भारतीयों का अपहरण हुआ है। भारत और ईरान में टूरिज्म के लिए वीजा की जरूरत नहीं पड़ती है, लेकिन नौकरी के लिए यह जरूरी है। कुछ लोग झूठ बोलकर भारतीयों को ईरान नौकरी के लिए भेज रहे हैं। सरकार ने लोगों को ऐसे ऑफर से बचने और सावधान रहने को कहा है।*

### एच-1बी पर नए नियमों से चिंता

*अमेरिका द्वारा एच-1बी वीजा शुल्क बढ़ाने और नए नियम लाने पर भी विदेश मंत्रालय ने चिंता जताई। प्रवक्ता ने कहा कि भारत ने हमेशा इस बात पर जोर दिया है कि कुशल प्रतिभा की गतिशीलता और आदान-प्रदान ने अमेरिका और भारत दोनों में तकनीकी विकास, नवाचार और आर्थिक वृद्धि में बड़ी भूमिका निभाई है। मंत्रालय ने कहा कि इस मामले पर भारत लगातार अमेरिकी प्रशासन और उद्योग से संपर्क में है।*

---

भारत-यूएस में जल्द होगी डील

# लाभकारी समझौते को जल्द ही देंगे अंतिम रूप, दोनों वार्ता जारी रखेंगे



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई है। इस दौरान दोनों पक्षों ने पारस्परिक रूप से लाभकारी समझौते को जल्द ही अंतिम रूप देने के लिए वार्ता जारी रखने का फैसला किया। वाणिज्य मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के नेतृत्व में अमेरिका गया भारतीय प्रतिनिधिमंडल तीन दिनों के दौरे के बाद 24 सितंबर को स्वदेश लौट आया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने अमेरिकी सरकार के अधिकारियों के साथ समझौते के संभावित स्वरूप को लेकर रचनात्मक बातचीत की। मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्षों ने समझौते की संभावित रूपरेखा पर विचारों का आदान-प्रदान किया और पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार समझौते को शीघ्र पूरा करने के लिए बातचीत जारी रखने का निर्णय लिया गया।

### निवेश बढ़ाने पर की चर्चा

बयान के मुताबिक, अपनी यात्रा में गोयल ने अमेरिका की व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) जेमीसन ग्रीयर और भारत के लिए अमेरिका के नामित राजदूत सर्जियो गोर से भी मुलाकात की। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने अमेरिका के प्रमुख उद्योगपतियों एवं निवेशकों से भी दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश बढ़ाने के मुद्दे पर चर्चा की। मंत्रालय ने बताया कि इन बैठकों में सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिली और कारोबारी दिग्गजों ने भारत की वृद्धि गाथा पर भरोसा जताते हुए भारत में अपनी कारोबारी गतिविधियों को बढ़ाने की इच्छा प्रकट की।

### » इटली ने एफटीए का किया समर्थन

संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के सत्र के दौरान इटली के उप पीएम और विदेश मंत्री एंटोनियो ताजानी ने भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से मुलाकात की। इस बैठक में ताजानी ने भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को जल्द से जल्द अंतिम रूप देने के लिए इटली के मजबूत समर्थन की पुष्टि की। ताजानी ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (एक्स) पर पोस्ट करते हुए इस मुलाकात को महत्वपूर्ण बताया और कहा कि वह आने वाले महीनों में भारत का दौरा करेंगे।

---

ट्रंप के सहयोगी हंगरी के पीएम बोले

# रूसी तेल का इस्तेमाल बंद करने से हमारी अर्थव्यवस्था बर्बाद हो जाएगी

एजेंसी ▶▶ बुडापेस्ट



हंगरी के पीएम विक्टर ओर्बन ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा रूसी तेल और गैस की खरीद रोकने की मांग किए जाने के बावजूद उनका देश रूस से जीवाश्म ईंधन खरीदना जारी रखेगा।

ओर्बन ने अपने सहयोगी देश अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप को बताया कि रूसी ऊर्जा पर रोक लगाना हंगरी की अर्थव्यवस्था के लिए 'विनाशकारी' होगा। फरवरी 2022 में यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद यूरोप के ज्यादातर देशों ने रूसी तेल और गैस की खरीद बंद कर दी है लेकिन हंगरी उन देशों में शामिल है, जो अब भी रूस से तेल और गैस खरीद रहा है। ट्रंप ने इस महीने की शुरुआत में हंगरी समेत नाटो के सभी देशों से अपील की थी कि वे रूसी तेल की खरीद बंद करें। ओर्बन ने कहा कि मैंने अमेरिकी राष्ट्रपति से कहा है कि यदि हंगरी को रूसी तेल और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति नहीं मिली तो एक मिनट के भीतर ही हंगरी की अर्थव्यवस्था प्रभावित होने लगेगी।

---

पाक की किरकिरी: शहबाज-मुनीर से मुलाकात से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस करते रहे ट्रंप

# 30 मिनट इंतजार कराया, फोटो-वीडियो तक जारी नहीं किया

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ और आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने गुरुवार देर रात अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात की। बैठक से पहले ट्रंप ने शहबाज को करीब 30 मिनट तक इंतजार कराया। इस दौरान ट्रंप प्रेस कॉन्फ्रेंस करते रहे। दरअसल पाक पीएम रात करीब 2 बजे व्हाइट हाउस पहुंचे थे। उस वक्त ट्रंप कार्यकारी आदेशों पर साइन कर रहे थे और पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान शहबाज व्हाइट हाउस में ही ट्रंप का इंतजार करते रहे। बाद में दोनों के बीच करीब 1 घंटा 20 मिनट तक बैठक चली। यह मुलाकात व्हाइट हाउस में बंद कमरे में हुई। इस मीटिंग से मीडिया को दूर रखा गया। व्हाइट हाउस की तरफ से ट्रंप और शरीफ-मुनीर की बातचीत को लेकर कोई तस्वीर या वीडियो अब तक जारी नहीं की गई है। अमूमन अमेरिकी राष्ट्रपति जब किसी विदेशी नेता से मिलते हैं, तो व्हाइट हाउस आधिकारिक तस्वीरें जारी करता है।

*मुलाकात व्हाइट हाउस में बंद कमरे में हुई*

*इस मीटिंग से मीडिया को दूर रखा गया*



### अमेरिका ने कराया सीजफायर

पाकिस्तान ने स्वीकार किया है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के साथ युद्धविराम कराने में अमेरिका ने मदद की थी। पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ और फील्ड मार्शल सैयद असीम मुनीर ने डोनाल्ड ट्रंप के साथ बातचीत में यह बात सामने आई। पाकिस्तान ने ट्रंप के नेतृत्व की सराहना की और उन्हें पाकिस्तान आने का निमंत्रण दिया। पाकिस्तान के पीएम कार्यालय के मुताबिक, इस बैठक में अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वैंस और विदेश मंत्री मार्को रूबियो शामिल थे।

### ट्रंप शांति पुरुष

पाक पीएम कार्यालय के एक बयान के अनुसार, छह साल में व्हाइट हाउस का दौरा करने वाले पहले पाकिस्तानी पीएम शहबाज ने ट्रंप को दुनिया भर में संघर्षों को समाप्त करने के उनके ईमानदार प्रयासों के लिए 'शांति पुरुष' बताया और पाकिस्तान और भारत के बीच संघर्ष विराम कराने में उनके साहसी और निर्णायक नेतृत्व की सराहना की।

### हम लेट हो गए

ट्रंप ने पाकिस्तान के पीएम शरीफ और फील्ड मार्शल से मुलाकात से पहले ओवल ऑफिस में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा, वो आ रहे हैं, और हो सकता है कि वो अभी इसी कमरे में हों। मुझे नहीं पता, क्योंकि हम लेट हो गए हैं।

## हाईकोर्ट ने दिए निर्देश, 490 याचिकाओं पर दिया फैसला

# राज्य के 10 हजार होमगार्ड्स को राहत, कॉल ऑफ की विवशता खत्म

जबलपुर।

राज्य में कार्यरत होमगार्ड्स के लिए राहत भरी खबर है। मप्र हाईकोर्ट ने होमगार्ड्स को कॉल ऑफ की नाम पर साल में दो माह बैठाने के नियम को असंवैधानिक करार देकर निरस्त कर दिया। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने प्रदेश के 490 होमगार्ड जवानों की याचिकाओं पर शुक्रवार को यह फैसला सुनाया। कोर्ट ने सभी होमगार्ड जवानों को पूरे वर्ष कार्य पर रखे जाने के निर्देश दिए। कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को दिए गए कॉल ऑफ की अवधि का भुगतान भी करने के निर्देश दिए। राज्य के होमगार्ड्स द्वारा व्यक्तिगत रूप से करीब 490 याचिकाएं हाईकोर्ट में दायर की गई थी। इनमें कॉल ऑफ प्रक्रिया एवं उससे संबंधित प्रावधान को असंवैधानिक घोषित करने की मांग की गई थी। होमगार्ड्स की ओर से अधिवक्ता विकास महावार ने कोर्ट को बताया कि 1948 में आपातकाल में पुलिस की सहायता हेतु एक स्वयंसेवी संगठन की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए होमगार्ड एक्ट 1947 बनाया गया । साथ ही होमगार्ड संगठन का गठन हुआ। 1962 के पश्चात संगठन से आपातकालीन के अलावा नियमित सेवायें ले जाने लगी। इसका पुनर्गठन कर सैद्धांतिक रूप से नियमित कर दिया गया । तर्क दिया गया कि 1962 से होमगार्ड नियमित रूप से अपनी सेवाएं दे रहे है। लेकिन उन्हें हर वर्ष 2- 3 माह के लिए कॉल ऑफ कर दिया जाता था। जबकि संगठन के अधिकारियों को नियमित कर पूरे वर्ष कार्य दिया जाता था ।

इस भेदभाव पूर्ण रवैये की शिकायत के बाद 2008 में मानव अधिकार आयोग ने विस्तृत जांच की। राज्य शासन को कॉल ऑफ प्रक्रिया खत्म करने की अनुशंसा की। आयोग की अनुशंसा पर कोई कार्यवाही शासन द्वारा नहीं की गई, इस पर होमगार्ड संगठन द्वारा याचिका प्रस्तुत की गई। वर्ष 2011 में हाईकोर्ट ने शासन को नए विधान बनाने हेतु आदेशित कर स्पष्ट रूप से कॉल ऑफ समाप्त करने हेतु आदेश दिए गए। उक्त आदेश के विरुद्ध शासन द्वारा अपील एवं सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दायर की गई , परंतु वह आदेश यथावत रहा।



इसी दौरान न्यायालय के निर्देशानुसार कमेटी का गठन किया गया एवं फिर से वर्ष में २ माह का कॉल ऑफ का प्रावधान रखा गया । जबकि कॉल ऑफ प्रक्रिया उच्च न्यायालय ने समाप्त कर दी थी। इसके विरुद्ध यह याचिकाएं प्रतीत की गई । याचिकाओ के लंबित रहते शासन ने नियम में बदलाव कर 3 वर्ष में 2 माह का कॉल ऑफ का प्रावधान किया । इसे भी न्यायालय में चुनौती दी गई। अधिवक्ता विकास महावर द्वारा कॉल ऑफ प्रक्रिया को संविधान के विपरीत बताते हुए निरस्त करने की मांग की। शासन द्वारा याचिकाओं पर आपत्ति ली गई एवं कहा गया कि होमगार्ड संगठन एक स्वयंसेवी संगठन है। इन्हें पूरे वर्ष कार्य पर नहीं रखा जा सकता । विस्तृत सुनवाई के बाद कोर्ट ने कॉल ऑफ प्रक्रिया समाप्त करने के आदेश दिए।

## धड़ से सिर और पंजा काटकर हत्या करने पर उम्रकैद

**-तिलवारा का बहुचर्चित मामला, अदालत ने जुर्माना भी लगाया**
**-बहन से प्रेम विवाह करने पर वारदात को दिया गया था अंजाम**
**-हत्या के बाद बोरे में गर्दन रखकर जा रहा था पुलिस थाने**

**जबलपुर।** जिला अदालत ने धड़ से गर्दन व पंजा काटकर एक युवक की निर्मम हत्या करने के आरोपी जबलपुर निवासी धीरज उर्फ मिंटू शुक्ला का दोष सिद्ध पाया। अपर सत्र न्यायाधीश संजोग सिंह वाघेला की अदालत ने आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। तीन हजार रुपये जुर्माना भी लगाया।अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक बबिता कुल्हारा नागदेव ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि आरोपी अपनी बहन के विजेत कश्यप से प्रेम विवाह किए जाने से नाराज था। इसीलिए उसने विजेत की हत्या कर दी। यही नहीं मृतक की गर्दन को बोरी में रखकर थाने की ओर निकल पड़ा था। 11 मार्च 2021 की सुबह ग्राम रमनगरा तिलवारा निवासी आरोपी धीरज उर्फ मिंटू शुक्ला ने सुबह नौ बजे अपने छत से विजेत कश्यप को बाड़ी के पीछे देख लिया। आरोपी अपनी बहन के प्रेम विवाह करने से हुई बेईज्जती को लेकर विजेत से नफरत करता था। इसी वजह से वह लकड़ी के बेंत लगे जरहा हंसिया से विजेत पर हमला करने पहुंचा, जिसे देखकर विजेत खेत की ओर पहुंचा। जिसके बाद मिंटू ने पीछे से वार किया और उसके बाद सामने से कई वार किए जिससे विजेत की गर्दन धड़ से अलग हो गई। इसके बाद आरोपी ने मृतक के दोनों हाथों के पंजे भी काट दिए, जिसमें एक पंजा कट गया, दूसरा शरीर पर ही लटका रह गया। इसके बाद वह मृतक की मुंडी को बोरी में रखकर थाने जा रहा था कि रास्तें में ही पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया।

## जिले में नरवाई जलाने पर प्रतिबंध

जबलपुर। जिला दण्डाधिकारी एवं कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने कृषि भूमि को होने वाले नुकसान और पर्यावरण को पहुंचने वाली क्षति के मद्देनजर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 के प्रावधानों के तहत एक आदेश जारी कर जिले में नरवाई जलाने पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है। आदेश में धान फसल की कटाई में प्रयुक्त किये जा रहे कम्बाइन्ड हार्वेस्टर के साथ भूसा तैयार करने के लिये स्ट्रा रीपर को रखना भी अनिवार्य किया गया है। प्रतिबंधात्मक आदेश में कहा गया है कि फसल कटाई का कार्य मुख्यतः कम्बाइन्ड हार्वेस्टर द्वारा किया जाता है और कटाई के बाद बचे हुए डंठलों (नरवाई) से भूसा न बनाकर इसे जलाया जाता है। जबकि भूसे का उपयोग पशु आहार के साथ ही अन्य उद्योग में किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त भूसे एवं चारा की मांग अन्य जिलों और प्रदेश में रहती है। पर्याप्त मात्रा में भूसा पैरा उपलब्ध न होने के कारण पशु अन्य हानिकारक पदार्थ जैसे पॉलिथीन इत्यादि खाकर बीमार होते हैं और अनेक बार मृत्यु के कारण पशुधन की हानि भी होती है। नरवाई का भूसा कुछ माह बाद दोगुनी दर पर विक्रय होने के कारण किसानों को यही भूसा बढ़ी हुई दर पर क्रय करना पड़ता है। आदेश में उल्लेख किया गया है कि नरवाई एवं पैरा में आग लगाना कृषि के लिए नुकसानदायक होने के साथ ही पर्यावरण की दृष्टि से भी हानिकारक है। इसके कारण गंभीर स्वरूप की अग्नि दुर्घटना होने से संपत्ति की हानि भी होती है।



## उमरिया हाईटेक गौशाला निर्माण और नवरात्रि विसर्जन व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

**जबलपुर।** नगर निगम द्वारा उमरिया स्थित हाईटेक गौशाला का निर्माण कराया जा रहा है, जिसका निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने तकनीकी अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने निर्माण कार्य की प्रक्रिया को गति देने के निर्देश दिए और अधिकारियों से नक्शे और तकनीकी पहलुओं पर चर्चा की। गौशाला में सुन्दर तालाब, प्लांटेशन, कैफेटेरिया और आकर्षक विद्युत साज-सज्जा की जाएगी। निगमायुक्त ने कहा कि यह निर्माण शहर की यातायात व्यवस्था और स्वच्छता अभियान को सुगम बनाने में सहायक होगा।साथ ही, नवरात्रि पर्व के उपरांत दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान सभी आवश्यक व्यवस्थाओं की भी देख-रेख की गई। हनुमानताल तालाब और अन्य विसर्जन कुण्डों का निरीक्षण करते हुए निगमायुक्त ने अधिकारियों को सुरक्षा, सावधानी और सफाई व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने खुद घाटों की धुलाई का कार्य भी देखा और अधिकारियों से कहा कि दुर्गा समितियों के सदस्यों के साथ समन्वय स्थापित कर विधिपूर्वक और सुरक्षित विसर्जन सुनिश्चित किया जाए। इस मौके पर अपर आयुक्त व्ही.एन. बाजपेयी, अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, सहायक यंत्री अनिकेत गोरैया, कार्यपालन यंत्री शैलेन्द्र मिश्रा सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।



## विदा ले रहा मानसून बिखेर रहा बौछारें

**जबलपुर।** विदा ले रहा मानसून सत्र शहर को तरबतर कर रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक विदर्भ और पूर्वी म.प्र. के ऊपर बने चक्रवात की वजह से गुरुवार को सुबह और रात में बूंदाबांदी चलती रही. मौसम चक्र के मुताबिक अब मानसून सत्र के महज 4 दिन शेष बचे हैं। इसके बाद की बारिश की गणना बेमौसम में होगी।

**मानूसन सत्र के चार दिन शेष**

### अगले दो-तीन दिन तक ऐसा ही रहेगा मौसम

स्थानीय मौसम विज्ञान विभाग के प्रवक्ता के अनुसार महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ के ऊपर हवा के कम दबाव का क्षेत्रफल बना हुआ है। जिसके कारण बादल आ रहे हैं और बारिश हो रही है। अगले एक-दो दिनों तक मौसम ऐसे ही रहेगा। मानसून अब लौट रहा है। जाते-जाते दो'-चार दिन और बारिश होगी फिर शीत ऋतु का आगाज होगा। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 32.07 डिग्री सेल्सियस सामान्य और न्यूनतम तापमान 24.02 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। हवा में नमीं प्रातःकाल 90 प्रतिशत और सायंकाल 79 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 6.01 मिनिट पर और सूर्यास्त सायं 6.02 बजे हुआ। पिछले 24 घंटों के दौरान 6.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई।

### अब तक 48 इंच वर्षा दर्ज

1 जून से अब तक कुल वर्षा 1175 मिमी (लगभग 48 इंच) दर्ज की जा चुकी है। जबकि गत वर्ष आज के दिन 3.0 मिमी वर्षा हुई थी और कुल वर्षा 1460 मिमी दर्ज की जा चुकी थी। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 32.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24.1 डिग्री दर्ज किया गया था। उत्तर पूर्वी हवाएं 4 से 5 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली। अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ पानी की बौछारें पड़ सकती हैं।

## रीवा-हडपसर-रीवा के मध्य एक-एक ट्रिप स्पेशल ट्रेन

**जबलपुर।** रेल प्रशासन द्वारा त्यौहारों पर यात्रियों को बेहतर सुविधा प्रदान करने हेतु सदैव प्रयासरत रहता है। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल ने दिवाली एवं छठ पूजा त्यौहारों के अवसर पर अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने एवं यात्रियों की सुविधा के लिए गाड़ी संख्या 01751/01752 रीवा-हडपसर-रीवा के मध्य एक-एक ट्रिप एक्सप्रेस स्पेशल फेयर पर स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। इस स्पेशल ट्रेन में वातानुकूलित श्रेणी, शयनयान श्रेणी एवं सामान्य श्रेणी के कोचेस रहेंगे। यह स्पेशल ट्रेन दोनों दिशाओं में सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, इटारसी, हरदा, खण्डवा, भुसावल, मनमाड, कोपरगाँव, बेलापुर, अहिल्यानगर जंक्शन एवं दौड़ कॉर्ड लाइन हाल्ट लेकर गन्तव्य को जाएगी। रेलयात्री किसी भी कंप्यूटरीकृत आरक्षण केन्द्र या ऑनलाइन आईआरसीटीसी की वेबसाइट से इस स्पेशल ट्रेन की आरक्षण सुविधा का लाभ उठा सकते है।



## राटुविवि में 19वें दिन भी काम-काज रहा ठप्प

### परीक्षा, पंजीयन, प्रवेश और प्रमाणपत्र के काम अटके

जबलपुर।

रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय (रादुविवि) में शैक्षणेत्तर कर्मचारियों की हड़ताल ने छात्रों की पढ़ाई और भविष्य को गहरे संकट में डाल दिया है। शुक्रवार को हड़ताल को 19 दिन पूरे हो गए, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल सका है। विश्वविद्यालय का अधिकांश प्रशासनिक कामकाज ठप होने से परीक्षा, पंजीयन, प्रवेश और प्रमाणपत्र संबंधी कार्य अटक गए हैं। अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह पटेल द्वारा आंदोलन स्थगित किए जाने का कोई प्रभाव नहीं दिखा, बल्कि कर्मचारियों में अध्यक्ष के खिलाफ आक्रोश देखा गया।

विश्वविद्यालय के विभिन्न कार्यालयों में छात्र रोजाना कतारों में लगते हैं, लेकिन कर्मचारियों की गैरहाजिरी के चलते हर बार निराश होकर लौट जाते हैं। कई विभागों में आगामी परीक्षाओं के लिए पंजीयन रुक गया है। पढ़ाई पूरी कर चुके छात्र उच्च शिक्षा और नौकरी में आवेदन नहीं कर पा रहे हैं। नए दाखिले की प्रक्रिया भी बाधित हो गई है, जिससे सैकड़ों छात्रों का भविष्य अधर में लटक गया है।



### छात्रों की व्यथा

छात्रों का कहना है कि इस हड़ताल ने उनकी पढ़ाई को चौपट कर दिया है। प्रतियोगी परीक्षाओं में आवेदन करने के लिए डिग्री व प्रमाणपत्र लेने आए छात्रों का कहना है कि यदि समय पर कागज नहीं मिले तो उनकी सालभर की मेहनत पर पानी फिर सकता है।

### समाधान की राह अब भी मुश्किल

कर्मचारियों का कहना है कि जब तक उनकी 20 सूत्रीय मांगें पूरी नहीं हो जातीं, तब तक कार्य बहिष्कार जारी रहेगा। दूसरी ओर, विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि वार्ता और प्रयास लगातार जारी हैं, लेकिन फिलहाल गतिरोध खत्म होता नहीं दिख रहा।

हड़ताल के दौरान धरना प्रदर्शन किया गया, जिसमें कर्मचारी संघ के महासचिव राजेंद्र शुक्ल, डॉ हरेकृष्ण पांडे, डॉ.संजय तिवारी, प्रेमप्रकाश पुरोहित, वीरेंद्र कुमार तिवारी, प्रभात श्रीवास्तव, घनश्याम तिवारी, सौरभ पटैल, रजनीश पांडे, जयशंकर पांडे, राजेंद्र कनौजिया, बैसाखू, संजय यादव, आदि उपस्थित रहे।

## भाजपा मंडल अध्यक्ष की मां चेन स्नेचिंग की शिकार

### मंदिर जाते समय ढाई तौला सोने की चेन लूटकर भागे बाईकर्स

जबलपुर।

शहर में चेन स्नेचिंग की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। शुक्रवार सुबह भाजपा सुभाषचंद्र बोस मंडल अध्यक्ष अमित राय की मां अनुसुईया राय चेन स्नेचिंग की शिकार हो गईं। घटना उस समय हुई जब वह जयप्रकाश नगर स्थित दुर्गा मंदिर दर्शन के लिए जा रही थीं।

प्राप्ता जानकारी के अनुसार घटना सुबह करीब 6.25 बजे की है। अनुसुईया राय मंदिर के पास लक्ष्मी शुक्ला के मकान के सामने पूजा के लिए फूल तोड़ रही थीं। तभी काले रंग की मोटरसाइकिल पर दो अज्ञात युवक वहाँ पहुंचे। बाइक चलाने वाला युवक हेलमेट लगाए था, जबकि पीछे बैठे युवक ने अपना चेहरा सफेद गमछे से ढक रखा था। पीछे बैठे युवक ने झपट्टा मारकर महिला के गले से लगभग 25 ग्राम की सोने की चेन खींच ली और तेज रफ्तार से भाग निकले। जिसकी कीमत लगभग ढाई लाख रुपए बताई गई है।



घटना की जानकारी मिलते ही भाजपा नेता और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में अधारताल थाने पहुँचे और शिकायत दर्ज कराई। मंडल अध्यक्ष अमित राय ने पुलिस को पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की।

पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके। अधारताल थाना पुलिस का कहना है कि जल्द ही लुटेरों को पकड़ा जाएगा।

### सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

घटना ने एक बार फिर शहर की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। सुबह के समय जब लोग मंदिर और बाजार जाते हैं, उस समय भी लुटेरे बेखौफ घूम रहे हैं। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाई जाए और चेन स्नेचिंग जैसी वारदातों पर सख्त कार्रवाई की जाए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 304 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## विसर्जन स्थलों पर होमगार्ड और एसडीईआरएफ की टीम तैनात

**जबलपुर।** दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान सतर्कता के बतौर होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ की अलग-अलग टीमों का गठन कर विसर्जन स्थलों पर तैनात किया गया है। ऐसी कुल 11 टीमें गठित की गई है और किसी भी तरह के हादसे की स्थिति में राहत एवं बचाव कार्य संचालित करने के लिए इन्हें बचाव के सभी आवश्यक उपकरणों से लेस किया गया है। होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ की प्रत्येक टीम के लिए एक-एक प्रभारी अधिकारी की नियुक्ति भी की गई है। प्लाटून कमांडर होमगार्ड पुष्पेन्द्र अहिरवार को सभी टीमों के बीच समन्वय का दायित्व सौंपा गया है। डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट नीरज सिंह द्वारा इस संबंध में जारी आदेश के मुताबिक भिटौली स्थित विसर्जन कुंड पर होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ के 9 जवानों को तैनात किया गया है। प्लाटून कमांडर मनीष लोहट एवं हवलदार अनुदेशक मातवर सिंह पटेल को इस दल का प्रभारी अधिकारी बनाया गया है। इसी प्रकार गौरीघाट स्थित विसर्जन स्थल पर सैनिक पतिराम मरावी के अधीन 4 जवानों को, तिलवारा स्थिति विसर्जन कुंड पर प्लाटून कमांडर पुष्पेन्द्र अहिरवार एवं कैलाश सिंगारे के अधीन होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ के 8 जवानों को तैनात किया गया है।

## सूचना के अधिकार आदेश की हो रही अव्हेलना!

जबलपुर।

राज्य सूचना आयोग ने थाना माढ़ोतल, जिला जबलपुर के एक मामले में गंभीर रुख अपनाते हुए सहायक लोक सूचना अधिकारी एवं थाना प्रभारी पर सख्ती दिखाई है। आयोग ने आदेश दिया है कि उन्हें सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 20(1) के तहत 25,000 का जुर्माना अथवा धारा 20(2) के अंतर्गत अनुशासनात्मक कार्यवाही का सामना करना पड़ सकता है।

प्रकरण के अनुसार, शिकायतकर्ता भैयालाल साहू ने 19 फरवरी 2024 को थाना माढ़ोतल के बंदीगृह और प्रवेश द्वार को कवर करने वाले सीसीटीवी कैमरों की वीडियो रिकॉर्डिंग की मांग की थी। उनकी द्वितीय अपील (क्रमांक ए–3259/2024) पर राज्य सूचना आयोग ने 11 अप्रैल 2025 को स्पष्ट आदेश जारी करते हुए सूचना उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे।

आदेश का पालन न करने को आयोग ने अधिनियम की धारा 19(7) का उल्लंघन माना है।

22 अगस्त 2025 को हुई सुनवाई में शिकायतकर्ता भैयालाल साहू ऑनलाइन उपस्थित रहे, जबकि पुलिस की ओर से सब इंस्पेक्टर निलेश पोर्ते पेश हुए। भैयालाल साहू ने आयोग को बताया कि आदेश के बावजूद उन्हें अभी तक सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध नहीं कराया गया है और इसके लिए जिम्मेदार अधिकारी पर जुर्माना एवं अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग की।

पुलिस प्रतिनिधि ने 26 अगस्त 2025 को आयोग को अवगत कराया कि थाना परिसर में 13 कैमरे लगे हैं और किस कैमरे की फुटेज चाहिए, इसकी जानकारी शिकायतकर्ता से मांगी गई थी। शिकायतकर्ता की अनुपस्थिति एवं कैमरों की सटीक जानकारी न दिए जाने के कारण फुटेज उपलब्ध नहीं कराई जा सकी।

अब आयोग ने सहायक लोक सूचना अधिकारी निलेश दोहरे को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर जवाब तलब किया है कि आदेश का पालन क्यों नहीं किया गया। यदि संतोषजनक जवाब नहीं मिला तो 25,हजार का जुर्माना या अनुशासनात्मक कार्यवाही की सिफारिश की जा सकती है।

### मेयर इन काउंसिल की हुई बैठक

## पीएम आवास परियोजनाओं और शहर विकास पर लिए बड़े निर्णय

**जबलपुर।** महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू की अध्यक्षता में नगर निगम कार्यालय के महापौर कक्ष में मेयर इन काउंसिल की बैठक आयोजित हुई। बैठक में शहर विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को सर्वसम्मति से स्वीकृति दी गई। बैठक में मुख्य रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत परसवाड़ा और भटौली स्थलों पर रूकी हुई परियोजनाओं को पूर्ण करने के लिए भवनों को यथास्थिति (जहाँ हैं जैसा है) के आधार पर व्ययन/विक्रय करने और परियोजना के शेष रिक्त भूमि पर आवासीय एवं व्यवसायिक प्लाटिंग करने का निर्णय लिया गया। इससे परियोजनाओं की पूर्णता के लिए समुचित वित्तीय प्रबंधन सुनिश्चित होगा।

बैठक में कई अन्य महत्वपूर्ण प्रस्ताव भी पेश किए गए और सर्वसम्मति से स्वीकृत हुए, जिनमें दमोहनाका पीली बिल्डिंग में निगम द्वारा तोड़े गए मकानों के मुआवजे की योजना, ग्राम कठौंदा में अस्थाई रूप से एक दुकान के लिए लीज के तहत भूमि आवंटन, महर्षि महेश योगी वार्ड के पुष्पक नगर उद्यान को अब "नमो उद्यान" के नाम से जाना जाना, गुप्तेश्वर मंदिर परिसर में महर्षि जाबालि ऋषि की दिव्य और भव्य प्रतिमा की स्थापना, राईट टाउन प्रेम मंदिर क्षेत्र के चौराहा और मार्ग का नाम राजा बहादुर सिंह "राजा भैया" के नाम से, विजय नगर में एच.पी. कॉलेज के निकट स्थित चौराहा का नाम सिद्धि विनायक चौक, एकता चौक से परोहा बिल्डिंग पुलिया तक जाने वाले मार्ग का नाम महाराजा अग्रसेन मार्ग, तथा अंजूमन स्कूल और सरकार अस्पताल के बीच स्थित चौराहा का नाम बंगाली क्लब चौक और वहां से करमचंद चौक तक मार्ग का नाम बंगाली क्लब मार्ग रखने के निर्णय शामिल हैं



महापौर श्री अन्नू ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि संबंधित कार्यों की स्वयं निगरानी और नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करें। किसी भी प्रकार की अनियमितता या शिकायत मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में मेयर इन काउंसिल के सदस्य डॉ. सुभाष तिवारी, विवेकराम सोनकर, श्रीमती अंशुल राघवेन्द्र यादव, श्रीमती रजनी कैलाश साहू, दामोदर सोनी, निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार, अपर आयुक्त वित्त प्रशांत गोटिया, सहायक आयुक्त श्रीमती अंकित बर्मन, शिवांगी महाजन, पीएम आवास योजना के नोडल अधिकारी सुनील दुबे, स्वच्छता सेल के सहायक नोडल अधिकारी एवं सहायक यंत्री अभिनव मिश्रा, उद्यान अधिकारी आलोक शुक्ला, मेयर इन काउंसिल सचिव के.सी. पाण्डेय, उपयंत्री अमन तिवारी, और श्रीमती दीप्ति भनारिया उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### युवक ने फांसी लगाई

**जबलपुर**। संजीवनीनगर थाना अतंर्गत नवनिवेश कालोनी संजीवनीनगर में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। आत्महत्या का कारण अज्ञात है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। संजीवनीनगर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार नवनिवेश कालोनी निवासी 41 वर्षीय सौरभ नामदेव गत शाम लगभग 6 बजे अपने ऊपर के कमरे में गया और शुक्रवार की सुबह उसके पिता रामदास नामदेव ने देखा कि सौरभ ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

### सूने मकान का ताला तोड़कर जेवर ले गए चोर

**जबलपुर**। संजीवनीनगर थाना अतंर्गत जसूजा सिटी फेस 1 धनवंतरीनगर में एक सूने घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर सोने के जेवर और लॉकर तोड़कर चोरी कर ले गए। संजीवनीनगर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार मकान नंबर बी 115 जसूजा सिटी फेस 1 धनवंतरीनगर निवासी 48 वर्षीय अनिल जगवानी की पत्नी का स्वास्थ्य खराब होने से गत रात 8 बजे घर पर ताला लगाकर और अपनी बेटियों को रिश्तेदार के घर छोड़कर, पत्नी को कार से नागपुर लेकर गया था। जहां से दूसरे दिन रात 8 बजे घर वापस आए और मेन गेट का ताला खोलकर अंदर गए तो उनके होश उड़ गए, घर के दरवाजे का सेन्ट्रल लॉक एवं ताला टूटा था। अंदर जाकर देखा अलमारी के लॉकर में रखी सोने की अंगूठी दो ग्राम एवं एक मंगलसूत्र वजनी आधा तोला का एवं लॉकर तोड़कर चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 331(4), 305(ए) बी एन एस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### दीवार बनाने के विवाद पर पिता पुत्र ने की मारपीट

**जबलपुर**। शहपुरा थाना अतंर्गत मालकछार में दीवाल बनाने से मना करने पर एक पिता पुत्र ने एक युवक के साथ गालीगलौज व मारपीट कर कुल्हाड़ी के बेत से हमला कर जमीन पर पटक दिया, जिससे युवक घायल हो गया। शहपुरा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार मालकछार निवासी 28 वर्षीय राजेश मल्लाह शुक्रवार की सुबह 7 बजे अपने मकान के पीछे की दीवाल बना रहा था, उसकी समय पड़ोसी राजेश बसोर आया और मेरी जमीन है कहते हुए दीवाल बनाने से मना किया जब उसने बोला कि मेरे हिस्से की जमीन है, तो इसी बात पर राजेश बसोर गाली गलोज करने लगा और उसका बेटा दोनों मिलकर राजेश मल्लाह के साथ झूमाझपटी करने लगे। राजेश ने कुल्हाड़ी के बेत से मारपीट की तथा दोनों ने उसे जमीन पर पटक दिया जिससे उसके सिर, पीठ, दोनों पैर में चोटें आ गई है। पुलिस ने आरोपी पिता पुत्र के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 118(1), 351(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### डेयरी व्यवसायी पर चाकू व डंडे से जानलेवा हमला

**जबलपुर**। अधारताल थाना अतंर्गत वृंदावन डेयरी संचालक के भाई द्वारा शिकायत कराने से नाराज बदमाशों ने डेयरी व्यवसायी पर डंडों और चाकू से जानलेवा हमला कर घायल कर दिया, घायल अवस्था में उसे विक्टोरिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधारताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार नेता कालोनी अधारताल निवासी 43 वर्षीय दूध व्यापारी ओमप्रकाश सिंह कुशवाहा गत शाम लगभग 7.10 बजे अपने घर से दूध लेकर वृंदावन डेयरी गया था जहां कमलेश पटैल, प्रिंस पटैल एवं प्रियांशु पटैल अपने एक साथी के साथ मिले और पुरानी रंजिश पर गालियां देते हुए उसके भाई जयप्रकाश द्वारा कराई गई रिपोर्ट से नाराजगी जाहिर करते हुए जान से मारने की नीयत से कमलेश पटैल ने डंडे से और प्रिंस पटैल एवं प्रियांशु पटैल ने चाकू से प्राणघातक हमला कर घायल कर दिया। वहीं एक अन्य ने उसके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 109, 351(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## शक्ति की भक्ति के रंग में 'अभिव्यक्ति गरबा-2025' का आयोजन

# पंखिड़ा तू..., राम जी की निकली सवारी..., महाकाली मां कल्याणी माँ...




**हरिभूमि जबलपुर।**

श्री राम ग्रुप जबलपुर में गुरुवार को शक्ति की भक्ती के रंग में 'अभिव्यक्ति गरबा-2025' का आयोजन किया गया। गरबा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद आशीष दुबे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक अभिलाष पांडेय, वरिष्ठ पत्रकार आशीष शुक्ला संचालक-यशभारत के साथ श्री राम कॉलेज के संस्थापक एवं डायरेक्टर आर. करसोलिया, सोनम करसोलिया ने दीप प्रज्जवलित कर अभिव्यक्ति गरबा-2025 का शुभारंभ किया। इस दौरान अतिथियों को शॉल-श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह देकर उनका स्वागत किया गया। तत्पश्चात कृष्णा कला केंद्र द्वारा प्रशिक्षित विद्यार्थियों ने महाआरती कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस गरबा कार्यक्रम में प्रशिक्षित विद्यार्थियों ने तीन ताली गरबा, डाकला, जोड़ी रास गरबा एवं कपल डांडिया जैसे नृत्य कला का खूबसूरत प्रदर्शन किया। इस दौरान श्री राम कॉलेज के विद्यार्थियों ने नवरंग डांडिया ग्रुप के द्वारा प्रस्तुत भजनों पंखिड़ा तू..., राम जी की निकली सवारी..., महाकाड़ी रे कल्याणी रे माँ... आदि पर अपनी शानदार प्रस्तुति दी। इस दौरान गरबा प्रांगण सतरंगी रोशनी से सराबोर रहा। श्री राम कॉलेज के प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने परंपरागत परिधानों को धारण कर जोश और उत्साह के साथ गरबा में भाग लिया। इस गरबा कार्यक्रम में निर्णायक का दायित्व श्रीकच्छ गुर्जर क्षत्रिय समाज से डिंपल टांक, भूपेश चौहान, यामिनी परमार एवं श्री राम कॉलेज के प्राध्यापकों के द्वारा किया गया। अंत में विजयी प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। श्री राम कॉलेज द्वारा आयोजित अभिव्यक्ति गरबा-2025 का फेसबुक एवं यूट्यूब पर लाइव प्रसारण भी हुआ। मंच संचालन प्रो. राहुल पाठक द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री राम कॉलेज के डॉ. एलके पटेल, डॉ. वायएम दुबे, डॉ. प्रदीप दुबे एवं अन्य प्राध्यापकों का अहम योगदान रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक मौजूद रहे।



## 18 देवियों के साथ बच्चों और महिलाओं ने खेला गरबा

**जबलपुर।** नवरात्रि के पावन अवसर पर शहर में भव्य गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें 18 देवियों की आकर्षक प्रस्तुति के साथ महिलाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक गरबा खेला। यह आयोजन विनय सरिता जैन द्वारा पिछले 9 वर्षों से किया जा रहा है और इस बार आयोजन स्थल रहा शीतलामाई घमापुर बाई का बगीचा समुदाय भवन। इस अवसर पर खास बात यह रही कि आयोजन में 18 देवी स्वरूपों की भव्य झांकी तैयार की गई, जिन पर आधारित गरबा नृत्य प्रस्तुत किया गया। सरिता जैन ने बताया कि "इस बार मैंने 99 स्टोर थीम पर कार्यक्रम रखा है, इसलिए रजिस्ट्रेशन शुल्क भी 99 रुपए ही रखा गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों का स्वागत मोती की माला, शाल और श्रीफल से किया गया। गरबा प्रतियोगिता में बेस्ट ड्रेस, कपल जोड़ी, ग्रुप डांस श्रेणियों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार वितरित किए गए। बच्चों को प्रोत्साहन पुरस्कार भी दिए गए।

## अम्बे रानी के समक्ष महिलाओं बच्चों ने किया गरबा

**जबलपुर।** नवरात्र के इस पावन पर्व पर फन डांस अकादमी तथा फन किंडर गार्डन स्कूल लामती विजय नगर के तत्वावधान में फन रास गरबा सीजन 5 का आयोजन 23 सितंबर को किया गया, जिसमें महिलाओं एवं बच्चों ने गरबे में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गीता गुप्ता एवं रजनी रावत रहीं। जजमेंट कुमारी रूचि केसरवानी एवं कुमारी साक्षी परिहार ने किया। श्रीमती सुषमा सिंह एवं श्रीमती पूनम जैन ने कार्यक्रम में मुख्य रूप से सहयोग दिया। इस अवसर पर अकादमी की संचालक वंदना कुशवाहा ने प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया एवं कहा कि आप लोग हर साल इसी तरह माता रानी का नवरात्रि का त्यौहार प्रेम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाते रहें।



## नगर पालिका ने चलाया स्वच्छता अभियान

**सिहोरा।** नगर पालिका परिषद द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत "एक दिन,एक घंटा,एक साथ सामूहिक स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 8 बजे हिरन नदी घाट वार्ड संख्या 18 मे किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष संध्या दिलीप दुबे, पार्षद रीता शुक्ला, प्रमोद चौधरी,ज्योति सुनील चक्रवर्ती,लीला सुप्पी बर्मन सहित अन्य पार्षद एंव गणमान्य नागरिको ने सक्रिय रूप से भाग लिया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी शैलेन्द्र कुमार ओझा, अभियंता नमन श्रीवास्तव आदि भी उपस्थित थे। इस पहल का उद्देश्य न केवल नगर की साफ-सफाई करना है बल्कि नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और सामूहिक प्रयासों से स्वस्थ एवं स्वच्छ वातावरण का निर्माण करना है।

केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के साथ लखपति दीदी योजना की जानकारी भी साझा की

# किसानों की समस्याओं का होगा निराकरण : विधायक बरकडे

**सिहोरा।** किसान हमारे अन्नदाता है और उनकी विभिन्न समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने का प्रयास किया जायेगा उक्ताशय के विचार भीखाखेडा में किसान मोर्चा के प्रतिनिधियों द्वारा सौंपे गए ज्ञापन के बाद विधायक संतोष बरकंडे ने व्यक्त किए। जिला मीडिया प्रभारी जितेन्द्र कुमार कुर्मी,किसान मोर्चा ब्लाक अध्यक्ष संतकुमार पटैल के नेतृत्व में सौंपे गये ज्ञापन में कहा गया है कि सभी सोसायटियों डबल लाक विपणन में पर्याप्त यूरिया डीएपी 18:46:46 खाद का पर्याप्त स्टाक रखवाने के साथ प्रदान की जाये,कृषि ट्रांसफार्मर लोड के अनुसार अधिक क्षमता के स्थापित किए जायें,स्थाई कनेक्शन प्रदान करने के सब्सिडी पर नये ट्रांसफार्मर स्थापित करने की योजना को चालू किया जाएं,खेतों की कृषि लाइन में आड़े तिरछे खड़े खंभे सीधे करवाएं जाएं,कृषि पंपों के बढ़ाएं गए हार्सपावर लोड को सुधरवाया जाएं,समर्थन मूल्य के दाम धान 3100 गेहूं 3000 रुपये प्रति क्विंटल करने सहित अनेक मांगे शामिल थी। इस अवसर पर विनीत पटेल आशीष पटेल,जुगल दाहिया,प्रकाश पटेल,इंद्रजीत पटेल,सत्यम पटेल, मदन पटेल,बिहारी पटेल,हल्के राम पटेल, अखिलेश पटेल,गणेश पटेल,मयंक पटेल,रवि पटेल,मोनू विश्वकर्मा,अनिल दाहिया,राहुल पटैल, पवन पटेल,साहिल पटेल आदि उपस्थित थे।



### लाड़ली बहनों से भी किया संवाद

विधायक संतोष बरकडे ने ग्राम पंचायत भीकाखेड़ा के पंचायत परिसर में आयोजित कार्यक्रम ज्ञानदीप संकुल स्तरीय संगठन द्वारा आयोजित वार्षिक साधारण सभा में शामिल होकर बड़ी संख्या में उपस्थित लाड़ली बहनों से संवाद किया। तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के साथ लखपति दीदी योजना की जानकारी भी साझा की।

भारत सरकार गृह मंत्रालय के निर्देश पर 107 बटालियन, द्रुत कार्य बल रेपिड एक्शन फोर्स आरएएफ ने किया फ्लैग मार्च

# दशहरा में कानून व्यवस्था बनाये रखने निकाला गया फ्लैग मार्च



**सिहोरा।** नगर सहित सम्पूर्ण क्षेत्र में शारदीय नवरात्र, विजय दशमी, दीपावली सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने तथा कानून व्यवस्था बनाये रखने एंव अपराधियों में भय का वातावरण कायम करने के उद्देश्य से भारत सरकार ग्रह मंत्रालय के निर्देश पर सी 107 बटालियन,द्रुत कार्य बल रेपिड एक्शन फोर्स आर ए एफ द्वारा जगदीश प्रसाद बलाई. कमाण्डेंट 107 बटालियन एवं पुलिस अधिक्षक, जबलपुर सम्पत उपाध्याय के आदेशानुसार उपेन्द्र के डिप्टी कमांडेंट,हरिशंकर शर्मा,असिस्टेंट कमांडेंट एवं प्रभांशु प्रभाकर असिस्टेंट कमांडेंट के नेतृत्व में एंव पुलिस अनुविभागीय अधिकारी आईपीएस आदित्य सिंघारिया,थाना प्रभारी विपिन सिंह की उपस्थिति में सिहोरा में फ्लेग मार्च निकाला गया जो जिसमें 110 सैनिकों ने हिस्सा लिया यह पुलिस थाने से प्रारम्भ होकर,गौरी तिराहा,आजाद चौक, झंडा बाजार, कालभैरव चौक,मैना कुआं,हरदौल मंदिर,बाबाताल से पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय के सामने से नवीन कन्या शाला वार्ड क्रमांक 11 से होकर ज्वालामुखी चौराहा,पोस्ट आफिस तिराहा, पुराना बस स्टेंड सहित अनेक प्रमुख मार्गों चौराहे से होकर शुभारंभ स्थल पर संपन्न हुआ। इसमें स्थानीय पुलिस के साथ,मोबाइल पेट्रोलिंग एंव पैदल मार्च किया इसमे द्रुत कार्य बल की पुलिस एंव महिला टीम भी सम्मिलित थी।

समिति ने उठाई आवाज

# दुर्गा पंडालों के आसपास सफाई को लेकर नगर परिषद पर लापरवाही का आरोप



**मझौली।** कालि तिराहा पोला रोड स्थित दुर्गा पंडालों के आसपास सफाई व्यवस्था को लेकर मझौली नगर परिषद पर लापरवाही के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। इस संबंध में स्थानीय समीती के सदस्य मुख्य नगर परिषद कार्यालय पहुंचे और अपनी नाराज़गी जाहिर की।

समीती के अध्यक्ष हषृ सोनी, वेद प्रकाश तिवारी समेत अन्य सदस्यों ने कहा कि नगर परिषद मझौली द्वारा दुर्गा पंडालों के आसपास समुचित सफाई नहीं की जा रही है, जिससे श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों को काफी परेशानी हो रही है।

समिति के सदस्यों ने बताया कि वे बीते दो दिनों से नगर परिषद कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन मुख्य नगर परिषद अधिकारी (सीएमओ) द्वारा उनकी शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया गया। उनके अनुसार, सीएमओ मैडम ने सिर्फ गोलमोल जवाब दिए और कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

समिति ने शासन और प्रशासन से मांग की है कि सभी दुर्गा पंडालों के आसपास सुबह और शाम नियमित रूप से सफाई कराई जाए, ताकि नवरात्रि पर्व के दौरान श्रद्धालुओं को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण मिल सके।

## कैलाश विजयवर्गीय का पुतला जलाया



**बरेला।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी एवं उनकी बहन प्रियंका गांधी पर पूर्व मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की गलत टिप्पणी को लेकर छेत्र में जगह जगह निंदा की जा रही है कांग्रेस कार्यकर्ता कैलाश विजयवर्गीय का जगह जगह पुतला जला अपना विरोध प्रदर्शन कर रहे। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बरेला के अध्यक्ष सतेन्द्र गर्ग ने बताया कि जिला ग्रामीण अध्यक्ष संजय यादव एवं ब्लॉक प्रभारी शिव नामदेव के निर्देशन में पूरे ब्लॉक में कैलाश विजयवर्गीय का विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।इसी क्रम में आज पड़वार बाजार मोहल्ला में पुतला दहन किया गया।इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बरेला अध्यक्ष सतेंद्र गर्ग,देव कुमार परोहा,कोदू लाल यादव,मोहित बर्मन,पुरूषोतम किसान,महेश बर्मन,कृष्ण कुमार यादव,महेश झरिया,मोहित गर्ग,महेश झरिया,उमेश यादव,प्रीतम यादव अजय श्रीपाल उपस्थित थे।




**श्री सनी सिंह ठाकुर-** साईं धाम के पास पुरानी बस्ती गौरीघाट निवासी श्री कैलाश सिंह ठाकुर के पुत्र श्री सनी सिंह ठाकुर (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती तारा बाई पटवा-** छोटा फुहारा तमरहाई स्कूल के पास निवासी श्री मुन्ना लाल पटवा की धर्मपत्नी श्रीमती तारा बाई पटवा (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती रामकांति-** द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री नरेश चंद्र की धर्मपत्नी श्रीमती रामकांति (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री संतोष रजक-** घमापुर चौक दुबे अस्पताल के सामने निवासी श्री संतोष रजक (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कमला बाई धानेश्वर-** लक्ष्मी कॉलोनी हाथीताल निवासी श्री किशोरी लाल धानेश्वर की धर्मपत्नी श्रीमती कमला बाई धानेश्वर (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती लीला बाई सोनकर-** खटीक मोहल्ला घमापुर चौक के पास निवासी श्री हरी प्रसाद सोनकर की धर्मपत्नी श्रीमती लीला बाई सोनकर (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती जानकी बाई कोष्टा-** बधैया मोहल्ला दमोनाका निवासी श्री नारायण प्रसाद कोष्टा की धर्मपत्नी श्रीमती जानकी बाई कोष्टा (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री संत लाल चौधरी-** बाबा टोला ठक्कर ग्राम निवासी श्री संत लाल चौधरी (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती बानी मजूमदार-** पटेल नगर महाराजपुर निवासी श्री एनएन मजूमदार की धर्मपत्नी श्रीमती बानी मजूमदार (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजाराम कोल-** छुई खदान मड़ैया श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड निवासी श्री राजाराम कोल (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती धुखिया बाई चौधरी-** अनुराधा कॉलोनी वाटर वकर्स रोड निवासी श्री कल्लू चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती धुखिया बाई चौधरी (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री बद्री नारायण श्रीवास्तव-** यादव कॉलोनी निवासी श्री बद्री नारायण श्रीवास्तव (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री मुकेश कुमार पटेल-** स्टेट बैंक चौराहा विजयनगर निवासी श्री मुकेश कुमार पटेल (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती दीपाली हाजरा-** रेतनाका न्यू अवधपुरी कॉलोनी गौरीघाट रोड निवासी श्री सुनील कुमार हाजरा की धर्मपत्नी श्रीमती दीपाली हाजरा (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- [illegible] से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- [illegible] से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज [illegible] से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303508294, 9407362100

## ट्रंप ने अगले महीने से ब्रांडेड दवाओं पर 100 फीसदी टैरिफ लगाया

# दवाओं पर अमेरिकी शुल्क लगने से शेयर बाजार सहमा; सेंसेक्स 733 अंक फिसला

एजेंसी ▸▸ मुंबई

अगले महीने से दवाओं पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाने की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की घोषणा के बाद शुक्रवार को स्थानीय शेयर बाजारों में फार्मा एवं आईटी शेयरों में भारी बिकवाली के चलते बड़ी गिरावट देखने को मिली। सेंसेक्स में 733 अंक और निफ्टी में 236 अंक का नुकसान रहा।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 733.22 अंक टूटकर तीन सप्ताह के निचले स्तर 80,426.46 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 827.27 अंक गिरकर 80,332.41 पर आ गया था। निफ्टी भी 236.15 अंक की गिरावट के साथ तीन सप्ताह के निचले स्तर 24,654.70 अंक पर आ गया।

### अमेरिका में दवा निर्माण संयंत्र होना जरूरी

*ट्रंप ने सोशल मीडिया मंच 'ट्रुथ सोशल' पर अपनी एक पोस्ट में लिखा, /"एक अक्टूबर, 2025 से हम किसी भी ब्रांडेड या पेटेंट-युक्त दवा उत्पाद पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाएंगे, जब तक कि कोई कंपनी अमेरिका में अपना दवा विनिर्माण संयंत्र स्थापित न कर रही हो।/" उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि दवा विनिर्माण का मतलब 'विनिर्माण कार्य शुरू होने या/और निर्माणाधीन' होने से होगा। इस तरह अगर अमेरिका में दवा विनिर्माण की प्रक्रिया शुरू हो गई है तो उसके दवा उत्पादों पर कोई शुल्क नहीं लगेगा।*

### इन शेयरों में रही गिरावट

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से महिंद्रा एंड महिंद्रा, इटर्नल, टाटा स्टील, बजाज फाइनेंस, एशियन पेंट्स, सन फार्मा, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और एचसीएल टेक में सबसे ज्यादा गिरावट दर्ज की गई। हालांकि, लार्सन एंड टुब्रो, टाटा मोटर्स, आईटीसी और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में तेजी का रुझान देखा गया।



### 3100 कंपनियों के शेयर गिरकर बंद

*व्यापक बिकवाली के दबाव में सभी क्षेत्रवार सूचकांक गिरकर बंद हुए। दूरसंचार क्षेत्र में सर्वाधिक 2.69 प्रतिशत की गिरावट रही जबकि केंद्रित आईटी खंड में 2.43 प्रतिशत, आईटी खंड में 2.41 प्रतिशत और टिकाऊ उपभोक्ता खंड में 2.34 प्रतिशत की सुस्ती रही। बीएसई पर सूचीबद्ध 3,100 कंपनियों के शेयर गिरकर बंद हुए जबकि 1,041 शेयरों में तेजी रही और 139 अन्य अपरिवर्तित रहे।*

### निवेशकों की धारणा को कमजोर किया

ऑनलाइन कारोबार एवं संपत्ति प्रौद्योगिकी फर्म एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी पोनमुडी आर. ने कहा, /"ब्रांडेड और पेटेंट वाली दवाओं के आयात पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाने की अमेरिकी घोषणा के बाद भारतीय शेयर बाजारों में व्यापक बिकवाली के कारण भारी गिरावट रही।

### हेल्थकेयर सूचकांक 2.14 फीसदी गिरा

दवाओं पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाने के फैसले के बाद अधिकांश दवा कंपनियों के शेयरों में गिरावट आई और बीएसई हेल्थकेयर सूचकांक 2.14 प्रतिशत गिर गया। वॉकहार्ट के शेयरों में 9.4 प्रतिशत की गिरावट देखी गई। लॉरस लैब्स, बायोकॉन, जाइडस लाइफ, ग्लेनमार्क, सन फार्मा और डॉ रेड्डीज के शेयरों में भी गिरावट आई।

### वॉकहार्ट सबसे अधिक टूटा

बीएसई पर वॉकहार्ट लि. के शेयर 9.40 प्रतिशत टूटे। इसके अलावा, इंडोको रेमेडीज के शेयर 5.35 प्रतिशत, जाइडस लाइफसाइंसेज के 4.21 प्रतिशत, ग्लेनमार्क फार्मा के 2.99 प्रतिशत, नैटको फार्मा के 2.65 प्रतिशत, सन फार्मा के 2.55 प्रतिशत, ल्यूपिन के 2.07 प्रतिशत, डॉ. रेड्डीज के 1.73 प्रतिशत और ऑरोबिंदो फार्मा के शेयर 0.57 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए।

## मारुति की इनविक्टो को मिली पांच सितारा रेटिंग

**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी इंडिया लि. की प्रीमियम हाइब्रिड यूटिलिटी कार इनविक्टो को वाहन सुरक्षा मानक भारत एनकैप में पांच सितारा सुरक्षा रेटिंग मिली है। मारुति सुजुकी इंडिया ने कहा कि यह उपलब्धि कंपनी के 5-स्टार भारत एनकैप पोर्टफोलियो को मजबूत करती है। मारुति सुजुकी इंडिया के प्रबंध निदेशक (एमडी) एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) हिसाशी ताकेउची ने कहा, /"सुरक्षा हमेशा से मारुति सुजुकी की गाड़ी बनाने की सोच का एक अहम हिस्सा रही है... भारत एनकैप ने भारत में विश्वस्तरीय परीक्षण प्रोटोकॉल की शुरुआत की है, जिससे ग्राहक सोच-समझकर फैसला ले पाते हैं।/" उन्होंने आगे कहा कि कंपनी 157 संस्करणों में 15 मॉडल में मानक के रूप में छह एयरबैग प्रदान करती है।



## ईएसआईसी ने जुलाई में 20.36 लाख कर्मचारियों को जोड़ा

**नई दिल्ली।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) ने जुलाई में 20.36 लाख नए अंशधारकों को अपने साथ जोड़ा जो जून की तुलना में पांच प्रतिशत अधिक है। श्रम मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय की तरफ से जारी अस्थायी पेरोल आंकड़ों के मुताबिक, जून में 19.37 लाख कर्मचारियों को ईएसआई योजना के दायरे में शामिल किया गया था, जबकि जुलाई में यह आंकड़ा बढ़कर 20.36 लाख हो गया। बयान के मुताबिक, जुलाई महीने में 31,146 नए प्रतिष्ठान भी ईएसआई योजना के दायरे में आए जिससे अधिक श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित हुई है। आंकड़ों से पता चलता है कि जुलाई में जोड़े गए कुल अंशधारकों में से 9.85 लाख यानी करीब 48.37 प्रतिशत कर्मचारी 25 वर्ष तक की आयु वर्ग के हैं। वहीं, कुल नए पंजीकरण में 4.33 लाख महिलाएं और 88 ट्रांसजेंडर कर्मचारी भी शामिल हैं।

## जीएसटी कटौती से महंगाई कम करने में मिलेगी मदद

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

हाल में जीएसटी दरों में की गयी कटौती से अगले साल तक मुद्रास्फीति को कम करने में मदद मिलेगी और देश की आर्थिक वृद्धि संभावनाओं को भी बल मिलेगा। वित्त मंत्रालय ने अपनी मासिक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट में हालांकि यह भी चेतावनी दी गई है कि यह समय लापरवाह होने का नहीं है, क्योंकि अनिश्चितताएं और जोखिम अब भी बने हुए हैं। भले ही वर्तमान में ये जोखिम प्रबंधनीय लगते हैं, लेकिन वे मौजूद हैं।वित्त मंत्रालय ने अपनी मासिक आर्थिक समीक्षा में कहा कि अगर शुल्क को लेकर अनिश्चितताएं बनी रहीं, तो इसका असर देश के निर्यात क्षेत्रों पर पड़ेगा। इससे घरेलू स्तर पर रोजगार, आय और खपत पर भी नकारात्मक असर हो सकता है। मंत्रालय ने कहा कि अमेरिका द्वारा नए एच1बी वीजा आवेदकों पर शुल्क बढ़ाने का निर्णय व्यापारिक अनिश्चितताओं के जोखिमों की याद दिलाता है, जिससे अब तक अप्रभावित सेवाक्षेत्र भी प्रभावित हो रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि केंद्र सरकार के सुधार एजेंडे से व्यापार व्यवधानों के प्रतिकूल प्रभावों से अर्थव्यवस्था को बचाने में मदद मिलने की उम्मीद है।




- वित्त मंत्रालय ने जारी रिपोर्ट में कहा, सुधार अगले साल देखने मिलेगा
- समय लापरवाह होने का नहीं अब भी चुनौतियां और जोखिम कायम

## डॉलर के मुकाबले रुपया चार पैसे बढ़कर 88.72 पर

**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को रुपया अपने अबतक के सबसे निचले स्तर से उबरता हुआ डॉलर के मुकाबले चार पैसे की बढ़त के साथ 88.72 (अस्थायी) पर बंद हुआ। प्रमुख विदेशी मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के कमजोर होने के कारण रुपये में यह सुधार आया। विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी और घरेलू शेयर बाजार में जोखिम से बचने की धारणा ने स्थानीय मुद्रा में तेज वृद्धि पर अंकुश लगाया, जबकि भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता में सफलता की उम्मीद ने रुपये को समर्थन दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में, रुपया 88.72 पर खुला और 88.67-88.73 के सीमित दायरे में कारोबार करने के बाद 88.72 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से चार पैसे की मजबूती को बताता है।

## चांदी में 1,900 और सोने में 330 रुपए की तेजी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

त्योहारों के दौरान स्टॉकिस्टों की भारी मांग के बीच शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में चांदी की कीमतें 1,900 रुपये बढ़कर 1,41,900 रुपये प्रति किलोग्राम के नए शिखर पर पहुंच गईं, जबकि सोने में 330 रुपये की तेजी आई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी है। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमतों में तेजी आई और इसकी कीमत 330 रुपये बढ़कर 1,17,700 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। बृहस्पतिवार को यह 1,17,370 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। स्थानीय सराफा बाजार में 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 400 रुपये बढ़कर 1,17,100 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया, जो पिछले सत्र में 1,16,700 रुपये प्रति 10 ग्राम था। एसोसिएशन के अनुसार, मजबूत त्योहारी मांग और हाजिर बाजार में निवेशकों की मजबूत रुचि के कारण, बृहस्पतिवार को 1,40,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई चांदी ने अपना रिकॉर्ड बनाने का सिलसिला जारी रखा।



- चांदी बढ़कर 1.41 लाख रुपए प्रति किलोग्राम के नए शिखर पर

### वैश्विक स्तर पर सराफा में गिरावट दर्ज

वैश्विक स्तर पर दोनों कीमती धातुओं में गिरावट दर्ज की गई। हाजिर सोना 0.12 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3,744.75 डॉलर प्रति औंस रह गया, जबकि चांदी 0.35 प्रतिशत गिरकर 45.03 डॉलर प्रति औंस रह गई। कारोबारियों ने कहा कि लगातार घरेलू मांग और त्योहारी खरीदारी ने कमजोर वैश्विक संकेतों की भरपाई कर दी है, जिससे स्थानीय बाजारों में सराफा की कीमतों में तेजी बनी हुई है।

## पीएम आज बीएसएनएल की 4जी प्रणाली करेंगे पेश

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 27 सितंबर को सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी बीएसएनएल की 'स्वदेशी' 4जी प्रणाली को पेश करेंगे। इसकी शुरुआत के साथ ही भारत दूरसंचार उपकरण बनाने वाले डेनमार्क, स्वीडन, दक्षिण कोरिया, चीन जैसे प्रमुख देशों में शामिल हो जाएगा। दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को घोषणा की कि यह दूरसंचार क्षेत्र के लिए एक नया युग है। सिंधिया ने कहा कि 27 सितंबर को ओडिशा के झारसुगुड़ा में प्रधानमंत्री 97,500 से अधिक मोबाइल 4जी टावर का उद्घाटन करेंगे। भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) द्वारा स्थापित 92,600 से अधिक मोबाइल साइट स्वदेशी 4जी प्रौद्योगिकी पर आधारित हैं। इन्हें 5जी में तब्दील किया जा सकता है। यह एक पूर्णतः स्वदेशी 4जी प्रणाली है। इसमें तेजस नेटवर्क द्वारा विकसित रेडियो एक्सेस नेटवर्क (आरएएन) शामिल है। यह सी-डीओटी द्वारा तैयार एक कोर नेटवर्क है और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज ने इसे एकीकृत किया है। बयान के अनुसार, रिलायंस जियो इन्फोकॉम और भारती एयरटेल दोनों ने 4,700 से अधिक मोबाइल 4जी टावर स्थापित किए हैं। दूरदराज क्षेत्रों में नेटवर्क पहुंचाने की परियोजना के तहत 14,180 मोबाइल 4जी टावर को डिजिटल भारत निधि के जरिये वित्त पोषित किया गया है। ये टावर सुदूर, सीमावर्ती और वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों के 26,700 असंबद्ध गांवों को जोड़ेंगे।




- बीएसएनएल की यह स्वदेशी 4जी प्रणाली होगी
- भारत, चीन, स्वीडन, डेनमार्क जैसे देशों में शामिल

### 20 लाख से अधिक होंगे नए ग्राहक

ये डिजिटल इंडिया के लिए एक रणनीतिक प्रवर्तक होंगे जो 20 लाख से अधिक नए ग्राहकों को सेवा प्रदान करेंगे। दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बताया कि भारत विनिर्मित प्रणाली क्लाउड-आधारित, भविष्य के लिए तैयार है और इसे आसानी से 5जी में तब्दील किया जा सकता है।




**कार्यालय प्राचार्य शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर**
शास्त्री वार्ड, मेन रोड़ नरसिंहपुर (म.प्र.), पिनकोड - 487001

ई-मेल:-utkrist. utkrist2008@gmail.com दूरभाष : 07792231297 संस्था कोड : 731001 डाइस कोड : 23400120402

क्रमांक/818/निविदा/2025 **निविदा** नरसिंहपुर दिनांक - 22/09/2025

शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर में अधोलिखित छः कार्यो के लिए पृथक-पृथक सीलबंद लिफाफे में निविदा दिनांक 09/10/205 अपरांह 04.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा गठित समिति के समक्ष दिनांक 10/10/2025 समय 02.00 बजे शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर में खोली जावेंगी।

1. 100 सीटर बालक छात्रावास में भोजन व्यवस्था ।
2. 100 सीटर बालिका छात्रावास में भोजन व्यवस्था ।
3. विद्यालय हेतु स्टेशनरी सामग्री क्रय हेतु निविदा
4. वार्षिक शालेय पत्रिका प्रिंटिंग कार्य निविदा
5. अमूल्यांकित उत्तरपुस्तिकाओं के परिवहन कार्य हेतु निविदा ।
6. मूल्यांकित उत्तरपुस्तिकाओं का अपलेखन ।

निविदा हेतु निर्धारित आवेदन पत्र कार्यालयीन समय में 1000/- शब्दों में एक हजार रुपए की राशि प्राचार्य, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर के इंडियन बैक शाखा नरसिंहपुर के बैक खाता क्रमांक 20736372112 आई.एफ.एस.सी - IDIB000N550 में जमा कर मूल पावती प्रस्तुत करने पर प्राप्त किया जा सकता है, निविदा से संबंधित शेष शर्ते विद्यालय के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।

(नोट :- न्यूनतम 03 निविदा प्राप्त होने पर निविदा खोलने की कार्यवाही की जावेंगी । पुनः निविदा जारी होने की स्थिति में पूर्व प्रस्तुतकर्ता को पुनः निविदा आवेदन प्रस्तुत करना होगा और आवेदन की राशि वापसी योग्य नहीं होगी।)

(जी.एस. पटेल)
प्राचार्य
शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर

G-19245/25

**छत्तीसगढ़ शासन वनविभाग बिलासपुर वनमंडल, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)**
कोटा काष्ठागार की संक्षिप्त सूचना

सर्व सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि बिलासपुर वनमण्डल बिलासपुर के अधीनस्थ काष्ठागार कोटा बिलासपुर में उपलब्ध ईमारती लकड़ी (काष्ठ, जलाऊ,) एवं बांस का दर्शित तिथि व समय में ई-ऑक्शन द्वारा निवर्तन किया जाना है। इच्छुक व्यापारी ई-ऑक्शन में अवश्य भाग लेवें। ई-ऑक्शन की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय बिलासपुर अथवा काष्ठागार कोटा डिपो से प्राप्त कर सकते है ।

डिपो का नाम - विक्रय काष्ठगार कोटा नीलाम दिनांक - 03.10.2025 समय - 9:00 बजे प्रातः से

वनोपज की अनुमानित मात्रा निम्नानुसार है

| क्रं. | प्रजाति | नया | | | पुराना | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | लट्ठा | बल्ली/खूंटा | जलाऊ | लट्ठा | बल्ली/खूंटा | जलाऊ | व्यापारी/औ. बांस | |
| | | घ.मी. | नग | चट्टा | घ.मी. | नग | चट्टा | नग | नो.टन |
| 1 | सागौन | 115.745 | 3135 | 38 | 206.243 | 2379 | - | - | - |
| 2 | साल | 47.821 | 52 | - | 76.716 | 267 | - | - | - |
| 3 | बीजा, तिंसा, शीशम | 7.235 | - | - | 17.902 | 47 | - | - | - |
| 4 | साजा, अर्जुन | 13.845 | 28 | - | 36.552 | 147 | - | - | - |
| 5 | हल्दू, मुढ़ी, | 1.369 | - | - | 188.502 | 17 | - | - | - |
| 6 | खम्हार | - | - | - | - | 271 | - | - | - |
| 7 | धावड़ा | 9.636 | 9 | - | 34.024 | 100 | - | - | - |
| 8 | सलई | 0.854 | - | - | 1.923 | - | - | - | - |
| 9 | अन्य | 44.270 | 792 | - | 190.183 | 2536 | - | - | - |
| 10 | जलाऊ | - | - | - | - | - | 411.5 | - | - |
| 11 | व्या. बांस | - | - | - | - | - | - | 1691 | 3.561 |
| 12 | औधोगिक बांस | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 13 | निरस्त लॉट | - | - | - | - | - | - | - | - |
| | योग:- | 240.775 | 4016 | 38 | 752.045 | 5764 | 411.5 | 1691 | 3.561 |

टीप:- (1) क्रेता को ई-ऑक्शन के पूर्व एम. एस. टी. सी. ई-ऑक्शन पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है।(2) क्रेताओं को ई-ऑक्शन के पूर्व क्रय लाटो के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है ।(3) लॉट की थप्पी एवं फोटो एम.एस.टी.सी.ई- ऑक्शन पोर्टल में अपने आई.डी. से लॉगईन करके देख सकते है ।(4) ई-ऑक्शन में लॉट क्रय पश्चात प्रथम क्रेता को 30 सेकेण्ड का समय प्राप्त होगा उसी लॉट में अन्य क्रेताओ द्वारा 30 सेकेण्ड के पूर्व क्रय करने पर 20 सेकेण्ड का समय प्राप्त होगा ।

जी-252603757/4 वन मंडलाधिकारी बिलासपुर, वनमण्डल बिलासपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम छिन्दवाड़ा (म.प्र.)**
**Municipal Corporation Chhindwara**
Add. - In front of shukla ground, guraiya road ward no. 39, Chhindwara (M.P.) 480001
Tel. - 07162-222346
E-mail- commchhindwara@mpurban.gov.in

क्रमांक/4207/रा.शा./न.पा.नि./2025 छिन्दवाड़ा, दिनांक 24/9/2025

**।। निकाय स्वामित्व के इमलीखेड़ा चौक केन्द्रीय विद्यालय जाने वाली रोड में निर्माणाधीन दुकानों का अंतरण किये जाने निविदा सूचना।।**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इमलीखेड़ा चौक केन्द्रीय विद्यालय जाने वाली रोड में निकाय स्वामित्व की निर्माणाधीन दुकानों का अंतरण मध्यप्रदेश नगर पालिका अचल सम्पति का अंतरण नियम में दिये गए प्रावधान अनुरूप निर्धारित शर्तो के अधीन 30 वर्ष की लीज पर अंतरण किये जाने हेतु लम्प-सम्प दर पर ऑन-लाईन निविदा बुलाई जा रही है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट **https://www.mptenders.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाता जो वेबसाईट में पंजीकृत है, इस निविदा में दरें प्रस्तुत कर सकते है। अन्तरण से संबंधित नियम, शर्ते एवं आरक्षण से संबंधित जानकारी एवं अन्य विवरण कार्यालयीन दिवस में राजस्व (दुकान) शाखा में देखी जा सकती है। आरक्षित दुकान में भाग लेने हेतु जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है। विवरण निम्नानुसार हैः-

स्थलः इमलीखेड़ा चौक केन्द्रीय विद्यालय जाने वाली रोड निर्माणाधीन दुकानें

| टेण्डर क्र. | दुकान क्र. | साईज (वर्ग फीट में) | निर्धारित प्रीमियम (रूपए में ) | अमानत राशि (रूपए में ) | निविदा प्रपत्र मूल्य (रूपए में ) | आरक्षण की स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2025_UAD_401277_ | 6 | 255 | 22,50,000 | 2,25,000 | 1,000 | विधवाओं हेतु |
| 2025_UAD_401278_ | 7 | 255 | 22,50,000 | 2,25,000 | 1,000 | अनुसूचित जाति वर्ग |
| 2025_UAD_401279_ | 8 | 255 | 22,50,000 | 2,25,000 | 1,000 | अनुसूचित जनजाति वर्ग |
| 2025_UAD_401280_ | 9 | 255 | 22,50,000 | 2,25,000 | 1,000 | अनारक्षित वर्ग |
| 2025_UAD_401281_ | 10 | 255 | 22,50,000 | 2,25,000 | 1,000 | अनारक्षित वर्ग |
| 2025_UAD_401282_ | 11 | 255 | 22,50,000 | 2,25,000 | 1,000 | अनारक्षित वर्ग |
| 2025_UAD_401283_ | 12 | 255 | 22,50,000 | 2,25,000 | 1,000 | अनारक्षित वर्ग |
| 2025_UAD_401284_ | 13 | 255 | 22,50,000 | 2,25,000 | 1,000 | अनारक्षित वर्ग |
| 2025_UAD_401285_ | 14 | 255 | 22,50,000 | 2,25,000 | 1,000 | अनुसूचित जाति वर्ग |
| 2025_UAD_401286_ | 15 | 255 | 22,50,000 | 2,25,000 | 1,000 | अनुसूचित जनजाति वर्ग |
| 2025_UAD_401287_ | 16 | 255 | 22,50,000 | 2,25,000 | 1,000 | अनारक्षित वर्ग |
| 2025_UAD_401288_ | 17 | 255 | 22,50,000 | 2,25,000 | 1,000 | अनारक्षित वर्ग |
| 2025_UAD_401289_ | 18 | 255 | 22,50,000 | 2,25,000 | 1,000 | अनारक्षित वर्ग |

नोटः- 1. नीलामी से संबंधित अन्य नियम शर्तें **https://www.mptenders.gov.in** एवं राजस्व शाखा में (अवकाश दिवस छोड़कर) कार्यालय समय में देखी जा सकती है। 2. ऑन-लाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 14/10/2025 समय 17:30 बजे तक है।

आयुक्त
नगरपालिक निगम छिंदवाड़ा

**हिन्दुजा हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड**
HINDUJA HOUSING FINANCE
कार्पोरेट कार्यालय: 167-169, द्वितीय तल, लिटिल माउंट मेट्रो स्टेशन, साईपेठ, चेन्नई- 600015
रीजनल ब्रांच ऑफिस: 101-बी, प्रथम तल एनआर के बिजिनेस पार्क विजय नगर, इंदौर (म.प्र.) 452010
Email - auction@hindujahousingfinance.com

**सरफेसी अधिनियम 2002 की सेक्शन 13(2) के तहत डिमांड नोटिस**

सिक्योरिटी इंटरेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम, 2002 के नियन 3(1) उक्त नियम के सहपठित सेक्शन 13(2) ऑफ सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेट एंड इंफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 (उक्त एक्ट) के तहत उक्त नियमों के नियम 3 के सहपठित उक्त एक्ट की सेक्शन 13(2) के तहत अधिकारियों के पालन में एचएचएफएल के प्रा.अधिकारी ने उक्त एक्ट की सेक्शन 13(2) के तहत डिमांड नोटिस जारी की थी जिसमें देनदारियों / गारंटरों को उक्त से संबंधित उन्हें जारी नोटिस में कथित राशि चुकाने को कहा था, देनदारों व गारंटरों को पुन: देनदारों व गारंटरों को इस नोटिस तिथि से 60 दिनों से निम्न राशि चुकाने को कहा जाता है, देनदार व गारंटर, देय राशि व लोन राशि के भुगतान हेतु प्रस्तुत सिक्योरिटी राशि के विवरण निम्न है -

| उधारकर्ता का नाम | मांग सूचना दिनांक राशि | संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| MP/JBR/JBLP/A000000684 श्री बार्नो बास ऑगस्टिन श्रीमती अर्चना ऑगस्टिन | 08-09-2025 Rs. 23,74,266/- | संपत्ति मौजा गार्डन नं. 600, पी.एच. क्रमांक 24/81 आर.एन.एम महाराजपुर ए.पी.जे अब्दुल कलाम वार्ड क्रमांक 74 तहसील अधारताल जिला जबलपुर खसरा क्रमांक 176/1 कुल क्षेत्रफल- 1018.5 वर्ग फीट सीमांकित - पूर्व: उपाध्याय जी की संपत्ति, पश्चिम: साइड रोड, उत्तर: चौधरी जी की संपत्ति, दक्षिण: डॉ. राय की संपत्ति |
| MP/JBR/JBLP/A000000572 श्री दीपक श्रीवास्तव श्रीमती वर्षा श्रीवास्तव | 08-09-2025 Rs. 14,33,232/- | संपत्ति मौजा भमोरी सिंगौर पी.एच.नं. 50/10, आर.एन.एम.जबेरा, तह. जबेरा जिला. दमोह म.प्र. खसरा रकबा .053ह भू अधिकार पुस्तिका सीएलआर नंबर 11069424212, ग्राम बम्होरी सिंगोरगढ़, जबेरा दमोह, सेमीअर्बन, दमोह, मध्य प्रदेश, भारत - 470881 कुल क्षेत्रफल - 5704 वर्ग फुट परिसीमा - पूर्व: हुकुमचंद्र और मिथुन झरिया का मकान, पश्चिम: अंजनी का मकान, उत्तर: दीपक श्रीवास्तव की ज़मीन में मुखिया मार्ग के लिए 30 मीटर रोड, दक्षिण: सरकारी भूमि कृषि भूमि उपज मंडी |
| MP/JBR/STNA/A000000089 श्री दिनेश कुमार सोंधिया श्रीमती मंजू सोंधिया | 11-09-2025 Rs. 3,21,790/- | समस्त संपत्ति आराजी संख्या 258/2/10 मौजा शुका वार्ड संख्या 09 पी.एच. संख्या 52 ब्लॉक सोहवाल सर्किल सतना प्रथम तहसील रघुराज नगर जिला सतना म.प्र. कुल क्षेत्रफल-1000 वर्ग फीट परिसीमा - पूर्व: श्री ललन सिंह की आराजी, पश्चिम: सड़क, उत्तर: संगीता का मकान, दक्षिण: संतोष वर्मा का प्लॉट |
| MP/JBR/REWA/A000000277 श्री बृजेन्द्र सिंह श्रीमती शुशीला सिंह | 11-09-2025 Rs. 16,85,343/- | समस्त संपत्ति मौजा मैदानी जन संख्या 535, पी.एच. संख्या 25, करहिया, आरएनएम, रीवा, खसरा संख्या 345/1, मैदानी, तहसील हुजूर, जिला रीवा, मध्य प्रदेश में स्थित है। कुल क्षेत्रफल- 2400 वर्ग फीट। सीमा इस प्रकार है - पूर्व: विक्रेता की शेष भूमि, पश्चिम: निर्मला सिंह का प्लॉट, उत्तर: सड़क, दक्षिण: गुड्डू सिंह की भूमि। |
| MP/JBR/BRMN/A000000020 श्री लक्ष्मी नारायण काछी श्रीमती कुशिल्या बाई कुशवाह | 08-09-2025 Rs. 26,54,212/- | संपत्ति का पूरा टुकड़ा मौजा सगौनी एनबी नंबर 422 पी.एच. नंबर 3/2 कहसरा नंबर 191/3,192/3 का हिस्सा, तह- तेंदूखेड़ा जिला- नरसिंहपुर, कुल क्षेत्रफल- 2180 वर्ग फीट पर स्थित है, जिसकी सीमा इस प्रकार है - पूर्व: विक्रेता की भूमि, पश्चिम: मनोज कुमार की भूमि, उत्तर: विक्रेता की भूमि, दक्षिण: तुलसी राम की भूमि |
| MP/JBR/JBLP/A000000574 श्री मनोहर सिंगरौरे श्रीमती आशा लोधी | 08-09-2025 Rs. 9,81,623/- | संपत्ति मौजा आराजी खसरा संख्या 224, ग्राम टिकरिया पी.एच. 42, आरएनएम नारायणगंज, तहसील नारायणगंज, सेमीअर्बन, मंडला, मध्य प्रदेश, भारत - 481662 पर स्थित है। कुल क्षेत्रफल- 0.0700 हेक्टेयर। सीमा इस प्रकार है - पूर्व: सी.सी. रोड, पश्चिम: पी.डब्ल्यू.डी. रोड, उत्तर: विक्रेता की शेष भूमि, दक्षिण: सी.सी. रोड। |
| MP/JBR/BRMN/A000000022 श्री मनोज कुमार नाई श्रीमती राम किशोर श्रीमती हरी बाई सराठे | 08-09-2025 Rs. 6,44,811/- | सभी टुकड़े और पार्सल प्लॉट मौजा ब्लॉक साईंखेड़ा गाडरवार नरसिंहपुर 248, नरसिंहपुर गाडरवारा, हनुमान मंदिर के पास, शहरी, नरसिंहपुर, मध्य प्रदेश, भारत - 487221 कुल क्षेत्रफल- 1086.8 वर्ग फुट, सीमा - पूर्व: सड़क, पश्चिम: रघुवीर राजपूत का घर, उत्तर: राजेश सराठे का घर, दक्षिण: सड़क |
| MP/JBR/NRSP/A000000186 श्री मुकेश खरारे श्रीमती मीना खरारे | 08-09-2025 Rs.16,39,824 /- | संपत्ति मौजा डेढ़वारा एस.नं. 233 पी.एच. नं. 42 तहसील एवं जिला नरसिंहपुर के अंतर्गत स्थित है, खसरा नं. 67/25 कुल क्षेत्रफल- 1000 वर्ग फीट सीमांकित - पूर्व: रघुवीर चौधरी का मकान, पश्चिम: लक्ष्मीबाई चौधरी का प्लॉट, उत्तर: शैलेंद्र जी की जमीन, दक्षिण: सड़क |
| MP/JBR/CDWR/A000000381 श्री प्रीतम सिंह चौधरी श्रीमती विनीता चौधरी | 08-09-2025 Rs. 21,69,795/- | संपत्ति का पूरा टुकड़ा और पार्सल मौजा राजलवाड़ी बी.नं. 247 आर.आई. सर्कल - चौरई तह चौरई और जिला- छिंदवाड़ा पी.एच. नंबर 47/54 खसरा नंबर 95/13/2, कुल क्षेत्रफल- 10010 वर्ग फीट पर स्थित है, जिसकी सीमा इस प्रकार है - पूर्व: राम भरोसे की भूमि, पश्चिम: बिसेन की भूमि, उत्तर: केरिया रोड, दक्षिण: रोड |
| MP/JBR/SEON/A000000170 श्री राकेश कुमार चंद्रवंशी श्रीमती शिवकुमारी चन्द्रवंशी | 08-09-2025 Rs. 44,15,250/- | संपत्ति मौजा इमलिया में स्थित है, आच्छादित विकसित कॉलोनी, पी.एच. क्रमांक 13/35, एन.बी. क्रमांक 17, राजस्व मंडल करेली, खसरा क्रमांक 166/2, भूमि स्वामी अंश 9/323, तह. करेली, जिला- नरसिंहपुर, कुल क्षेत्रफल- 0.8000 हेक्टेयर, सीमा इस प्रकार है - पूर्व: हीरालाल का मकान, पश्चिम: रामलाल का मकान, उत्तर: सड़क, दक्षिण: अजीज का कृषि फार्म |
| MP/JBR/NRSP/A000000278 श्री संध्या पाठक श्रीमती देवकी नंदन पाठक | 08-09-2025 Rs.18,74,848/- | संपत्ति मौजा इमलिया में स्थित है, कवर्ड विकसित कॉलोनी पी.एच. क्रमांक 13/35, एन.बी. क्रमांक 17 राजस्व सर्कल करेली खसरा क्रमांक 166/2 भूमि मालिक हिस्सा 9/323 तह- करेली जिला - नरसिंहपुर कुल क्षेत्रफल- 1000 वर्ग फीट सीमा - पूर्व: मालिक की भूमि, पश्चिम: वीरेंद्र कु मरेले का प्लॉट, उत्तर: मालिक की भूमि, दक्षिण: सड़क |
| MP/KTN/SHDL/A000000033 श्री सौरभ कटारे श्रीमती सुनीता कटारे श्रीमती प्रतिभा कटारे | 08-09-2025 Rs.18,99,573/- | संपत्ति मौजा ग्राम शहडोल वार्ड क्रमांक 26 तहसील सोहागपुर शहडोल म.प्र. में स्थित है। खसरा नंबर 193, शहडोल, परमट के पास, ग्रामीण, शहडोल, मध्य प्रदेश, भारत- 484001, कुल क्षेत्रफल- 1539 वर्ग फुट, सीमा- पूर्व: चन्द्रशेखर कटारे का घर, पश्चिम: मुख्य सड़क, उत्तर: चन्द्रशेखर कटारे का घर, दक्षिण: चन्द्रशेखर कटारे की शेष भूमि |
| MP/JBR/BRMN/A000000017 श्री शीतल प्रसाद मेहरा श्रीमती मुन्नी बाई | 08-09-2025 Rs. 4,86,595/- | सभी टुकड़े और पार्सल प्लॉट मौजा खमतरा एन.बी. नंबर 89 पी.एच. नंबर 45 प्लॉट ऑफ केएच. नंबर 52/1ka/3 तह. जिला- नरसिंहपुर (म.प्र.) कुल क्षेत्रफल- 500 वर्ग फीट सीमांकित - पूर्व: सबकलाल रजक का मकान, पश्चिम: विक्रेता की जमीन, उत्तर: भगवती बाई पटेल का प्लॉट, दक्षिण: रोड |
| MP/JBR/BLGT/A000000289 श्री तपेश कुरावे श्रीमती परबता कुर्वे श्रीमती प्रेमकला कुर्वे | 08-09-2025 Rs. 10,06,427/- | सभी सामान ग्राम बूढ़ी वार्ड क्रमांक 13 बालाघाट-2 पी.एच. क्रमांक-13/1/42, खसरा क्रमांक 146/13/2/2 आर.एन.एम बालाघाट-2 तहसील और जिला:- बालाघाट (म.प्र.) कुल क्षेत्रफल- 800 वर्ग फीट सीमांकित - पूर्व: सड़क, पश्चिम: गेडाम का प्लॉट, उत्तर: संगीता मेश्राम का प्लॉट, दक्षिण: सड़क |
| MP/JBR/JBLP/A000000367 श्री तुलसीदास शिवहरे श्रीमती शिल्पा शिवहरे | 08-09-2025 Rs. 31,60,387/- | संपत्ति मौजा रिमझा एन.बी. 397 पी.एच.नं. 79 आर.एन.एम महाराजपुर पुराना और नया मदोताल तहसील अधारताल जिला जबलपुर म.प्र. व्यपवर्तित भूमि खसरा संख्या 61/2 कुल क्षेत्रफल- 1723.41 वर्ग फीट सीमांकित - पूर्व: खसरा संख्या 60 की भूमि, पश्चिम: साइड रोड, उत्तर: खसरा संख्या 52 की भूमि, दक्षिण: धर्मेंद्र पटेल का प्लॉट, प्लॉट संख्या 14 का हिस्सा |
| MP/JBR/NRSP/A000000297 श्री उमा खरे श्रीमती सुधीर खरे | 08-09-2025 Rs. 23,13,363/- | संपत्ति मौजा में स्थित है:- मौजा नरसिंहपुर एनबी 278 पी.एच.नं. 18/40 ब्लॉक तह. और जिला नरसिंहपुर किसानी वार्ड नंबर 07 खसरा नंबर 196/2 196/3 रकवा 2000, नरसिंहपुर एमपी, शहरी, जबलपुर, मध्य प्रदेश, भारत - 482003 कुल क्षेत्रफल- 2000 वर्ग फीट सीमा - पूर्व: सड़क, पश्चिम: प्रकाश बैरागी की भूमि, उत्तर: विक्रेता की भूमि, दक्षिण: राजेश चौधरी का प्लॉट |
| MP/KTN/SHDL/A000000212 श्री विजय कुमार श्रीमती दीपक लाल श्रीमती लीलावती बाई | 08-09-2025 Rs. 30,74,685/- | मौजा बलपुरवा जे एन 662 वार्ड नं 32 पी.एच.नं. 76 तह सोहागपुर जिला शहडोल 484001 सर्वे नं. 145/16/1 शहरी, शहडोल, मध्य प्रदेश, भारत- 484001 कुल क्षेत्रफल- 0.026 हेक्टेयर सीमा - पूर्व: शर्मा जी की भूमि, पश्चिम: अन्य भूमि, उत्तर: अन्य भूमि, दक्षिण: सड़क |
| MP/REW/SIDI/A000000003 श्री बृजेन्द्र सिंह परिहार श्रीमती सुमन सिंह श्रीमती सुनीता बाई | 11-09-2025 Rs. 9,96,222/- | सभी संपत्ति ग्राम करौंदिया उत्तर टोला वार्ड नंबर 10 सीधी तहसील गोपद बनास जिला सीधी खसरा नंबर 120/1 मौजा, शहरी, सीधी, मध्य प्रदेश, भारत- 486661 कुल क्षेत्रफल- 2000 वर्ग फुट की सीमा - पूर्व: कच्ची प्रस्तावित सड़क, पश्चिम: संगीता मिश्रा का घर, उत्तर: सविता मिश्रा का घर, दक्षिण: अन्य प्लॉट |
| MP/JBR/KTNI/A000000203 & MP/JBR/KTNI/A000000260 श्री सुनील तिवारी श्रीमती सुषमा तिवारी | 30-08-2025 Rs. 21,15,279/- | मौजा- घुरपुरा, इंद्रा गांधी वार्ड क्रमांक 20, यूनिट क्रमांक 3, पी.सी. क्रमांक 43, आरसीआई- मैहर, तहसील-मैहर जिला- सतना म.प्र. खसरा क्रमांक 19/2/1/2 एवं खसरा क्रमांक 20/2/2 कुल क्षेत्रफल 1200 वर्ग फीट.. 111.52 वर्ग मीटर. क्षेत्रफल माप- कुल क्षेत्रफल -1200 वर्ग फीट. सीमांकित - पूर्व: विक्रेता की शेष भूमि, पश्चिम: सड़क, उत्तर: विक्रेता की शेष भूमि, दक्षिण: विक्रेता की शेष भूमि |

यदि उक्त देनदार / गारंटर उक्त भुगतान एचएचएफएल को नहीं करते हैं, एचएचएफएल उक्त एक्ट की सेक्शन 13(4) व लागू नियमों के तहत पूरी तरह से देनदार / गारंटर के जोखिम, लागत व परिणामों के तहत सिक्योर्ड एसेट के खिलाफ कार्यवाही कर सकते है, विवरण हेतु संपर्क प्रा. अधिकारी संबंधित शाखा ऑफिस हिंदुजा हाऊसिंग फायनेंस लिमिटेड, 101-बी, प्रथम तल एन आर के बिजिनेस पार्क विजय नगर, इंदौर (म.प्र.) 452010 एवं मोबाईल नं. Vaibhav Shrivastava - 7987969803, Rajesh Chakotiya - 8435571111, Sameer Singh- 958420575, Pushpendra Tomar - 99938 22666, Gourav Naik - 75877 48188, Pankaj Joshi - 9644523578, Ajay Bhatiya - 7898607955

दिनांक - 27/09/2025 प्राधिकृत अधिकारी, हिन्दूजा हाऊसिंग, फायनेंस लिमिटेड

## चिंतन

# टैरिफ के बादशाह के रूप में याद किए जाएंगे ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का दूसरा कार्यकाल इतिहास में अलग तरह से याद किया जाएगा, जिसमें दुनिया की उथल-पुथल होगी ही साथ में अमेरिका के विश्व बिरादरी से संबंधों को भी अलग तरह से परिभाषित किया जाएगा। ट्रंप अमेरिका को फिर से महान बनाने के नाम पर जो विचित्र काम कर रहे हैं, उससे न केवल अमेरिका बल्कि पूरी दुनिया हैरान है। वो कभी चीन, कभी भारत तो कभी यूरोप पर लाल-पीले हो रहे हैं। रूस, ईरान और फिलीस्तीन तो युद्ध के चलते लगातार निशाने पर हैं ही। ट्रंप कुछ दिनों पहले तक यूक्रेनी राष्ट्रपति पर लाल-पीले हो रहे थे और रूसी राष्ट्रपति पुतिन को मित्र बता रहे थे, लेकिन जब यूक्रेन से खनिज दोहन पर समझौता हो गया तो वे फिर से पुतिन को कोसने लगे। अब बात भारत को ही लें। 50 फीसदी टैरिफ लगाने के बाद वे एक के बाद एक ऐसे काम कर रहे हैं, जो भारत के खिलाफ हैं। एक तरफ तो वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दोस्त बताते हैं वहीं दूसरी तरफ भारत पर दबाव बनाने-बनाते ब्लैकमेलिंग पर उतर आए हैं। पाकिस्तानी जनरल सैयद आसिम मुनीर अहमद शाह को लंच करवाने के बाद अब एक बार फिर ट्रंप ने पाक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और मुनीर के साथ बैठक की है। ट्रंप के साथ इस मुलाकात में विदेश मंत्री मार्को रुबियो मौजूद रहे। ओवल ऑफिस की यह मुलाकात बंद दरवाजों के भीतर हुई थी और इसमें प्रेस को जाने की मनाही थी। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शाम 5 बजे से कुछ पहले व्हाइट हाउस में पहुंचे थे और पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल 6:18 बजे बाहर गया। यह बैठक अमेरिका और पाकिस्तान के बीच जुलाई में हुए व्यापार सौदे के बाद हुई है। हालांकि बैठक को लेकर दोनों ओर से कुछ भी नहीं कहा गया है, लेकिन इशारा साफ है कि ट्रंप भारत पर दबाव बनाने के लिए पाक को तवज्जो दे रहा है। दुनिया के टैरिफ तानाशाह बने ट्रंप ने भारतीय निर्यात पर 50 फीसदी टैरिफ का आर्थिक बम फोड़ा, दूसरी ओर लगातार वह झूठ बोलते रहे कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम करवाया है। जबकि युद्ध विराम में तीसरा पक्ष था ही नहीं। ट्रंप का पाक प्रेम आतंक के ढांचों को नई ताकत दे रहा है। एक बार फिर अमेरिका की 1970 के दौर की नीति पुनरावृत्ति हो रही है, जिसमें भारत को अलग-थलग करो, पाकिस्तान से दोस्ती गांठो और शांति बहाली का बहाना करो। लेकिन आज का भारत दब्बू देश नहीं, आत्मनिर्भर है। अब हम 3.9 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था है, दुनिया का सबसे विशाल लोकतंत्र है और साउथ की आधारशिला है। भारत के 1.4 ट्रिलियन डॉलर का बाजार और ग्लोबल साउथ का नेतृत्व अमेरिकी राष्ट्रपति के टैरिफ वार के निशाने पर है। हमारा 2047 में विकसित भारत का संकल्प स्वायत्तता मांगता है, अधीनता नहीं। यह तय है कि ट्रंप के टैरिफ विकासशील देशों को क्षेत्रीय गठबंधनों की ओर ले जाएंगे। भारतीय फार्मास्युटिकल्स और कपड़े एशिया व यूरोप का रुख कर रहे हैं। भारत के नेतृत्व में ब्रिक्स देश वर्चस्ववाद के खिलाफ खड़े हो रहे हैं, जो अमेरिका के लिए परेशानी का कारण बन सकते हैं। एच-1बी वीजा पर भारी टैक्स लगाने के बाद अब ट्रंप ने फार्मा उत्पादों के आयात पर लगाए गए 100 प्रतिशत टैरिफ का ऐलान किया है। भारत अमेरिका में इस्तेमाल होने वाली 45 प्रतिशत से अधिक जेनेरिक और 15 प्रतिशत बायोसिमिलर दवाओं की आपूर्ति करता है, लेकिन भारत पर इसका खास असर नहीं होने वाला है। इसका असर होगा तो अमेरिका को होगा जहां इलाज महंगा होने वाला है।



हिंसक प्रदर्शन
राजेश माहेश्वरी

# लद्दाख की शांति बिगाड़ने की कोशिश

> केंद्र शासित क्षेत्र लद्दाख में जिस तरह विरोध-प्रदर्शन किए गए, उन्हें देखकर चीन की निगाहें भी फैल गई होंगी! बेशक आमरण अनशन पर 15 दिन से बैठे सोनम वांगचुक ने विरोध-प्रदर्शन की तुलना अरब स्प्रिंग और नेपाल के 'जेन ज़ी' विद्रोह से की, लेकिन यह देश-विरोधी बयान है, क्योंकि युवा इससे और भी ज्यादा भड़क सकते हैं। सोनम ने अपना अनशन भी वापस ले लिया और शांति की अपील भी की। यह कैसा दोगलापन है लद्दाख वासियों को शांतिपूर्ण तरीके से अपनी समस्याओं का समाधान खोजना चाहिए। सोनम वांगचुक जैसे छद्म आंदोलनकारियों जिनके राजनीतिक स्वार्थ और पृष्ठभूमि किसी से छिपी नहीं है, से दूर ही रहना लद्दाख और लद्दाख वासियों के लिए श्रेयस्कर होगा।

लेह-लद्दाख जैसे शांत क्षेत्र में अचानक आगजनी, पत्थरबाजी, सरकारी वाहनों का दहन और उत्तेजित-भड़काऊ नारे। अचानक यह हिंसक माहौल देख-सुन कर देश चौकन्ना हो गया। लद्दाख 2250 मीटर से 7742 मीटर की ऊंचाई पर स्थित ऐसा क्षेत्र है, जहां रूहानियत और सुकून बसते हैं। यह सीमावर्ती क्षेत्र भी है। वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के आसपास भारत और चीन के हजारों सशस्त्र सैनिक, कुछ समय पहले तक तैनात थे। अब सेनाएं काफी पीछे हट चुकी हैं, क्योंकि दोनों देशों के बीच समझौता-वार्ता के दौर जारी हैं। पहले तो युद्ध-सा माहौल था। लद्दाख में जिस तरह विरोध-प्रदर्शन किए गए, उन्हें देखकर चीन की निगाहें भी फैल गई होंगी! बेशक आमरण अनशन पर 15 दिन से बैठे सोनम वांगचुक ने विरोध-प्रदर्शन की तुलना अरब स्प्रिंग और नेपाल के 'जेन ज़ी' विद्रोह से की, लेकिन यह देश-विरोधी बयान है, क्योंकि युवा इससे और भी ज्यादा भड़क सकते हैं। सोनम ने अपना अनशन भी वापस ले लिया और शांति की अपील भी की। यह कैसा दोगलापन है।

लद्दाख को केंद्र शासित क्षेत्र का दर्जा मोदी सरकार ने ही दिया था, अलबत्ता यह क्षेत्र दशकों से जम्मू-कश्मीर की छाया तले अपने स्वतंत्र अस्तित्व के विकास और विस्तार के लिए तरस रहा था। 2019 के बाद अब जम्मू-कश्मीर और लद्दाख दोनों ही केंद्र शासित क्षेत्र हैं। आंदोलन हिंसक क्यों हुआ, जिसमें 4-5 मौतें हो गईं और 70 से अधिक लोग घायल हो गए? प्रशासन को कर्फ्यू लगाना पड़ा, इंटरनेट की सप्लाई रोकनी पड़ी और 4 या उससे अधिक लोगों के एकत्र होने पर पाबंदी लगानी पड़ी। अर्थात लेह-लद्दाख में अब रैलियों, विरोध-प्रदर्शनों और जलसे-जुलूस पर फिलहाल पाबंदी है। पुलिस को आंसू गैस के गोले दागने पड़े, लाठियां भांजनी पड़ी और प्रदर्शनकारियों ने स्थानीय भाजपा दफ्तर को फूंक दिया। भाजपा नेतृत्व ने इस हिंसक आयोजन के पीछे स्थानीय कांग्रेस पार्षद की साजिश का आरोप लगाया है। बेशक सोनम वांगचुक लद्दाख में एक विख्यात चेहरा हैं। वह अभियंता, नवाचारी और शिक्षा सुधारक हैं और जलवायु परिवर्तन पर भी उनके खास सरोकार हैं। असल में इन विरोध प्रदर्शनों ने वांगचुक को एक राजनीतिक कार्यकर्ता के रूप में उभारा है, और कई लोग इस अनशन को उनकी राजनीतिक महत्वाकांक्षा के प्रदर्शन के रूप में देखते हैं। हालांकि, राजनीति उनके लिए नई नहीं है। वांगचुक के पिता सोनम वांग्याल एक राजनेता थे और पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर सरकार में मंत्री रह चुके थे। उनके भाई पी वांग्याल भी एक राजनेता हैं और लेह स्थित लद्दाख स्वायत्त पर्वतीय विकास परिषद के उपाध्यक्ष हैं। उपद्रव के बाद के हालातों को तेजी से समझते हुए उन्होंने अनशन भी तोड़ा और शांति की अपील भी की। लेकिन केंद्र सरकार की तिरछी नजर वांगचुक पर पड़ चुकी है। उनके राजनीतिक इरादे और षड्यंत्र धीरे-धीरे खुलने लगे हैं। केंद्र सरकार ने उनकी संस्था को विदेशी चंदा लेने पर रोक लगा दी है। यह भी बताया जाता है कि लद्दाख के युवाओं और छात्रों के भीतर, बीते कुछ समय से, एक उबाल हिलोरे मार रहा था। वे लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने और उसे छठी अनुसूची में रखने की मांग लगातार कर रहे थे। हालांकि 2019 में जब लद्दाख को केंद्र शासित क्षेत्र बनाया गया,



तो पूर्ण राज्य बनाने का कोई राजनीतिक और प्रशासनिक आश्वासन नहीं दिया गया था। लद्दाख बहुत छोटा क्षेत्र है। उसकी आबादी करीब 2.75 लाख है। क्षेत्रफल 59,146 वर्ग किमी. है। लद्दाख में बौद्ध धर्म सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है। सभ्यता-संस्कृति भी काफी प्राचीन है। क्या भारत सरकार उसे पूर्ण राज्य का दर्जा देगी, जबकि जम्मू-कश्मीर और दिल्ली के ऐसे मांग-पत्र अब भी विचाराधीन हैं। केंद्र और लेह शीर्ष निकाय के बीच चार माह के अंतराल के बाद 6 अक्टूबर को बैठक तय थी, लेकिन उससे पहले ही यह हिंसक विरोध-प्रदर्शन कर दिया गया। जम्मू-कश्मीर के विपक्षी नेताओं द्वारा सवाल उठाये जा रहे हैं कि 2019 में केंद्र शासित प्रदेश बनने पर जश्न मनाने वाले लद्दाख के लोगों में आज आक्रोश क्यों पनप रहा है? वे इस अभिव्यक्ति के आलोक में जम्मू-कश्मीर के राज्य के दर्जे को फिर वापस लौटने की भी मांग कर रहे हैं। निस्संदेह, लेह चीन की सीमा से लगा सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्र है, जिसके मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाया जाना जरूरी है। उल्लेखनीय है कि लेह के आंदोलनकारी कई सालों से भूमि संरक्षण व संस्कृति की रक्षा के लिए इस केंद्रशासित प्रदेश को संविधान की छठी अनुसूची का कवच देने तथा पूर्ण राज्य का दर्जा देने की मांग करते रहे हैं। उनका कहना था कि केंद्र शासित प्रदेश बनने से क्षेत्र के लोगों की आकांक्षा पूरी नहीं हुई। एक बड़ा मुद्दा क्षेत्र के युवाओं की बेरोजगारी रही है। युवाओं की दलील है कि क्षेत्र के युवाओं को पहले जम्मू-कश्मीर पब्लिक सर्विस सेलेक्शन कमीशन में राजपत्रित अधिकारी पदों के लिए आवेदन का मौका मिलता था, जो लद्दाख के केंद्र शासित प्रदेश बनने पर बंद हो गया। स्थानीय युवा अब केंद्रीय कर्मचारी चयन आयोग की स्पर्धा में टिक पाने में दिक्कत महसूस करते हैं। वहीं लद्दाख की अस्मिता को संरक्षित करने के लिए छठी अनुसूची की मांग लंबे समय से की जाती रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि भाजपा ने वर्ष 2019 के घोषणापत्र में लद्दाख को राज्य का दर्जा देने और छठी अनुसूची में शामिल करने का वादा किया था। लेकिन अब इस पर आनाकानी की जा रही है। आंदोलनकारी इसके अलावा कारगिल व लेह को लोकसभा सीट बनाने और स्थानीय लोगों को सरकारी नौकरियों में वरीयता देने की भी मांग कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि संविधान के अनुच्छेद 244 की छठी अनुसूची में ऐसी स्वायत्त व अधिकार संपन्न प्रशासनिक इकाइयों का प्रावधान है, जिनके पास जल-जंगल व उद्योगों को लेकर क्षेत्र की संस्कृति व संरक्षण हेतु निर्णय करने का अधिकार होता है। असल सवाल यह है कि जो जायज मांगें हैं, सरकार को उन्हें मानना चाहिए। लेकिन अपनी मांगें मनवाने के लिए हिंसक हो जाना, आगजनी करने को कतई उचित नहीं ठहराया जा सकता। लोकतंत्र में जिनका विश्वास है, वो हिंसा से दूर रहते हैं। इसका मतलब है कि लद्दाख की हिंसा सोची-समझी साजिश का नतीजा है। जांच एजेंसियों को इस हिंसा के पीछे चेहरों और नामों का खुलासा देशवासियों के समक्ष करना चाहिए। ताकि देश को सच्चाई का पता चलना चाहिए कि वो कौन लोग हैं जो अपनी राजनीतिक रोटियां या स्वार्थ पूरा करने के लिए युवाओं के कंधों का सहारा ले रहे हैं। सवाल है कि 'जेन ज़ी' की तर्ज पर छेड़े गए आंदोलन और हिंसक प्रदर्शन के जरिए लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाया जा सकता है? भारत नेपाल के बीच जमीन-आसमान का अंतर है। लद्दाख वासियों को शांतिपूर्ण तरीके से अपनी समस्याओं का समाधान खोजना चाहिए। सोनम वांगचुक जैसे छद्म आंदोलनकारियों जिनके राजनीतिक स्वार्थ और पृष्ठभूमि किसी से छिपी नहीं है, से दूर ही रहना लद्दाख और लद्दाख वासियों के लिए श्रेयस्कर होगा।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



केरल के कासरगोड में मधुवाहिनी नदी के तट पर स्थित मधुर महागणपति मंदिर भारत का एक और प्रसिद्ध गणेश मंदिर है जो भक्तों के बीच आस्था का केंद्र होने के साथ साथ अपनी स्थापत्य सुंदरता और ऐतिहासिक संरचना के लिए भी जाना जाता है। इस प्रसिद्ध मंदिर का निर्माण 10 वीं शताब्दी में कुंबला के मायपदी राजाओं द्वारा करवाया गया था। भगवान गणेश की मूर्ति की विशिष्टता इसे लोकप्रिय बनाती है।

व्यवहार
योगेंद्र माथुर



# समाज में बढ़ता अमर्यादित आचरण का संक्रमण

अमर्यादित आचरण-व्यवहार हमारे आधुनिक जीवन की दिनचर्या का अभिन्न अंग बन गया है। सुबह से रात्रि तक की दिनचर्या में परिवार-कुल की पीढ़ियों के संस्कार बहुत पीछे छूटते दिखाई देने लगे हैं। दिनभर की शुभता के लिए सुबह जागते ही 'कराग्रे वसते लक्ष्मीः, कर मध्ये सरस्वती, कर मुले तू गोविंदम, प्रभाते कर दर्शनम।' बीज मंत्र के साथ हथेलियों के प्रथम दर्शन करने की सनातन संस्कृति की महत्वपूर्ण दार्शनिक व्यवस्था या परम्परा के स्थान पर आधुनिक जीवन की दिनचर्या का आरंभ 'मोबाइल दर्शन' के साथ 'हैलो-हाय' से हो रहा है। मोबाइल संस्कृति में पोषित-पल्लवित व कथित 'स्टेटस मेंटेन' करने की अंधी होड़ में लगे नवकुबेर या धनाढ्य वर्ग के लोगों सहित पाश्चात्य जीवन शैली को पसंद करने वाले प्रायः अन्य सभी वर्गों के लोगों को पहनने-ओढ़ने, खाने-पीने, सोने-जागने से लेकर उठने-बैठने, कहीं आने-जाने, कुछ भी खरीदने-बेचने और चाहे जैसा या कुछ भी बोलने तक के तौर-तरीकों में कोई रोक-टोक या बंधन स्वीकार नहीं है। ट्रैफिक के नियमों का पालन करना ये लोग जानते नहीं, कहीं भी लाइन तोड़कर बीच में घुसना विशेषाधिकार समझा जाता हैं। रिश्तों की गरिमा दिन-ब-दिन क्षीण होती नजर आ रही है। बड़े-बुजुर्गों का सम्मान ताक पर रखा गया लगता है। अनाचार, व्याभिचार तेजी से बढ़ता दिख रहा है। परिधान कितना ही अश्लील या भद्दा लगे, 'हमे जो अच्छा लगेगा वहीं पहनेंगे, आपकी मर्जी का थोड़े ही पहनेंगे।' सभ्यता, शिष्टाचार केवल शब्दकोश के शब्द तक सीमित रह गए लगते हैं। पाश्चात्य सभ्यता व संस्कृति के रंग में रंगी हमारी किशोर व युवा पीढ़ी में यह निरंकुशता अधिक दिखाई देती है। पब बार या कॉकटेल पार्टियों से देर रात घर लौटने और सुबह देर तक सोई रहने वाली आधुनिक युवा पीढ़ी सहित अमर्यादित जीवन जीने व असभ्य आचरण-व्यवहार का प्रदर्शन करने वाले लोग अपने जीवन के साथ साथ परिवार, समाज व राष्ट्र तक के वातावरण को प्रदूषित कर रहे हैं। महानगरों से आरंभ हुई यह कुसंस्कृति मध्यम श्रेणी के शहरों से होती हुई अब कस्बेनुमा शहरों व ग्रामीण क्षेत्रों तक को संक्रमित कर रही है। ऐसा भी नहीं कि समूचे समाज या राष्ट्र में मर्यादा या संस्कारों का सूखा पड़ गया है। सभ्य, सुशिक्षित, संस्कारित व भारतीय संस्कृति के अनुरूप जीवन जीने वाले लोग भी हैं जो भारतीय संस्कृति की सुगंध समूची दुनिया में फैलाने में लगे हैं। युवा पीढ़ी का एक बड़ा वह वर्ग भी है जो बड़े सपने देख रहा है और उन्हें कार्यरूप में परिणित कर नित नई उपलब्धियों के साथ सफलता के उच्च कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। अपनी शिक्षा, कार्य व संस्कार के माध्यम से देश सेवा में जुटे ऐसे ही लोगों के दम पर भारत विकास के नए आयाम छू रहा है और 'विश्व गुरु' बनने की ओर अग्रसर हो रहा है। लेकिन समाज व राष्ट्र की कड़वी सच्चाई यह है कि स्वतंत्रता के नाम पर स्वच्छंदता व उच्छृंखलता अधिक बढ़ती दिख रही है। स्वस्थ व सुंदर समाज के निर्माण के मान से यह स्थिति अत्यधिक चिंताजनक है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## हृदय का करें अनुसरण



संकलित
दर्शन

कोई भी धर्मग्रंथ हमें धार्मिक नहीं बना सकता। चाहे हम दुनिया के सारे धर्मग्रंथ पढ़ डालें, परंतु फिर भी ईश्वर या धर्म का हमें तनिक भी ज्ञान नहीं होता। हम सारी उम्र धर्म या ईश्वर संबंधी बातें करते रहें, पर हमारी आध्यात्मिक उन्नति नहीं होती। दुनिया के विद्वानों ने भले ही हमारी बुद्धि प्रखर कर दी हो, पर हम ईश्वर तक नहीं पहुंच सके। पाश्चात्य संस्कृति का दोष यह है कि हम बुद्धि का संस्कार करते समय हृदय के संस्कार की ओर ध्यान ही नहीं देते। इसका परिणाम यह होता है कि मनुष्य दस गुना स्वार्थी हो जाता है। यदि हृदय और बुद्धि में विरोध उत्पन्न हो, तो तुम हृदय का अनुसरण करो, क्योंकि बुद्धि केवल एक तर्क के क्षेत्र में ही काम कर सकती है, वह उसके परे जा ही नहीं सकती, पर वह केवल हृदय ही है, जो हमें उच्चतम भूमिका पर आरूढ़ करता है। वहां तक बुद्धि कभी नहीं पहुंच सकती। हृदय, बुद्धि का अतिक्रमण कर अंतःस्फूर्ति को पा लेती है। बुद्धि से कभी अंतःस्फूर्ति प्राप्त नहीं हो सकती। अंतःस्फूर्ति का कारण केवल ज्ञानोदय बासित हृदय ही है। बुद्धिप्रधान, किंतु हृदय शून्य मनुष्य कभी स्फूर्तिमान नहीं बन सकता। प्रेममय पुरुष की समस्त क्रियाएं उसके हृदय से अनुप्राणित होती हैं। एक ऐसा उच्चतर साधन, जिसे बुद्धि कभी नहीं दे सकती, अगर किसी ने पाया है तो हृदय ने ही, और वह साधन है अंतःस्फूर्ति। जिस तरह बुद्धि ज्ञान का साधन है, उसी तरह हृदय अंतःस्फूर्ति का। शुरुआत में हृदय इतना शक्तिशाली नहीं होता, जितनी कि बुद्धि।

## बहरूपियों से सावधान रहें



संकलित
प्रेरणा

एक कबूतर और एक कबूतरी एक पेड़ की डाल पर बैठे थे। उन्हें बहुत दूर से एक आदमी आता दिखाई दिया। कबूतरी के मन में कुछ शंका हुई और उसने कबूतर से कहा कि चलो जल्दी उड़ चले नहीं तो ये आदमी हमें मार डालेगा। कबूतरने लंबी सांस लेते हुए आराम के साथ कबूतरी से कहाः भला उसे ध्यान से देखो तो सही, उसके कपड़े देखो, चेहरे से भोलापन टपक रहा है, ये हमें क्या मारेगा, बिलकुल सज्जन पुरुष लग रहा है। कबूतर की बात सुनकर कबूतरी चुप हो गई। जब वह आदमी उनके पास आया तो अचानक उसने अपने वस्त्र के अंदर से तीर कमान निकाला और झट से कबूतर को मार दिया। और बेचारे उस कबूतरके वहीं प्राण पखेरू उड़ गए। असहाय कबूतरी ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई और बिलखने लगी। उसके बाद वह कबूतरी रोती हुई अपनी फरियाद लेकर राजा के पास गई और राजा को उसने पूरी घटना बताई। तुरंत शिकारी को पकड़ कर दरबार में लाया गया। शिकारी ने डर के कारण अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। उसके बाद राजा ने कबूतरी को ही उस शिकारी को सजा देने का अधिकार दे दिया। कबूतरी ने बहुत दुःखी मन से कहा किः मेरे विचार से इस क्रूर शिकारी को बस इतनी ही सजा दी जानी चाहिए कि अगर वो शिकारी है तो उसे हर समय शिकारी वाले कपड़े पहनना चाहिए। ये अच्छे व्यक्ति वाले कपड़े उतार दे क्योंकि अच्छे व्यक्ति वेल कपड़े पहन कर धोखे से घिनौने कर्म करने वाले सबसे बड़े नीच होते हैं।

## सटाका




## आज की पाती

### जीरो टैक्स या पूर्ण नेट बैंकिंग में छिपी देश की समृद्धि

जीरो टैक्स से व्यापारी अपनी ताकत हिसाब-किताब में लगाने के बजाय, व्यापार पर और अधिक तवज्जो देने के साथ-साथ, प्रतिदिन अधिक से अधिक धन बैंक में जमा करवा सकता है। इससे देश में धन संचालन और अधिक बढ़ जाएगा, जो विकास को चार चांद लगा सकता है। इसमें कोई संदेह नहीं कि व्यक्तिगत विकास से लेकर समूचे देश के विकास में धन ही रीढ़ की हड्डी तुल्य है। अभी हमारे नीति निर्धारकों को जीरो टैक्स का औचित्य शायद अटपटा लगे, तो विकल्प के रूप में पैसे का लेन-देन पूर्णतः नेट बैंकिंग के द्वारा हो जाए, तो करदाता हिसाब-किताब से अनिश्चितता की तलवार से निश्चित ही राहत पाएगा। फलस्वरूप भ्रष्टाचार जड़ से खत्म हो जाएगा तथा देश समृद्ध होगा। - **विकास शर्मा**, राजनांदगांव

## करंट अफेयर

### हंगरी, रूस से जीवाश्म ईंधन खरीदना जारी रखेगा: पीएम



हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओर्बन ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा रूसी तेल और गैस की खरीद रोकने की मांग किए जाने के बावजूद उनका देश रूस से जीवाश्म ईंधन खरीदना जारी रखेगा। ओर्बन ने अपने सहयोगी देश अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप को बताया कि रूसी ऊर्जा पर रोक लगाना हंगरी की अर्थव्यवस्था के लिए ''विनाशकारी'' होगा। फरवरी 2022 में यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद यूरोप के ज्यादातर देशों ने रूसी तेल और गैस की खरीद बंद कर दी है लेकिन हंगरी उन देशों में शामिल है, जो अब भी रूस से तेल और गैस खरीद रहा है। ट्रंप ने इस महीने की शुरुआत में हंगरी समेत नाटो के सभी देशों से अपील की थी कि वे रूसी तेल की खरीद बंद करें। ओर्बन ने सरकारी रेडियो को दिए एक बयान में कहा कि रूसी ऊर्जा पर रोक लगाना हंगरी की अर्थव्यवस्था के लिए ''विनाशकारी'' होगा। ओर्बन ने कहा, मैंने अमेरिकी राष्ट्रपति से कहा ... कि यदि हंगरी को रूसी तेल और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति नहीं मिली तो एक मिनट के भीतर ही हंगरी की अर्थव्यवस्था प्रभावित होने लगेगी... इसका मतलब है कि हंगरी की अर्थव्यवस्था बर्बाद हो जाएगी।"

## ऑफ बीट

### जानवरों के लिए अस्तित्व की लड़ाई में रंग बड़ा हथियार



जानवरों की दुनिया अविश्वसनीय रूप से रंगीन है और रंग अस्तित्व के लिए लगातार जारी संघर्ष में अहम हथियार साबित होते हैं। ज्यादातर जानवर शिकारियों से बचने के लिए छलावरण का सहारा लेते हैं। वहीं, कुछ जानवर गहरे और चमकीले रंग दिखाकर संभावित शिकारियों को आगाह करते हैं कि वे उनके लिए उपयुक्त शिकार नहीं हैं। शिकारियों को आगाह करने की यह रणनीति "एपोसेमेटिज्म" या चेतावनी रंगीकरण कहलाती है। हालांकि, "एपोसेमेटिज्म" छलावरण से कम प्रचलित है, लेकिन पर्यावरणीय दबावों के कारण तितलियों, भृंगों, कीड़ों, समुद्री स्लग, जहरीले मेंढकों और यहां तक कि पक्षियों ने भी स्वतंत्र रूप से इस रणनीति को अपना लिया है। ऐसे में मन में यह सवाल उठना लाजमी है कि जानवरों की विभिन्न नस्लें इनमें से किसी एक रणनीति का इस्तेमाल क्यों करती हैं। क्या इनमें से कोई एक रणनीति आमतौर पर ज्यादा सफल होती है? किन विशिष्ट परिस्थितियों में एक रणनीति दूसरी रणनीति से बेहतर साबित होती है? 'साइंस' पत्रिमा में शुक्रवार को प्रकाशित हमारा नया अध्ययन इन सवालों के जवाब देने की कोशिश करता है।

## ट्रेंड

### मां दुर्गा की पूजा



नवरात्रि के दौरान, पश्चिम बंगाल एक विशेष ऊर्जा और आनंद से भरपूर होता है। आज कोलकाता में संतोष मित्रा स्क्वायर दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन किया और माँ दुर्गा की पूजा-अर्चना की। उनकी कृपा से सभी का कल्याण हो।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### मिग-21



भारत की सुरक्षा यात्रा में मिग -21 एक सारथी की तरह हमेशा हमारे साथ रहा। आने वाले समय में दुनिया कहेगी कि भारत वही देश है जिसने मिग -21 से शुरुआत की और आज फ्यूचर टेक्नॉलजी में विश्व का लीडर बना।

-राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री

### पेपर लीक



देशभर में बार-बार होने वाले पेपर लीक ने करोड़ों मेहनती युवाओं की ज़िंदगी और सपनों को तबाह कर दिया है। उत्तराखंड का यूकेएसएसएससी पेपर लीक इसका ताज़ा उदाहरण है। बीजेपी ने चोरी से लाखों युवाओं की पूरी मेहनत पर पानी फेर दिया।

-राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### लखपति दीदी अभियान



मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना ने केंद्र सरकार के लखपति दीदी अभियान को भी नई मजबूती दी है। मुद्रा योजना, ड्रोन दीदी अभियान, बीमा सखी अभियान, बैंक दीदी अभियान... ये सब भी आपके लिए रोजगार और स्वरोजगार के अवसर बना रहे हैं।

-केशव प्रसाद मौर्य, डिप्टी सीएम, उप्र

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# या देवी सर्वभूतेषु शक्ति-रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।



पड़ाव वाली महाकाली माता



एमएच हाउस गोल बाजार में विराजी मां दुर्गा की मनमोहक प्रतिमा



गढ़ाफाटक वाली मां बड़ी महाकाली



बाल रूप में विराजित भवानी
नव प्रगति दुर्गोत्सव समिति तुलसी नगर



बिनैकी-सुखा पाटन रोड



आदर्श दुर्गा उत्सव समिति अधारताल



जाबाली दुर्गोत्सव समिति हरदौल मंदिर चेरीताल



नवयुवक दुर्गोत्सव एवं श्री संकट मोचन हनुमान सेवा समिति गौतमजी की मढ़िया गढ़ा



न्यू गोल्डन दुर्गोत्सव समिति का शानदार 37 वां वर्ष रवींद्र नगर अधारताल



मां इंद्रप्रस्थ समिति आधारताल



कमला नेहरू नगर युवा दुर्गोत्सव समिति



वंदे मातरम युवा दुर्गोत्सव समिति
शिव मंदिर फूलसागर गढ़ा जबलपुर



सिद्धेश्वरी माता रिछाई जबलपुर






केवट मोहल्ला शाही नाका गढ़ा जबलपुर



सुखा गांव, पाटन बॉयपास चौराहा



नगर निगम जबलपुर



**खबर संक्षेप**

## एम.पी. ट्रांसको में 565 पदों के लिए ऑनलाइन परीक्षा

**जबलपुर।** ऊर्जा विभाग के अंतर्गत मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) में जनवरी 2025 मे जारी विज्ञापन के तहत विभिन्न पदों की भर्ती के पहले चरण की ऑनलाइन परीक्षा संपन्न हुई। इस परीक्षा में 565 पदों के लिए कुल 19,905 उम्मीदवार सम्मिलित हुए। परीक्षा प्रदेश के सात शहरों के 11 केंद्रों पर 22 से 24 सितंबर तक आयोजित की गई, जिसमें सहायक अभियंता (ट्रांसको), कनिष्ठ अभियंता (ट्रांसको), कनिष्ठ अभियंता (सिविल), सबस्टेशन अटेंडेंट एवं सर्वेयर अटेंडेंट के पद शामिल थे। भर्ती हेतु कुल 26,079 उम्मीदवारों ने आवेदन किया था, किंतु मुख्य परीक्षा में 19,905 ही उपस्थित हुए। इनमें सहायक अभियंता (ट्रांसको) के 3,125, कनिष्ठ अभियंता (ट्रांसको) के 6,710, कनिष्ठ अभियंता (सिविल) के 1,326, सबस्टेशन अटेंडेंट के 8,663 तथा सर्वेयर अटेंडेंट पद के लिए 71 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए।

## खालसा कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय सूक्ष्म जीव दिवस मनाया

**जबलपुर।** श्री गुरु तेग बहादुर खालसा महाविद्यालय में बायोटेक्नोलॉजी एवं माइक्रो बायोलॉजी विभाग द्वारा माइक्रो बायोलॉजी सोसायटी, इंडिया (MBS) के सहयोग से "Celebrating Microbial Diversity & Innovation" विषय पर अंतर्राष्ट्रीय सूक्ष्म जीव दिवस का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरएस चंडोक के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर विविध प्रतियोगिताओं- वैज्ञानिक रंगोली, पोस्टर मेकिंग तथा निबंध प्रमुख आकर्षण रहे, जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों ने सूक्ष्म जीवों की विविधता, उनके महत्व एवं नवीन खोजों पर अपनी रचनात्मक प्रस्तुति की। इस अवसर पर प्राचार्य श्री चंडोक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सूक्ष्म जीव भले ही अदृश्य हैं पर उनका योगदान विशाल है। यह आयोजन केवल विज्ञान का उत्सव नहीं है, यह सृजन, नवाचार और प्रगति का प्रतीक है।कार्यक्रम का संचालन विभागीय प्राध्यापक शिखा पाराशर, डॉ. हर्षिता शुक्ला, डॉ. सौरभ गुप्ता, डॉ. प्रवीण मानकर एवं आसिफ बेग, संगीता श्रीवास्तव द्वारा किया गया। आयोजन में डॉ. विपिन राय, प्रकृति विश्वास, डॉ. विंगल शुक्ला, डॉ. रोहित वर्मा, डॉ. संध्या कोष्टा, डॉ. संजय गुप्ता, डॉ. आरती शुक्ला सहित समस्त प्राध्यापक एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

## शिक्षाविद प्रो. रमेश चंद्र चौबे के जन्म दिवस व स्थापना दिवस पर आयोजन आज

**जबलपुर।** नवयुग कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में 27 सितम्बर को प्रातः 10 बजे से शिक्षाविद प्रो. रमेश चंद्र चौबे का जन्म दिवस व स्थापना दिवस महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. संजय तिवारी के निर्देशन में धूमधाम से मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम के प्रथम सत्र में कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. नरेशचंद्र त्रिपाठी, प्राचार्य गो.से. अर्थ वाणिज्य स्वशासी महाविद्यालय, मुख्य अतिथि डॉ. विवेक मिश्रा, छात्रसंघ कल्याण अधिष्ठाता मुख्य वक्ता डॉ. अरुण शुक्ला, विभागाध्यक्ष हिन्दी विभाग पीएम श्री शास. महाकोशल महाविद्यालय रहेंगे।स्थापना सत्र के द्वितीय सत्र में मुख्य अतिथि अशोक रोहाणी विधायक केंट होंगे, अध्यक्षता प्रो. राजेश कुमार वर्मा, कुलगुरु रादुविवि, सारस्वत अतिथि डॉ. पंजाब राव चंदेलकर, अतिरिक्त संचालक, मुख्य वक्ता डॉ. शोभासिंह, पूर्व प्राचार्य नवयुग महाविद्यालय, विशिष्ट अतिथि प्रो. अल्केश चतुर्वेदी, प्राचार्य पीएम श्री शास. महाकोशल, डॉ. अजय कुमार गुप्ता, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, उच्च शिक्षा, विशिष्ट अतिथि डॉ. मंजुला चौबे अध्यक्ष शासी निकाय नवयुग महाविद्यालय, विशिष्ट अतिथि राहुल चौबे अध्यक्ष नवयुग शिक्षा समिति होंगे। कार्यक्रम संयोजक डॉ. अनुजा तिवारी विभागाध्यक्ष शिक्षा संकाय हैं।

# दुर्गोत्सव की झांकियों में ऑपरेशन सिंदूर की झलक

## शारदेय नवरात्र की पंचमी आज, सड़कों पर उतरेगा जनसैलाब

**जबलपुर।** शारदेय नवरात्रि में शहर में पूरी तरह से धार्मिक वातावरण बना हुआ है। पूरा शहर आकर्षक विद्युत साज सज्जा से जगमगा रहा हैं। शहर में एक से बढ़कर एक भव्य झांकियां बनाई गई है। गढ़ा गुलौआ में भारत, पाक युद्ध के दौरान चलाए गए सिंदूर ऑपरेशन की झांकियां सजाई गई जिसमें मातृ शक्ति को नमन किया जा रहा हैं और युद्ध में इस्तेमाल किए गए मिसाइलों व युद्धपोत से चित्रण किया गया है। वहीं सिविल लाईन में जबलपुर के फ्लाईओवर की झांकी सजाई गई है तो वहीं दूसरी ओर सदर आजाद चौक में डिज्नीलैंड की झांकी और यादव कालोनी में द हॉरर ट्रेन की झांकी सजाई गई है। वहीं कांचघर बाई का बगीचा, देवताल मदनमहल की पहाड़ी में चलित झांकियां प्रदर्शन के लिए तैयार हो गई है। आज शारदेय नवरात्र की पंचमी से सड़कों पर श्रद्धालुओं का सैलाब सड़कों पर उतरेगा। आज शनिवार को नवरात्रि की पंचमी तिथि है। पंचमी के माँ के पांचवे स्वरुप स्कंद माता का पूजन किया जाएगा, तथा भगवती का पांच प्रकार के वस्त्रों से श्रृंगार किया जाएगा। पंचमी तिथि को प्रायः



अधिकांश स्थानों पर जगत जननी की प्रतिमाओं की स्थापना कर ली जाएगी, और इसी के साथ ही माँ के विविध रुपों के दर्शनार्थ श्रद्धालुओं का जनसैलाब सड़कों पर दिखाई देगा। गढ़ाफाटक



और पड़ाव की महारानी के रुप में प्रसिद्ध माता महाकाली के दरबार में भक्तों का सैलाब उमड़ रहा है। सुबह से ही पूजन अर्चन करने वालों का तांता लग जाता है जो देर रात तक जारी रहता है।

### इच्छाओं को पूर्ण करती हैं स्कंदमाता

आदिशक्ति का पांचवा स्वरूप स्कंदमाता है। कुमार कार्तिकेय की माता होने के कारण इन्हें स्कंद माता कहा जाता है। नवरात्र के पंचम दिन इनकी पूजा और आराधना की जाती है। ज्योतिषाचार्य पंड़ति पीएल गौतमाचार्य के अनुसार इनकी आराधना से विशुद्ध चक्र के जाग्रत होने वाली सिद्धियां स्वतः ही प्राप्त हो जाती है, तथा मृत्युलोक में ही साधक को परम शक्ति और सुख का अनुभव होने लगता हैं। भक्त की समस्त इच्छाओं को पूर्ण करने माँ आध्यात्मिक दर्शन देती है।

### सज गया पूरा शहर

शनिवार को प्रायः सभी स्थानों पर विधिवत पंचमी की पूजा अर्चना के साथ माँ जगत जननी की प्रतिमाओं की स्थापना कर ली जायेंगी, तथा आज से ही मातारानी के विविध स्वरुपों के दर्शनार्थ श्रद्धालुओं का जन सैलाब सड़कों पर दिखाई देगा। दुर्गोत्सव पर्व पर नगर पथ आकर्षक विद्युत साज सज्जा से सज गया है। दुर्गा पंडाल सज-धज कर तैयार है। पंडालों से लेकर सड़कों के दोनों किनारों तक जगमग रोशनी लोगों का मन मोह रही है।



## गोविंदगंज रामलीलाः रावण ने छल से किया सीता का हरण

**रामलीला में मंचन देख श्रद्धालु भाव विहाल**

**जबलपुर।** संसार में साधू होना कठिन है, पर साधू बनना सरल है, कोई भी साधू बन कर किसी को भी छल सकता है। ये बात गोविंदगंज रामलीला में रावण ने मारीच से कही। रावण के इस व्यंग्य को समझदार दर्शक समझ गए। बहरहाल लीला प्रसंग के तहत मारीच मायामृग बना, और रावण ने सीता का हरण कर लिया। सीता हरण की लीला देख दर्शक भाव विहल हो गए। सीता विलाप और फिर उन्हें ढूंढने निकले श्रीराम का विलाम दर्शकों को दुखी कर गया।**देवी सीते हो खबरदार-** देवी सीते हो खबरदार अब तू मेरे पंजे में है-मैं लंकापति रावण हूं अब तू मेरे कब्जे में है, मैं शूर्पणखा का भाई हूं क्या नहीं जानती है मुझको-मैं लंकापति रावण हूं लंका ले जाउंगा तुझको। ये कहते हुए रावण ने सीता का हरण कर लिया। अध्यक्ष अनिल तिवारी ने बताया कि श्रीराम के रूप में ओम दुबे, रावण के रूप में पवन पांडे, सुतीक्षण के रूप में शंकर शर्मा, ने बढ़यि रोल किया।**आज आएंगे अंजनीनंदन-** श्री तिवारी ने बताया कि आज से मंच पर रामभक्त हनुमान का आगमन होगा। उन्होंने बताया कि हनुमानजी को मुकुट बड़े विधि विधान से धारण कराई जाती है। पूजन-अर्चन के बाद अंजनीनंदन रामलीला के हो जाते हैं। प्रभु से मिलने का प्रसंग बड़ा रोचक है। आज राम-हनुमान मिलन के साथ ही शबरी नवधा भक्ति और फिर बालि वध की लीला होगी।

## धनुष यज्ञ रामलीला समिति सदर



**जबलपुर।** धनुष यज्ञ रामलीला समिति सदर भारत अयोध्या आगमन चित्रकूट गमन चित्रकूट सभा, अयोध्या जैसे भारत की आते हैं अपनी माता से कहते हैं तुमने यह क्या किया मां केकेई मैं जीते जी मर गया, संपूर्ण संसार में अभागा हो गया। भगवान राम कहते हैं, पिता वचन संसार मे विद्वान हो चुके हैं रघुकुल की, रीति वचन महत्वपूर्ण ,वशिष्ठ विराट प्रेम भाइयों अश्रु धारा नेत्रों से निरंतर केकेई,भी चलो राम अयोध्या चलो,राम नहीं माता तुम महान हो कह कर गले लगाते हैं, भैया की खड़ाऊ सर पर रख अयोध्या चलते हैं। आज 27 सितंबर को शुर्पनखा बीरूपीकरण, लीला का मंचन किया जाएगा। उपस्थिति की अपील सीताराम कुरचानिया संदीप चौकसे प्रकाश सोनी धनंजय बाजपेई आदि ने की है।

## हे राम......कहते दशरथ ने त्यागे प्राण



**गढा. रामलीला में दशरथ मरण एवं भरत आगमन की लीला संपन्न**

**जबलपुर।** श्री रामलीला समिति गढा जबालीपुरम में सबसे पहले भगवान श्रीराम की आरती संचालक पंडित अशोक मनोध्याय, हनुमत ज्वेलर्स संचालक नीलेश सोनी,नवीन पटेल, संत सिंह परिहार, खेरमाई महिला मानस मंडल गुलौआ से श्रीमती राधा नेमा,भागवती सोनी, सीता तिवारी, और श्रीमती ज्योति निर्देशक राजेश मिश्रा, अध्यक्ष राकेश पाठक,मंत्री लोकराम कोरी,विजय नेमा,कैलाश नेमा, पंकज अवस्थी, अशोक बघेल दादा भाई, मदन गोपाल पटेल,मनोज कासिव ने भगवान का माल्यार्पण और भोग लगाकर आरती की।मंचीय लीला में आज चक्रवर्ती महाराज दशरथ को सुमंत्र द्वारा यह समाचार सुनाए जाने पर कि राम, लक्ष्मण और सीता बहुत समझाने के बाद भी वन से वापस नहीं आए हैं इतना सुनते ही महाराज दशरथ ने "राम राम हा... राम "पुकारते हुए अपने प्राण त्याग दिए एवं स्वर्ग सिधार गए। यह दृश्य देखकर दर्शकों की आंखें नम हो गई। वहां श्री राम लक्ष्मण सीता महर्षि वाल्मीकि के बताए हुए स्थल चित्रकूट में निवास करने लगे। इस मंचन को देखकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए।आज शनिवार को सोमवार को शूर्पणखा चरित्र खर दूषण वध एवं सीता हरण की रोचक लीला का मंचन होगा समस्त भक्त जनों से अनुरोध है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर लीला का आनंद लें



## नर्मदा हॉल में हुआ नर्सिंग सम्मेलन

**जबलपुर।** मुख्यालय मध्य भारत एरिया के तत्वाधान में सैनिक अस्पताल,जबलपुर में सैन्य नर्सिंग सेवा के 100 गौरवशाली वार्षिक समारोह के उपलक्ष्य में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के तहत एक नर्सिंग सम्मेलन आयोजित किया गया। नर्मदा हॉल, सैनिक अस्पताल जबलपुर में 'वेंटिलेटर पर मरीजों की देखभाल' विषय पर आयोजित इस सम्मेलन में, मेजर पार्वती चंद ने नर्सिंग संगोष्ठी प्रदर्शन के तहत इस विषय पर सम्पूर्ण जानकारी दी एवं नर्सिंग अधिकारियों के साक्ष्य-आधारित देखभाल में महत्वपूर्ण भूमिका की विवेचना की,जिससे रोगियों की स्थिति में सुधार होता है और जटिलताओं को रोका जा सकता है। सम्मलेन के दौरान क्रिटिकल केयर यूनिट्स में नर्सिंग अधिकारियों की भूमिका पर प्रकाश डाला गया ।सम्मेलन में मुख्य अतिथि मेजर जनरल अजय दीप सुद, मेजर जनरल मेडिकल मुख्यालय मध्य भारत एरिया उपस्थित रहे।

## स्वर्णकार महिला संगठन ने आयोजित किया गरबा महोत्सव

**जबलपुर।** सनातन परंपरा माँ जगदम्बा को समर्पित स्वर्णकार महिला संगठन का गरबा महोत्सव जगदम्बे की आरती के साथ प्रारंभ होकर पूरे हर्षोल्लास के साथ एमजी पैलेस दमोहनाका में संपन्न हुआ। स्वर्णकार समाज के बंधुओं एवं महिलाओं ने अपना सान्निध्य प्रदान कर इसके हर पल को खास एवं यादगार बना दिया। महिला संगठन का यह प्रथम प्रयास था जिसमें संगठन की अध्यक्ष विमलेश सराफ, कामिनी सोनी, मनीषा सोनी, राजश्री सोनी, सीमा छनिया, संगीता सोनी, किशोरी सोनी, रत्ना, विनीता, श्वेता, पूजा, निर्मला, कल्पना, संजना, रीता, प्रीति, वेदिका, किरण, गुंजन, सोनम, शिल्पी, श्वेता, अनीता, आराधना, प्रियंका सहित संगठन



एवं स्वर्णकार सोशल ग्रुप के सुरेश सराफ, शंकरलाल, विनोद सोनी, लक्की सराफ के सहयोग से गरबा अमृत महोत्सव कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को उपहार एवं लकी ड्रा में फ्रिज, कूलर, वाशिंग मशीन, एलडी, सहित अनेक उपहार प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन एड. सुनील सोनी, अशोक शिवगंगा एवं आभार प्रदर्शन महेन्द्र छनिया, सुशील सोनी, संतोष देवांश, महेन्द्र सराफ, अमित सराफ, कन्हाई सोनी ने किया।

## "भारतीय ज्ञान प्रणाली में कौशल विकास के लिए पर्याप्त अवसर"

**जबलपुर।** जी.एस. कॉलेज, जबलपुर में 26 सितम्बर को डॉ. (श्रीमती) शुभदा पाण्डेय स्मृति अन्तर शालेय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन रोटरी क्लब, जबलपुर प्रीमियर के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय के मुख्य सभागार में आयोजित हुआ। वाद-विवाद का विषय इस सदन की राय में "भारतीय ज्ञान प्रणाली में कौशल विकास के लिए अपार अवसर हैं" रहा। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्जवलित कर की गई एवं स्वर्गीय डॉ. (श्रीमती) शुभदा पाण्डेय के तैलचित्र पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. आरती पटेल ने अतिथि स्वागत के साथ प्रतिभागी विद्यालयों के संबंध में जानकारी दी कि प्रतियोगिता में पक्ष-विपक्ष में 13 विद्यालयों के विद्यार्थियों ने अपने विचार रखे। विद्यार्थियों ने कहा कि वर्तमान



समय में भारतीय ज्ञान परम्परा के संबंध में शिक्षा नीति के माध्यम से कौशल विकास के कार्य में सहायक हैं। विभिन्न महापुरुषों में भी कोई न कोई कौशल था, जो भारतीय परम्परा के प्रतीक हैं। इस प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में डॉ. विवेक मिश्रा, डॉ. उर्वशी बराट एवं पंकज स्वामी ने अदा की। प्राचार्य डॉ. नरेश चन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि विद्यार्थियों को वर्तमान परिपेक्ष्य में भारतीय ज्ञान परम्परा के माध्यम से संस्कृति, संस्कार का ज्ञान प्राप्त हो रहा है। डॉ. अमरेन्द्र पाण्डेय ने कहा कि युवा वर्ग की चुनौती के लिए कौशल विकास आवश्यक है। कार्यक्रम में समिति के सभी सदस्यों का उल्लेखनीय सहयोग रहा। संचालन डॉ. ज्ञानेन्द्र त्रिपाठी एवं सुमोना घोष तथा आभार डॉ. शिव कुमार व्यास द्वारा किया गया।



## बाल रूप में विराजी भवानी

**जबलपुर।** नव प्रगति दुर्गौत्सव समिति तुलसी नगर में इस वर्ष बाल रूप में मां का दरबार सजाया गया है।समिति के अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता एवं उपाध्यक्ष जगदेव मिश्रा ने बताया कि अष्टमी पर महाआरती का आयोजन प्रतिवर्ष अनुसार किया जाएगा।कोषाध्यक्ष अनिमेष चौरसिया एवं संरक्षक रितेश अग्रवाल ने बताया कि दसवीं को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।समिति के सचिव रोहित दुबे ने बताया कि संस्कारधानी के प्रसिद्ध चल समारोह में पांचवें स्थान पर नव दुर्गौत्सव समिति को स्थान दिया गया है।

## कतिया समाज का परिचय एवं सामूहिक विवाह सम्मेलन 8 फरवरी को

**जबलपुर।** कतिया समाज जबलपुर द्वारा 8 फरवरी 2026 को एक भव्य विशाल परिचय एवं सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए अध्यक्ष एड. प्रतीक पठारिया ने बताया कि यह सम्मेलन लगभग 14 वर्षों बाद पुनः जबलपुर में आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर सुखदेव अरसे पहलवान, कमल नायक, सुनील ब्रह्मावंशी, वीरेंद्र बेलवशी, गुलाब वकलवार, नोखे लाल नागवंशी, जयदीप ब्रह्मवंशी, एन.पी. जौहरे, संदीप पगारे, चंदा नायक, अनिल नागवंशी, कमलेश कतिया सहित अन्य समाजसेवी उपस्थित रहे। सम्मेलन स्थल, समय एवं सहभागिता की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी बाद में तय की जाएगी।



## जिला डांस प्रतियोगिता 28 को

**जबलपुर।** जिला डांस स्पोर्ट्स एसोसिएशन, एमपी डांस स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव मनीष कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि आगामी 28/9/2025 को जिला डांस स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें जबलपुर एवं मध्य प्रदेश के सभी बच्चों की टीम भाग ले रही है, यह प्रतियोगिता 28 सितम्बर 2025 को मान कुंवर मैरिज गार्डन में सुबह 9:00 बजे से होने जा रही है जिसमें स्टूडेंट की एंट्री फीस निःशुल्क रखी गई है, सभी खिलाड़ी बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। पता- मान कुंवर मैरिज गार्डन में सुबह 9:00 बजे से प्रतियोगिता शुरू हो जाएगी अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें मनीष श्रीवास्तव संपर्क सूत्र 99810 39900.

## शिव शक्ति महिला मंडल ने निकाली चुनरी यात्रा

**जबलपुर।**

प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी शिव शक्ति महिला मंडल द्वारा विशाल चुनरी यात्रा का आयोजन किया गया। यह धार्मिक यात्रा हनुमानताल दुर्गा मंदिर से प्रारंभ होकर बड़ी महाकाली गढ़ा फाटक तक भक्ति और श्रद्धा के माहौल में निकाली गई। चुनरी यात्रा में विधायक अभिलाष पांडे, पूर्व मंत्री शरद जैन, एमआईसी सदस्य एवं पार्षद राम सोनकर, पार्षद कविता रैकवार तथा गोविंद रैकवार समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। शिव शक्ति महिला मंडल की महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में भक्ति गीतों के साथ माँ दुर्गा की



चुनरी अर्पित की। इस अवसर पर ढोल-नगाड़ों, भजन मंडलियों और भक्तों के जयकारों से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो उठा। चुनरी यात्रा के बाद महिला मंडल द्वारा प्रसाद वितरण किया गया।

## फिल्म का नाम "120 बहादुर वीर अहीर" रखा जाए

### यादव महासभा ने राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर।** यादव सभा एवं संयुक्त पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने मप्र में ओबीसी की 13 प्रतिशत होल्ड समाप्त करने की मांग पर आक्रोश व्यक्त कर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन जिला कलेक्टर को सौंपा। बताया गया वर्ष 1962 में भारत-चीन युद्ध के दौरान 1800 फुट की ऊंचाई पर रेजंगला चौकी पर पदस्थ खुमाईयू रेजीमेंट के 120 जवानों ने चीन से युद्ध किया, उसमें 114 अहीर जाति के जवानों ने चीन को कब्जा करने नहीं दिया और शहीद हो गए, उनके नाम पर रेजंगला स्मारक जो कि अहीरों के नाम पर जाना जाता है, उसे और भव्य बनाया जाए। साथ ही फिल्म निर्माता फरान अख्तर "120 बहादुर" नाम से जो फिल्म बना रहे हैं उसमें अहीरों को कम करके आंका गया है, अतः फिल्म का नाम 120 बहादुर की जगह "120 बहादुर वीर अहीर" रखा जाए। मोर्चा ने बताया केन्द्र



सरकार ने जातिगत जनगणना की घोषणा की है, लेकिन जनसंख्या जनगणना कालम में जाति का कॉलम नहीं है, अतः उसे जोड़ा जाए और ओबीसी की संख्या के अनुपात में हिस्सेदारी तय हो, मंडल आयोग की समस्त सिफारिशें लागू की जाएं। ज्ञापन के दौरान यादव सभा व संयुक्त पिछड़ा मोर्चा के घनश्याम यादव, रामरतन यादव, धर्मेन्द्र कुशवाहा, अशोक यादव, जितेन्द्र यादव, डॉ. बालमुकुंद यादव, देवेन्द्र, मुन्ना यादव, एड. ओपी यादव, शैलेष लोधी, एड. शारदा यादव, एड. गयाप्रसाद कुशवाहा, राजेन्द्र पिल्ले, इन्द्रकुमार कुलस्ते, विजय यादव फौजी, सुरेन्द्र यादव फौजी, शिव यादव फौजी सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

## एक पौधा धरती मां के नाम पर पौधारोपण कल

**जबलपुर।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के द्वारा 28 सितंबर को प्रातः 10 बजे 'एक पौधा धरती मां के नाम' पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन रामपुर डाकघर के सामने स्थित स्मृति उद्यान में किया गया है। पिछले दो वर्षों से आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में अब तक 250 पौधों का रोपण किया गया है। इस बार के कार्यक्रम में 354 पौधों को रौंपने की योजना है। इस कार्यक्रम में जबलपुर स्थित समस्त विद्युत कंपनियों के कार्मिक को पौधा रोपण के लिए आमंत्रित किया गया है।

## मदन महल दरगाह अकीदत का मर्कज : सूफी मुबारक कादरी

### अकीदतमंदों ने पेश की चादरें शरीफ

**जबलपुर।** मदन महल पहाड़ी पर स्थित हजरत पीराने पीर की दरगाह में जुमेरात को पहले मेले का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने चादरें शरीफ पेश कर अपनी अकीदत पेश की। दिन भर मदन महल पहाड़ी "गौस अलमदद" के नारों से गूंजती रही।अपरान्ह में जल्सा-ए-गौसिया में हज़रत अल्लामा अल्हाज सैय्यद इकबाल अहमद शम्स रब्बानी एवं मुतवल्ली सैयद कादिर अली कादरी की सदारत में सूफी मुबारक कादरी ने कहा कि मदन महल दरगाह अकीदत का मर्कज है, जहाँ हिंदू, मुस्लिम, सिख और ईसाई सभी धर्म के लोग आते हैं और फैज़ पाते हैं।

जल्से में सज्जादानशीन बासित कादरी ने मनक़बत पाक पेश की। आफताब कादरी, निजाम कादरी,



इनायत कादरी, अब्बू बाबा कादरी, असगर कादरी, आबिद कादरी, इदरीस कादरी, अंसार कादरी, याकूब शाह, सलामत कादरी, शराफत कादरी, आशु कादरी नेताजी और जलील शाह ने मेहमान हजरात का इस्तकबाल किया और तबरुख पेश किया। बाद नमाज मगरिब सालातो सलाम पेश किया गया एवं मुतवल्ली साहब ने मुल्क की तरक्की खुशहाली की दुआ मांगी।

सज्जादानशीन इनायत कादरी ने बताया कि आगामी 4 अक्टूबर शनिवार को ग्यारहवीं शरीफ के प्रमुख मेले (उर्स) का आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्थानीय और दूर-दराज से श्रद्धालु अकीदतमंद अपनी हाजिरी पेश करेंगे।

बिना बिजली कनेक्शन के लगा दिया गया प्रोजेक्ट, एक भी दिन नहीं हुआ उस पर काम, मशीनें हुईं चोरी

# 8 साल पहले लापरवाही की भेंट चढ़ी इंसिनेटर मशीन, फिर से करोड़ों खर्च करने की तैयारी

डॉ. संदीप उपाध्याय ▶▶ भिलाई

**नगर निगम ने 8 साल पहले अहिरवारा विधानसभा अंतर्गत सेमरिया ग्राम पंचायत में मवेशियों के शव को बर्न करने के लिए 67 लाख रुपए की लागत से एक इंसिनेटर मशीन लगाई थी। मशीन तो लग गई, लेकिन बिजली व्यवस्था नहीं होने से प्रोजेक्ट एक भी दिन नहीं चला। पिछले 8 सालों में यहां की सभी मशीनें चोरी हो गईं हैं। अब निगम फिर से यहां करोड़ों रुपए खर्च करके इस प्रोजेक्ट को चालू कर रहा है।**

खास खबर

निगम अंतर्गत बागडूमर से लगे सेमरिया गांव में निगम ने जमीन के दो बड़े पैच को अपने नाम पर लिया था। एक जमीन का पैच करीब 34 एकड़ और दूसरा 39 एकड़ का था। कुल 75 एकड़ शासकीय जमीन को लेकर साल 2016-17 में वहां 67 लाख रुपए की लागत से जानवरों के शव को जलाने के लिए शवदाह गृह इंसिनेटर मशीन लगाई थी। शेष जमीन में अवारा मवेशियों को रखने के लिए गौठान बनाने की योजना थी। इस प्रोजेक्ट को इतनी जल्दबाजी में आमलीजामा पहनाया कि जिस जगह प्रोजेक्ट लगाया जा रहा है उसे रन करने के लिए वहां बिजली की सुविधा है कि नहीं। निगम के अधिकारियों ने रायपुर के संजय मिश्रा को कंसलटेंट एजेंसी बनाया। संजय मिश्रा ने अमरावती प्राइवेट लिमिटेड गुड़गांव की कंपनी से मशीन मंगाई और प्रोजेक्ट को लगा दिया। जब मशीन को चालू करने की बारी आई तो पता चला कि वहां बिजली ही नहीं है। इसके बाद कंपनी मशीन फिट करके चली गई और वह एक दिन भी नहीं चला।





**बिजली व्यवस्था के खर्च को देख निगम ने खड़े किए हाथः** इस प्रोजेक्ट को निगम के तत्कालीन ईई पीके देवांगन, एई वेशराम सिन्हा और सब इंजीनियर कुलदीप गुप्ता की देखरेख में शुरू किया गया। जब उन्होंने मशीन लग जाने के बाद बिजली और ट्रांसफार्मर का खर्च बिजली विभाग से मांगा तो पता चला कि इसमें दो करोड़ रुपए का खर्च आएगा। इतना बड़ा बजट देखकर निगम के अधिकारी डर गए और उन्होंने प्रोजेक्ट को चोरों के भरोसे लावारिश छोड़ दिया।

### अब फिर से प्रोजेक्ट शुरू करने की तैयारी

निगम के इंजीनियर अर्पित बंजारे ने बताया कि फिर से इस प्रोजेक्ट को शुरू करने के लिए निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने निर्देश दिए हैं। जोन 2 को इसके सर्वे का काम दिया गया है। वहां बिजली व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्था को देखने और बजट बनाने का काम दिया गया है।

### चोरी हो गईं सभी मशीनें जमीन पर हुआ कब्जा

निगम ने जो 67 लाख रुपए की लागत से प्रोजेक्ट लगाया था उसकी सभी मशीनों को नशेड़ी और आवारा किस्म के लोगों ने चोरी कर लिया है। स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली ने बताया कि उन्होंने भी वहां निरीक्षण के दौरान पाया है कि मशीनें चोरी हुई हैं और कुछ जमीन पर कब्जा हुआ है। निगम की टीम जल्द कब्जा हटाकर प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाएगी।

संजय कपूर प्रॉपर्टी विवाद

# 'बैंक अकाउंट से पैसा गायब' करिश्मा के बच्चों का दावा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संजय कपूर संपत्ति विवाद अभी दिल्ली हाई कोर्ट में लंबित है। करिश्मा कपूर के बच्चों- समायरा और कियान, साथ ही संजय की मां और बहन ने उनकी पत्नी प्रिया सचदेव कपूर के खिलाफ संजय की वसीयत को छुपाने और धोखाधड़ी करने का केस दर्ज कराया है।

गुरुवार को हुई सुनवाई के दौरान, संजय की एक्स वाइफ करिश्मा के वकील ने दावा किया कि दिवंगत बिजनेसमैन ने वसीयत में जिन पैसों का जिक्र किया था वो बैंक अकाउंट से गायब हो गए हैं। उनका कहना है बैंक अकाउंट से सारा पैसा गायब कर दिया गया है, जिसका खुलासा संजय द्वारा छोड़ी गई उनकी कथित वसीयत में किया गया है।



### इधर, वसीयत गोपनीय रखनी चाहती है प्रिया

इस मामले में सुनवाई हुई, जिसमें प्रिया ने ये अनुमति मांगी कि वह संजय कपूर की संपत्तियों की सूची सीलबंद लिफाफे में दाखिल कर सकें। सुनवाई के दौरान प्रिया कपूर के वकील ने कहा कि, 'मेरी बस यही मांग है कि वसीयत को सीलबंद लिफाफे में दाखिल करने की अनुमति दी जाए। ताकि यह जानकारी आम जनता और मीडिया तक न पहुंचे. हालांकि कोर्ट ने उनकी दलील को नकार दिया।

### यह है मामला

*मालूम हो कि, दिवंगत बिजनेसमैन संजय कपूर की करीब 30,000 करोड़ की संपत्तियों पर दावा किया जा रहा है। संजय कपूर की अचानक मृत्यु के बाद उनकी संपति पर विवाद खड़ा हुआ. इसके लिए अब उनकी पहली पत्नी, एक्ट्रेस करिश्मा कपूर से हुए बच्चे- समायरा और कियान हालिया पत्नी प्रिया कपूर के खिलाफ कानूनी लड़ाई लड़ रहे हैं।*

## सहमति से यौन संबंध पर नवंबर में सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि नाबालिगों के लिए सहमति से यौन संबंध बनाने की वैधानिक आयु से जुड़े मुद्दे की सुनवाई 12 नवंबर से करेगा। जस्टिस विक्रम नाथ की अगुवाई वाली बेंच ने कहा कि हम चाहेंगे कि यह मामला एक बार शुरू होकर निरंतर चले, न कि टुकड़ों में। केंद्र सरकार ने 18 वर्ष की आयु को सहमति की वैधानिक सीमा बनाए रखने का समर्थन किया है। एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी के माध्यम से दाखिल लिखित दलीलों में कहा गया कि यह निर्णय 'सावधानीपूर्वक और विचारपूर्वक' लिया गया नीति विकल्प है, जिसका उद्देश्य नाबालिगों को यौन शोषण से बचाना है।

संयुक्त राष्ट्र महासभा में हुई 'तीन गड़बड़ियों' पर भड़के राष्ट्रपति ट्रंप

# मेरे खिलाफ हुई साजिश... संयुक्त राष्ट्र को शर्म आनी चाहिए

एजेंसी ▶▶ न्यूयार्क

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जब मंगलवार, 23 सितंबर को संयुक्त राष्ट्र में भाषण देने पहुंचे थे उनके साथ तीन ऐसी चीज हुई थी जिसे उन्होंने ट्रिपल साजिश करार दिया है- वो जिस एस्केलेटर (खुद चलने वाली सीढ़ी) पर थे वो अचानक रुक गया, भाषण के बीच उनका टेलीप्रॉम्प्टर खराब हो गया और साथ ही साउंड सिस्टम में भी खराबी आई। अब ट्रंप इसे साजिश करार देते हुए जांच की मांग पर अड़ गए हैं। सोशल मीडिया पर एक लंबा पोस्ट डालकर ट्रंप ने अपनी नाराजगी दिखाई है। उन्होंने दुर्घटनाओं की श्रृंखला को 'बहुत भयावह' बताया है, लोगों की गिरफ्तार करने की मांग की है और कहा कि खुफिया एजेंसी भी जांच कर रही है।

**महासचिव को पत्र लिखकर जांच कराने कहा**

**यूएन एस्केलेटर कांड की जांच करेगी अमेरिकी एजेंसी**



### यह कोई संयोग नहीं था

ट्रंप ने अपने ट्रुथ सोशल प्लेटफॉर्म पर कहा, 'यह कोई संयोग नहीं था, यह संयुक्त राष्ट्र में तिहरा सैबोटाज (जानबुझ कर खराबी लाना) था. उन्हें खुद पर शर्म आनी चाहिए मैं इस लेटर की एक कॉपी यूएन महासचिव को भेज रहा हूं, और मैं तत्काल जांच की मांग करता हूं। इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि संयुक्त राष्ट्र वह काम करने में सक्षम नहीं है जिसके लिए उसे बनाया गया था।' ट्रंप ने आगे कहा कि एस्केलेटर के रुकने से एक 'वास्तविक आपदा' हो सकता था। उन्होंने कहा, 'यह आश्चर्यजनक है कि मेलानिया और मैं इन स्टील सीढ़ियों के तेज किनारों पर चेहरे के बल नहीं गिरे।'

### खुद ट्रंप के स्टाफ मेंबर दोषी?

*हालांकि दूसरी तरफ संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि मंगलवार को न्यूयॉर्क में उसके मुख्यालय में ट्रंप से जुड़ीं जो घटनाएं हुईं। वे आकस्मिक थीं कोई साजिश नहीं। उन घटनाओं के लिए आंशिक रूप से व्हाइट हाउस के कर्मचारियों को ही जिम्मेदार ठहराया गया है। संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा कि ट्रंप के ही एक वीडियोग्राफर ने एस्केलेटर पर 'अनजाने में सेफ्टी फंक्शन शुरू (ट्रिगर) कर दिया होगा। उन्होंने कहा कि टेलीप्रॉम्प्टर के बारे में, हमारे पास कोई टिप्पणी नहीं है क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति के लिए टेलीप्रॉम्प्टर व्हाइट हाउस ही ऑपरेट करता है।*

### ट्रंप के साथ क्या हुआ था

वीडियो फुटेज में दिखा था कि जब 79 साल के राष्ट्रपति और उनकी पत्नी (फर्स्ट लेडी) मेलानिया ट्रंप मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में एस्केलेटर पर चढ़ रहे थे, अचानक एस्केलेटर बंद हो गया। उन्हें खुद से सीढ़ी चढ़ने के लिए मजबूर होना पड़ा। फिर, जैसे ही उन्होंने अपना भाषण शुरू किया, उनका टेलीप्रॉम्प्टर काम नहीं कर रहा था। इसके बाद संयुक्त राष्ट्र सभागार में साउंड सिस्टम भी 'पूरी तरह से बंद' था।

# कर्नल गद्दाफी से लिया चंदा, पूर्व राष्ट्रपति सरकोजी को जेल

एजेंसी ▶▶ पेरिस



फ्रांस के पूर्व राष्ट्रपति निकोलस सरकोजी को गुरुवार को पेरिस की एक अदालत ने पांच साल की जेल की सजा सुनाई है। अदालत ने उन्हें लीबिया के तत्कालीन नेता मुअम्मर गद्दाफी से अवैध चुनावी चंदा लेने की आपराधिक साजिश में दोषी पाया है। आरोप था कि 2007 के राष्ट्रपति चुनाव में सरकोजी ने गद्दाफी से गुप्त सौदा किया था और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अलग-थलग पड़े लीबियाई शासन को समर्थन देने के बदले चुनावी फंडिंग ली थी। जज ने कहा कि यह साबित नहीं हुआ कि गद्दाफी ने सीधे सरकोजी को पैसे भेजे या वह धनराशि उनके चुनाव अभियान तक पहुंची लेकिन अदालत ने माना कि सरकोजी ने लीबिया के साथ अवैध चुनावी सौदेबाजी की। उन्हें अन्य भ्रष्टाचार के आरोपों से बरी कर दिया गया।

### 5 साल की सजा

सरकोजी को 5 साल जेल की सजा हुई है। अदालत ने उन पर 1 लाख यूरो का जुर्माना भी लगाया है। खास बात यह है कि अपील दायर करने पर भी सरकोजी को जेल जाना ही होगा। सरकोजी ने हमेशा इन आरोपों से इनकार किया है। उनका कहना है कि यह मामला राजनीतिक बदले की कार्रवाई है और उनके खिलाफ कोई ठोस सबूत नहीं है।

# सीसी मेंबरों की मौत को नक्सलियों ने बताई 'हत्या'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

माड़ मुठभेड़ में मारे गए सीसी मेंबर कट्टा रामचंद्र रेड्डी उर्फ राजू दादा और कादरी सत्यनारायण रेड्डी उर्फ कोसा दादा के एनकाउण्टर को नक्सलियों की दण्डकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी ने फर्जी करार दिया है। पत्र में बताया कि पुलिस ने इन्हें रायपुर या ऐसे ही किसी अन्य स्थान से पकड़ कर मार दिया और इसे मुठभेड़ बताया जा रहा है।

गौरतलब है कि 22 सितंबर को नारायणपुर जिले के माड़ इलाके में सुरक्षाबलों ने दोनों ही शीर्ष माओवादी नेताओं को मुठभेड़ में मार गिराया था। मारे गए दोनों शीर्ष नक्सली पिछले तीन दशक से दण्डकारण्य इलाके में सक्रिय थे। कोसा दादा और राजू दादा पर बड़ी संख्या में फोर्स पर


भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी)
दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी

हमला और दर्जनों जवानों व ग्रामीणों की हत्या करने का आरोप है। वहीं दोनों के मुठभेड़ में मारे जाने के बाद संगठन ने दावा किया कि दोनों नेताओं को पहले गिरफ्तार किया गया,उनसे पूछताछ की गई और फिर योजनाबद्ध तरीके से उनकी हत्या कर दी गई। बाद में इस हत्या को मुठभेड़ का रूप दे दिया गया। प्रेस विज्ञप्ति में पुलिस की ओर से जारी मुठभेड़ की कहानी को झूठ और मनगढ़ंत बताया गया है। आईजी सुंदरराज पी ने हरिभूमि से चर्चा में बताया कि माओवादी संगठन दिशाहीन और टूट चुका है। संगठन में अंदरूनी कलह चरम पर है शीर्ष नेतृत्व में मतभेद है। केन्द्रीय कमेटी के पत्र का स्टेट कमेटी खडंन कर रहा है। अभय व विकल्प के नाम से पत्र जारी कर रहा है। शासन का एजेंडा है कि माओवादियों का खात्मा करना है, सुरक्षाबलों द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है और हम जल्द ही टॉरगेट को पूरा करेंगे। शासन की भी स्पष्ट पालिसी है आत्मसमर्पण कर वापस आएं और सामान्य जीवन व्यतीत करें, उनका स्वागत है।

## बीजेपी दबा रही लोगों की आवाज : केजरीवाल

**लेह।** लद्दाख लेह में बुधवार को एक 'शांतिपूर्ण बंद' ने हिंसक रूप ले लिया। यह हिंसा राज्य के दर्जे और छठी अनुसूची में शामिल किए जाने सहित संवैधानिक सुरक्षा उपायों की बढ़ती मांग के बीच भड़की। आंदोलनकारियों ने बीजेपी दफ्तर को आग के हवाले कर दिया, पुलिस से झड़प भी हुई। अब इस मामले पर सियासत भी शुरू हो गई है। वामपंथी दलों ने आग के लिए मोदी सरकार को पूरी तरह से जिम्मेदार ठहराया है। वहीं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा, हर सच्चे देशभक्त को लद्दाख के लोगों का साथ देना चाहिए। हमने अंग्रेज़ों से इसलिए आज़ादी थोड़ी ली थी कि जनता अंग्रेज़ों की बजाय बीजेपी की गुलाम बन जाए।' आज बीजेपी सत्ता के नशे में चूर होकर एक के बाद एक राज्यों को केंद्र शासित प्रदेश बना रही है, संविधान द्वारा दिए गए अधिकार छीन रही है। केजरीवाल ने आगे कहा कि लद्दाख के लोग क्या मांग रहे हैं? वो सिर्फ़ अपने वोट का अधिकार, सरकार चुनने का अधिकार मांग रहे हैं।

## राशिफल

**मेष** — कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मानसिक शान्ति रहेगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी।

**वृष** — कार्यक्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। धन आगमन की स्थितियां बनी रहेंगी।

**मिथुन** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। अति उत्साही होने से बचें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी, लेकिन स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वाणी के प्रभाव में वृद्धि

**कर्क** — अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**सिंह** — कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद की स्थिति बिन सकती है। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कन्या** — कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। आय की स्थिति में सुधार होगा। संयत रहें। क्रोध के क्रोध से परेशान रहेंगे। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**तुला** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में तरक्की मिल सकती है।

**वृश्चिक** — आय में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मन में नकारात्मकता के प्रभाव से बचें। संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**धनु** — कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**मकर** — वाणी में सौम्यता रहेगी। नकारात्मक विचारों के प्रभाव से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। नौकरी में अफसरों से मतभेद हो सकते हैं। मन प्रसन्न रहेगा। संयत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में सुधार होगा।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों के लिए वदेश यात्रा पर जाना हो सकता है। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

# पर्सनैलिटी राइट्सः नागार्जुन भी पहुंचे कोर्ट

**नई दिल्ली।** तेलुगु अभिनेता नागार्जुन ने अपनी तस्वीर, वीडियो और आवाज के तकनीकी दुरुपयोग से बचाव के लिए दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। यह याचिका उन्होंने अपने 'पर्सनैलिटी राइट्स' (व्यक्तित्व अधिकारों) की सुरक्षा के लिए दायर की है। नागार्जुन ने आरोप लगाया है कि तमाम वेबसाइट्स उनके नाम का गलत इस्तेमाल कर रही हैं। इसके साथ ही, बिना उनकी इजाजत के टी-शर्ट और दूसरी चीजों पर उनकी फोटो छापी जा रही है। नागार्जुन के वकील ने कोर्ट को बताया कि उनके क्लाइंट ने 95 फिल्मों में काम किया है और उन्हें दो नेशनल और तीन फिल्मफेयर अवॉर्ड मिल चुके हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि एआई जनरेटेड कंटेंट के जरिए यूट्यूब पर तमाम वीडियो डाले गए हैं।

ये पेड प्रमोशन हैं और इनमें नागार्जुन का हैशटैग भी लगाया गया है। मामले की सुनवाई कर रहे जस्टिस तेजस करिया ने कहा कि वह अभिनेता नागार्जुन के पर्सनैलिटी राइट्स पर आदेश पारित करेंगे। हालांकि, कोर्ट ने यह भी कहा कि जब याचिकाकर्ता यूआरएल (यूआरएल) की पहचान कर सकते हैं, तो सबसे अच्छा यही होगा कि उन्हें हटाने का निर्देश दिया जाए, लेकिन अभी तक सिर्फ 14 यूआरएल की ही पहचान हो पाई है।

# स्टार्टअप्स के लिए बजट अब रोड़ा नहीं

**पीआर नए उद्यमियों को दे रहा है मुफ्त ग्रोथ टॉनिक**

**इंदौर।** कई बार स्टार्टअप्स में बढ़ने की क्षमता तो होती है, लेकिन मूल जानकारी की कमी, संसाधनों की कमी और सही स्टोरीटेलिंग न होने के कारण वे अपने प्रोडक्ट्स और विचार लोगों तक सही तरीके से नहीं पहुँचा पाते और उनके प्रयास भीड़ में कहीं खो जाते हैं। इस चुनौती को समझते हुए, उत्तर भारत की अग्रणी पब्लिक रिलेशन्स कंपनी, पीआर 24x7 एक विशेष पहल के साथ आगे आई है। कंपनी का उद्देश्य है कि उचित ब्रांडिंग के माध्यम से इन स्टार्टअप्स के प्रोडक्ट्स और स्टोरीटेलिंग उनकी टारगेट ऑडियंस तक पहुँचें और वे बाजार में अपनी पैठ बना सकें। कंपनी यह खास पहल नवरात्रि और अपने 10 वर्ष पूरे होने के जश्न के अवसर पर कर रही है, जिसमें 100 स्टार्टअप्स को प्रिंट और ऑनलाइन मीडिया के माध्यम से सहयोग मिलेगा। सबसे खास बात,




इसके लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा।प्रश्न उठता है कि आखिर क्यों यह सहयोग स्टार्टअप्स को दिया जा रहा है। इसका जवाब देते हुए, पीआर 24x7 के फाउंडर डॉ. अतुल मलिकराम ने कहा, स्टार्टअप्स बीज की तरह होते हैं, जिन्हें पौधे का रूप लेने में समय लगता है। सही समय पर पनपने के लिए उचित पोषण न मिलने से उनका विकास उस स्तर पर नहीं हो पाता है, जैसा वास्तव में होना चाहिए। हमारी कोशिश यही है कि हम उनकी साख स्थापित करने के लिए वह खाद बनें, जो उन्हें तेज़ी से बढ़ने, मजबूती पाने और बाज़ार में अपनी पहचान बनाने में मदद करे।

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:- 8335914373 (रायपुर /11/ अक्टूबर/25)

अब आप पायेंगे अपना सच्चा हमसफर
हरिभूमि वैवाहिकी
प्रत्येक रविवार को प्रकाशित

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक। घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस। 09083218330

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

## शब्द पहेली - 6001



**बाएँ से दाएँ**
1.फिल्म 'बॉबी' के निर्माता-निर्देशक -2,3
4.आश्चर्य, विलक्षणता-4
7.जीत, फतेह-2
8.आकाश रेखा, छोर-3
9.तल, पैंदा-2
10.थाती, धरोहर-4
11.मोटा आटा-2
13.सलाह, मशवरा-4
14.अन्य, वो, तिन-2
16.घर,गृह-3
18.धावक (अंग्रेजी-3)
19.नाम रखना-2,3
21.परामर्शदाता-5
24.सुनसान, नीरव-3
26.वन, जंगल-3
28.मिट्टी, रेत-2
29.चेतनाहीन-4
30.पराग कण-2
32.भयभीत होना-4
33.छोटी सवारी गाड़ी-2
35.फूलों का हार जो बालों में लगाते हैं,वेणी-3
36.द्वार,किवाड़-2
37.जनता की राय-4
38.नाटक लिखने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.मत, सलाह-2
2.करतब-4
3.वह जंगल जो संरक्षित हो-3,2
4.अनश्वर, चिरयुवा-3
5.लीन, मग्न-2
6.जलाऊ लकड़ी-4
7.रनिवास 3,2
10.मूर्ख (उर्दू-4)
12.बांया-2
15.आनंदित होना-4
17.शत्रुघ्न सिन्हा व रीना राय की फिल्म-3
18.योद्धा-4
20.अमिताभ के तिहरे रोल वाली फिल्म-3
22.मुआवजा-4
23.चित्रपट, फिल्मी दुनिया-3,2
25.राज वंश-2,3
26.काम, कार्य-4
27.मादा का विलोम-2
29.उपद्रव फैलाने वाला-4
31.दुनिया, जहान-3
34.क्रिकेट में बनते हैं-2
36.पंख, पराया-2

**शब्द पहेली- 6000 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | रा | ज | क | ता | | | म | वा | ली | |
| स | म | | ल | | चा | ला | न | | ख | त |
| मा | | | प | ना | ह | | न | | | म |
| न | ज | रा | ना | | | म | | क | या | स |
| ता | | व | | ना | ला | य | क | | प | |
| | प्रा | ण | | म | | खा | | जा | न | |
| | रु | | आ | ज | मा | ना | | हि | | म |
| स | प | ना | | द | | | ब | ल | वा | न |
| र | | | स | | ल | की | र | | | भा |
| ल | व | | न | सी | ब | | सा | | दा | व |
| | ध | म | की | | | इ | त | मी | ना | न |

## सूडोकु नवताल - 6011

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 4 | | |
| | | | | | | 5 | 8 | |
| | | | 7 | 2 | | | | |
| | | | 2 | | | | 6 | 7 |
| 4 | | | | | | | | 3 |
| 5 | 8 | | | | 9 | | | |
| | | | | 8 | 5 | | | |
| | 7 | 6 | | | | | | |
| | | 9 | 3 | | | | | |

MANGAL SENACHA BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6010 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 | 5 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 9 | 7 | 8 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 8 | 4 | 7 | 2 | 9 | 3 |
| 5 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 | 4 | 6 | 2 |
| 4 | 6 | 8 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 3 | 2 | 4 | 7 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 1 | 4 | 6 | 9 | 2 | 3 | 5 | 7 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 |



# एमी अवॉर्ड्स की बेस्ट एक्टर कैटेगरी में दिलजीत का नाम

**मुंबई।** दिलजीत दोसांझ ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपने फैंस को खुशखबरी दी है। इंटरनेशनल एमी अवॉर्ड्स की बेस्ट एक्टर कैटेगिरी में उनका नॉमिनेशन हुआ है। यह नॉमिनेशन उन्हें फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' में उम्दा अभिनय के लिए मिला है। दिलजीत दोसांझ ने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए एमी अवॉर्ड्स में नॉमिनेशन की जानकारी को फैंस के साथ शेयर किया। इस पोस्ट पर उन्होंने लिखा, 'यह सब आपकी वजह से है, इम्तियाज सर।' इस पोस्ट को दिलजीत इम्तियाज अली को भी टैग करते हैं। 'अमर सिंह चमकीला' फिल्म को इंटरनेशनल एमी अवॉर्ड्स में एक और नॉमिनेशन मिला है। इसे टीवी फिल्म/मिनी सीरीज कैटेगरी में भी जगह मिली है।

लाइफ Style

# कल्कि

## नारी शक्ति से ही चलता है जीवन

नवरात्र के पांचवें दिन माता स्कंदमाता की पूजा की जाती है, जो मातृत्व, पोषण और देखभाल की प्रतीक मानी जाती हैं। इस अवसर पर एक बातचीत में कल्कि केकलां ने कहा कि, यह दुनिया महिलाओं के बिना नहीं चल सकती। नारी शक्ति से ही जीवन चलता है, इसे कभी मत भूलिए।

एजेंसी ⏭ मुंबई

दुनिया के कई हिस्सों में नारी शक्ति का सम्मान किया जाता है, चाहे वह गर्भ की पूजा हो या भारत में शक्ति की पूजा।' उन्होंने कहा कि नवरात्र के पहले दिन मुझे सबसे ज्यादा खुशी तब हुई जब मेरी बेटी अपनी नैनी (हेल्पर) के साथ पड़ोस में जाकर डांडिया और गरबा कर रही थी। मेरा मानना है कि ऐसे त्योहार समुदाय को जोड़ते हैं, पड़ोसियों से बातचीत बढ़ाते हैं और एक-दूसरे की संस्कृति का हिस्सा बनने का मौका देते हैं। अपनी बेटी को इस तरह उत्साह और खुशी के साथ जुड़े देखना बेहद सुखद अनुभव था।' बचपन में हमें नवरात्र के मौके पर बुराई पर अच्छाई की जीत की कहानी सुनाई जाती थी। मां दुर्गा का चित्र मुझे सबसे शक्तिशाली लगता था। मुझे यह देखकर आश्चर्य होता था कि उनके दस हाथ हैं। मैं सोचती थी कि काश मेरे भी दस हाथ होते। मां दुर्गा को नए कपड़े पसंद हैं तो नए कपड़े पहनते थे। ये यादें मुझे हमेशा देवी की शक्ति की याद दिलाती हैं।'

मातृत्व आपके जीवन को पूरी तरह से बदल देता है। कलाकार के रूप में काम करते हुए रात में जागना और दौड़ भाग करना अलग है, पर जब आप मां बन जाते हैं तो फिर आप अपने बच्चे के अनुसार दिनचर्या बनाते हैं। यह आपको सशक्त और आत्मनिर्भर बनाता है। मातृत्व ने मुझे सिखाया कि मेरा शरीर कितना मजबूत है और यह कितना सह सकता है।..बच्चे को नौ महीने तक पालना और फिर उसे जन्म देना।



हॉलीवुड मसाला

# हॉलीवुड ने अंदर से तोड़ दिया



**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के चमकते पर्दे के पीछे की सच्चाई के बारे में हाल ही में अभिनेत्री एमा वॉटसन ने बताया है। हैरी पॉटर सीरीज से घर-घर में मशहूर हुईं अभिनेत्री आखिर बीते 7 वर्षों से किसी एक्टिंग प्रोजेक्ट में नजर क्यों नहीं आईं। अब 35 वर्ष की उम्र में, उन्होंने एक पॉडकास्ट पर अपनी चुप्पी तोड़ी और बताया कि कैसे हॉलीवुड के माहौल ने उन्हें भीतर तक तोड़ दिया। एमा वॉटसन ने स्वीकार किया कि हैरी पॉटर के सेट पर उन्होंने जिस पारिवारिक जुड़ाव और दोस्ती को महसूस किया था, वही उम्मीद वह बाकी फिल्मों में भी ले आईं।



# अवतारः फायर एंड ऐश का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** जेम्स कैमरून एक बार फिर अपने दर्शकों को उस जादुई और रहस्यमयी दुनिया में ले जा रहे हैं, जिसने साल 2009 से अब तक सिनेमा के इतिहास में कई रिकॉर्ड तोड़े हैं। 'अवतारः फायर एंड ऐश' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है और इसके साथ ही पेंडोरा की धरती पर संघर्ष की लपटें और तेज होती दिख रही हैं। 20वीं सेंचुरी स्टूडियोज फिल्म की रिलीज से पहले 3 अक्टूबर को 'अवतारः द वे ऑफ वॉटर' को एक हफ्ते के लिए 3डी में दोबारा सिनेमाघरों में ला रही है। वहीं, कैमरून ने चौथे और पांचवें पार्ट की भी तैयारी कर ली है। अवतार 4 साल 2029 और अवतार 5 साल 2031 में रिलीज़ किए जाने का लक्ष्य है। अवतारः फायर एंड ऐश 19 दिसंबर को रिलीज होगी। इस बार कहानी और गहरी है और दर्द भी ज्यादा नजर आ रहा है। सुली परिवार अपने बड़े बेटे नेतेयाम की मौत का गम झेल रहा है। परिवार के इस दर्द के बीच पेंडोरा पर एक नई चुनौती खड़ी होती है—ऐश पीपल नाम की नई नावी जनजाति। इस जनजाति की अगुवाई वरांग कर रही हैं, जिसका किरदार ऊना चैपलिन निभा रही हैं।



# टॉम क्रूज के लिए कुछ भी करने को तैयार

**मुंबई।** अमीषा पटेल ने साल 2000 में ऋतिक रोशन के साथ फिल्म 'कहो न प्यार है' से बॉलीवुड में अपनी शुरुआत की थी। अपनी पहली पहली ही फिल्म से अमीषा इंडस्ट्री की नई सनसनी बन गई थीं। उनकी खूबसूरती की काफी चर्चा थी। अब अमीषा 50 साल की हो चुकी हैं और उन्होंने शादी नहीं की है। अब अमीषा ने अपने क्रश के बारे में खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि उन्हें हॉलीवुड सुपरस्टार टॉम क्रूज पर जबरदस्त क्रश है। एक्ट्रेस ने यहां तक कहा कि वो उनके साथ कुछ भी करने को तैयार हैं। एक बातचीत में एक्ट्रेस ने बताया कि मुझे टॉम क्रूज पर क्रश है। अगर आप उनके साथ कोई पॉडकास्ट कर सकते हैं, तो प्लीज मुझे भी उस पॉडकास्ट में बुलाएं। मुझे बचपन से ही टॉम क्रूज पसंद हैं। मेरे पेंसिल बॉक्स में, मेरी फाइलों में उनकी तस्वीर लगी रहती थी और मेरे कमरे में सिर्फ टॉम क्रूज के ही पोस्टर होते थे।



# चांद मेरा दिल में लक्ष्य संग आएंगी नजर

**मुंबई।** द बैड्स ऑफ बॉलीवुड को लेकर चर्चाओं में बने लक्ष्य लालवानी अब अपनी अगली फिल्म की शूटिंग में जुट गए हैं। अब लक्ष्य धर्मा प्रोडक्शंस की फिल्म चांद मेरा दिल में नजर आएंगे। इस फिल्म में उनके साथ अनन्या पांडे प्रमुख भूमिका में दिखाई देंगी। अब फिल्म की शूटिंग से कुछ तस्वीरें और वीडियो सामने आए हैं। इनमें लक्ष्य और अनन्या एकसाथ नजर आ रहे हैं। वीडियो में लक्ष्य और अनन्या लाल रंग के आउटफिट में एक साथ रोमांटिक बाइक राइड करते हुए दिखाई दे रहे हैं। जहां अनन्या लाल साड़ी और बालों में स्लीक बन में बेहद खूबसूरत लग रही हैं, वहीं लक्ष्य हमेशा की तरह मैचिंग लाल कुर्ता और सफेद पायजामा पैंट के साथ नेहरू जैकेट में बेहद जंच रहे हैं। वायरल वीडियो में अनन्या ने लक्ष्य को अपनी बाहों में भर लिया है और वे बाइक की सवारी कर रहे हैं।

टीवी मसाला



# टीआरपी की रेस में इस हफ्ते अनुपमा ने मारी बाजी

**नई दिल्ली।** टीवी के फैंस को हर हफ्ते की टीआरपी लिस्ट का बेसब्री से इंतजार रहता है। दर्शक दिल थाम कर हर हफ्ते ये जानने के लिए बेकरार रहते हैं कि कौन सा शो टीवी की लिस्ट पर टॉप पर है और कौन सा शो इस बार टॉप 10 में अपनी जगह नहीं बना पाया। इस बार की टीआरपी चार्ट की बात करें तो, अनुपमा ने बाजी मार ली है। रुपाली गांगुली का शो अनुपमा एक बार फिर नंबर 1 स्पॉट पर काबिज है। हाल ही में शो में आए ट्विस्ट को काफी पसंद किया जा रहा है। स्मृति ईरानी का सीरियल क्योंकी सास भी कभी बहू थी...नंबर 2 पर खिसक गया। तीसरे नंबर पर भी स्टार प्लस का भी शो ये रिश्ता क्या कहलाता है। टॉप 5 में इस बार एक नई एंट्री भी है। शरद केलकर का शो 'तुम से तुम तक' जो हाल ही में शुरू हुआ है, उसे भी काफी पसंद किया जा रहा है। ये शो दो ऐसे लोगों की प्रेम कहानी है, जिनके उम्र में एक बड़ा फासला है। ये सीरियल चौथे नंबर पर है। पांचवे नंबर पर सीरियल 'उड़ने की आशा' काबिज है। इसकी टीआरपी 1.7 है। इस हफ्ते जिस सीरियल को सबसे बड़ा झटका लगा है वो 15 साल से चले आ रहा शो तारक मेहता का ... है। ये शो इस बार टॉप 5 से बाहर हो गया है। अबतक ये सीरियल किसी न किसी तरह टॉप 5 में जगह बना लेता था, लेकिन इस बार शो छठे स्थान पर खिसक गया है।

## तान्या और अमाल की दोस्ती में दरार

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो बिग बॉस हमेशा से अपनी ड्रामा, इमोशन और रिश्तों की कहानी को लेकर चर्चा में रहता है। इस बार सुर्खियों में हैं तान्या



मित्तल और म्यूजिक कंपोजर अमाल मलिक, जिनकी दोस्ती पहले दिन से ही शो की सबसे मजबूत कड़ी मानी जा रही थी। शुरुआत से दोनों ने एक-दूसरे का हर मुश्किल वक्त में साथ दिया। चाहे तान्या का इमोशनल ब्रेकडाउन हो या अमाल का लो मोमेंट- दोनों हमेशा एक-दूसरे का सहारा बने। लेकिन, हालिया प्रोमो ने दर्शकों को हैरान कर दिया है, क्योंकि इसमें उनकी दोस्ती पर खिंचाव साफ दिखाई देता है। मेकर्स द्वारा जारी वीडियो में तान्या और अमाल के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली। विवाद की शुरुआत तब हुई जब जीशान ने तान्या से सवाल किया कि उन्होंने कैप्टेंसी टास्क के दौरान गौरव को वोट देने की बात कही थी या नहीं। तान्या ने साफ किया कि उन्होंने केवल मजाक में यह कहा था, लेकिन असल में वोट फरहाना को ही दिया था।



# सर्च में मर्डर मिस्ट्री संग दिखा झूठ का जाल

**मुंबई।** कोंकणा सेन शर्मा ओटीटी पर कई प्रोजेक्ट्स में नजर आ चुकी हैं। जल्द ही वह एक सीरीज 'सर्च-द नैना मर्डर केस' में नजर आएंगी। इस सीरीज का ट्रेलर भी सामने आ चुका है। कोंकणा सेन शर्मा संजीदा किरदारों को बखूबी निभाना जानती हैं। हाल ही में उनकी एक अपकमिंग सीरीज 'सर्च-द नैना मर्डर केस' का ट्रेलर रिलीज हुआ। जिसमें वह एक पुलिस ऑफिसर के रोल में हैं, जो एक मर्डर मिस्ट्री को सॉल्व करने की कोशिश कर रही है। सीरीज सर्च-द नैना मर्डर केस के ट्रेलर में कोंकणा सेन शर्मा एक पुलिस ऑफिस के रोल में हैं। वह एक कॉलेज गर्ल की मर्डर मिस्ट्री को सॉल्व करने की कोशिश में लगी हैं। इस राह में उसके सामने कई चुनौतियां हैं। कई लोग शक के घेरे में हैं। इस सीरीज में एक तरफ मर्डर मिस्ट्री को दिखा गया है। साथ ही केस को सॉल्व करने के दौरान कोंकणा सेन का किरदार डिजिटल दुनिया के खतरों से भी वाकिफ होता है। इस सीरीज में सोशल मीडिया के स्याह पक्ष को दिखाने की कोशिश की गई, जिसके जाल में यंगस्टर बुरी तरह फंस जाते हैं। कोंकणा सेन स्टारर इस सीरीज की रिलीज डेट भी ट्रेलर के साथ ही शेयर की है। यह सीरीज जीयोहॉटस्टार पर 10 अक्टूबर को रिलीज होगी। यह सीरीज रोहन सिप्पी ने डायरेक्ट की है।

# लॉर्ड कर्जन की हवेली का टीजर रिलीज ब्लैक कॉमेडी-थ्रिलर से चौंकाया




**मुंबई।** फिल्म लॉर्ड कर्जन की हवेली के टीजर में मिर्जापुर सीरीज फेम एक्ट्रेस रसिका दुग्गल, एक्टर अर्जुन माथुर और परेश पाहुजा जैसे एक्टर्स नजर आए। चंद सेकंड का यह टीजर ब्लैक कॉमेडी, थ्रिलर के जरिए चौंका देता है। टीजर में नजर आता है कि फिल्म का एक किरदार एक बड़ा सा बॉक्स खोलता है। जिसके बाद शुरू होती है, सच और झूठ की कहानी। फिल्म अचाकन थ्रिल और ब्लैक कॉमेडी के जॉनर में चली जाती है। रसिका के किरदार का एक डायलॉग है, 'तुम्हें पता भी है जोक क्या होता है?' इसके बाद टीजर के आखिर में भी लिखा आता है, 'यह जोक नहीं है।' एक्टर अंशुमन झा निर्देशित फिल्म 'लॉर्ड कर्जन की हवेली' जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसकी रिलीज डेट 10 अक्टूबर है। फिल्म को बिकास मिश्रा ने लिखा है। फिल्म में रसिका और बाकी किरदार काफी रहस्यमयी किस्म के किरदार निभा रहे हैं। अंशुमन झा ने अपने इंस्टाग्राम पर भी फिल्म का टीजर शेयर किया है। इस टीजर पर यूजर्स ने भी रिएक्शन दिया है। एक यूजर्स लिखता है, 'ये तो कुछ अनोखा सा लग रहा है। इसे जल्द ही देखने का इंतजार है।' एक अन्य यूजर ने कमेंट किया 'इस फिल्म को देखने के लिए एक्साइटेड हूं क्योंकि 2023 से इस फिल्म के बारे में सुन रहा हूं।' कई यूजर रसिका, अर्जुन और परेश पाहुजा को साथ देखकर खुश हैं।

# महायोद्धा राम में रावण की आवाज बने गुलशन ग्रोवर ने खींचा ध्यान



**मुंबई।** भगवान श्रीराम पर बन रही एनिमेटेड फिल्म 'महायोद्धा राम' के निर्माताओं ने शुक्रवार को फिल्म का टीजर जारी कर दिया है। इसमें रावण की आवाज बने गुलशन ग्रोवर दर्शकों को ध्यान आकर्षित करते नजर आ रहे हैं। टीजर में वर्षों से सुनी जा रही भगवान राम के अवतार की कहानी दिख रही है, वो भी एनिमेटेड फॉर्म में। टीजर की शुरुआत रावण की तपस्या से होती है और उसे अमर होने का वरदान मिलता है। इसके बाद श्रीराम का जन्म धरती पर होता और फिर आगे की कहानी बढ़ती है, जिसमें सबसे अहम भगवान राम और रावण के बीच का युद्ध है। टीजर में रावण की आवाज में गुलशन ग्रोवर दर्शकों का ध्यान खींचते नजर आ रहे हैं। आपको बताते चलें कि फिल्म में श्रीराम की आवाज कुणाल कपूर बने हैं, तो जिमी शेरगिल भगवान लक्ष्मण की आवाज देंगे। इसके अलावा माता सीता की आवाज मौनी रॉय बनेंगी और लंकाधिपति रावण की दमदार आवाज को गुलशन ग्रोवर देंगे। 'महायोद्धा राम' फिल्म 17 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। यह फिल्म 3 डी वर्जन में दर्शकों को देखने को मिलेगी, जो शानदार अनुभव प्रदान करने का वादा करती है। फिल्म के ट्रेलर के बाद दर्शकों की बेसब्री बढ़ती दिख रही है। 'महायोद्धा राम' फिल्म का निर्देशन रायजादा रोहित और जयसिंह वैद द्वारा किया गया है।

## ये नौ दिन उत्सव ही नहीं, बल्कि भक्ति, अनुशासन और आत्मबल का प्रतीक

# टीवी कलाकारों ने शेयर की नवरात्र की खूबसूरत यादें

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

नवरात्र पर पूरे भारत में खुशी-भक्ति और उत्सव का माहौल है। मां दुर्गा की आराधना और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक यह पर्व हर वर्ग के लोगों के दिलों में एक खास स्थान रखता है। इसी भाव को मनाते हुए, सोनी सब के कलाकारों ने नवरात्र से जुड़ी अपनी खास यादें और अनुभव साझा किए हैं। परिवार के साथ उपवास रखने से लेकर गरबा रातों में थिरकने तक- ये यादें न केवल त्योहार का सार बताती हैं, बल्कि इन कलाकारों के दिलों में बसे इन परंपराओं से गहरे जुड़ाव को भी दर्शाती हैं।



### आशी सिंह

उफ़्फ ये लव है मुश्किल में कैरी शर्मा की भूमिका निभा रहीं आशी सिंह ने कहा, नवरात्र हमेशा से मेरे लिए बहुत खास पर्व रहा है। मेरे लिए ये नौ दिन केवल उत्सव नहीं बल्कि भक्ति, अनुशासन और आत्मबल का प्रतीक हैं। मुझे बहुत अच्छा लगता है जब चारों तरफ गरबा और डांडिया की धुनों से माहौल जीवंत हो जाता है। बचपन में मैं रंग-बिरंगी चनिया-चोली पहनकर दोस्तों के साथ नाचने के लिए हमेशा उत्साहित रहती थी। आज भी, शूटिंग शेड्यूल कितना भी व्यस्त हो, मैं कम से कम एक गरबा रात में जरूर शामिल होने की कोशिश करती हूं।



### ऋधिमा पंडित

उफ़्फ ये लव है मुश्किल में लता की भूमिका निभा रहीं ऋधिमा पंडित कहती हैं, "मेरे लिए नवरात्र का मतलब है सकारात्मकता और भक्ति। बचपन में मुझे याद है कि मैं मां के साथ पूजा के दौरान प्रसाद बनाने में मदद करती थी और इन पारिवारिक परंपराओं से हमें बहुत करीब ला देती थीं। मुझे इस त्योहार की सबसे खास बात यही लगती है कि यह हर उम्र के लोगों को साथ लाकर एक परिवार की तरह जोड़ देता है। सब मिलकर नाचते, गाते और प्रार्थना करते हैं।



### गरिमा परिहार

पुष्पा इम्पॉसिबल में दीप्ति की भूमिका निभा रहीं गरिमा परिहार ने कहा, नवरात्र मेरे दिल के बहुत करीब है। मेरी मां हमेशा पूजा करती हैं और मैं बचपन से ही देवी मां की भक्त रही हूं. मां के साथ व्रत रखना और छोटी बच्चियों को भोजन कराना मेरे लिए बहुत यादगार पल होते हैं। इस साल पुष्पा इम्पॉसिबल की शूटिंग के कारण मैं दोस्तों के साथ गरबा रातों का आनंद नहीं ले पाऊंगी, लेकिन नवरात्रि की सकारात्मक ऊर्जा और देवी मां के प्रति मेरी श्रद्धा इस त्योहार को मेरे लिए हमेशा खास बना देती है।



### ऋषि सक्सेना

इत्ती सी खुशी में संजय की भूमिका निभा रहे ऋषि सक्सेना कहते हैं,"सच कहूं तो मैंने नवरात्र का असली भव्य रूप मुंबई आकर ही देखा। बचपन में मेरे लिए ये बस स्थापना पूजा और व्रत तक ही सीमित था, लेकिन मुंबई ने मुझे इसकी रंगीनियां, व्यंजन, गरबा और अंतहीन उत्सवों से परिचित कराया. जब भी समय मिलता है, मुझे लोगों को सजा-धजा देखना, सुंदर सजावटें और गरबा रातों का जोश और ऊर्जा देखना बहुत अच्छा लगता है।



### नंदिता

इत्ती सी खुशी में नंदिता की भूमिका निभा रहीं गौरी टोंक ने कहा, मैं पहले ठाणे में रहती थी और नवरात्र के दौरान हमारी सोसाइटी दफ्तर में देवी मां की सुंदर प्रतिमा स्थापित करती थी और रोज पूजा होती थी। मुझे पूजा और त्योहार बहुत पसंद हैं। लोग मुझे मजाक में पंडित भी कहते हैं! लोगों से मिलना, आरती और पूजा करना, ये सब इतना सकारात्मक और उत्साहजनक वातावरण बनाते हैं जिसे मैं बहुत संजोती हूं।

# विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप की मेजबानी करने वाला चौथा देश बना भारत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ब्लेड रनर, कृत्रिम अंगों और व्हीलचेयर की मदद से प्रतिस्पर्धा करने वाले दुनिया के कुछ बेहतरीन पैरा खिलाड़ी शारीरिक चुनौतियों के बावजूद शनिवार से शुरू हो रही अब तक की सबसे बड़ी विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अपने अद्भुत साहस, संकल्प और संघर्ष क्षमता का प्रदर्शन करेंगे। भारत विश्व पैरा खेलों का उभरती हुई ताकत बन चुका है और पहली बार इन खेलों की मेजबानी कर रहा है।

5 अक्टूबर तक चलने वाले इस प्रतियोगिता के 12वें सत्र का उद्घाटन गुरुवार को जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में हुआ। यह अब तक की सबसे बड़ी पैरा एथलेटिक्स चैपियनशिप है, जिसमें 104 देशों के लगभग 2200 खिलाड़ी और अधिकारी मौजूद है। भारत, कतर (2015), यूएई (2019) और जापान (2024) के बाद इस टूर्नामेंट की मेजबानी करने वाला चौथा देश बना है। इस दौरान 1500 से अधिक पैरा एथलीट 186 पदक स्पर्धाओं में हिस्सा लेंगे, जो 2024 के जापान (कोबे) सत्र से 15 अधिक हैं।



### आज होगी ये स्पर्धाएं

शनिवार 27 सितंबर को पुरुषों की 5000 मीटर टी11, पुरुषों की 100 मीटर टी71, महिलाओं की 100 मीटर टी71, पुरुषों की 100 मीटर टी47, महिलाओं की 400 मीटर टी20, महिलाओं की लंबी कूद टी37, पुरुषों की लंबी कूद टी11, महिलाओं की गोला फेंक एफ41, महिलाओं की गोला फेंक एफ36, पुरुषों की गोला फेंक एफ37, महिलाओं की चक्का फेंक एफ53, पुरुषों की ऊंची कूद टी63, महिलाओं की भाला फेंक एफ46 में पदक स्पर्धाएं होंगी।

# भारत ने सुपर ओवर में श्रीलंका को हराया: अर्शदीप ने महज 2 रन दिए, टी-20 एशिया कप में पहली बार मैच टाई

**दुबई।** भारत और श्रीलंका के बीच एशिया कप सुपर-4 का अंतिम मैच में रोमांच की सारी हदें पार हो गई। दोनों टीमों के बीच एशिया कप 2025 का पहला सुपर ओवर खेल गया, जिसमें भारत ने श्रीलंका को हरा दिया। सुपर ओवर में श्रीलंका की टीम ने पहले बैटिंग करते हुए सिर्फ 2 रन ही बना पाई। इसके जवाब में भारत ने पहली गेंद पर ही 3 रन लेकर टारगेट को हासिल कर लिया। इस तरह इस एडिशन में भारत ने अपने विजयी अभियान को जारी रखा है। इस मुकाबले की बात करें तो टीम इंडिया ने टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर के खेल में 5 विकेट के नुकसान पर 202 रन का स्कोर खड़ा किया था। इसके जवाब में श्रीलंका ने पाथुम निसंका के शतक और कुसल परेरा की तूफानी अर्धशतकीय पारी से 20 ओवर में 5 विकेट पर 202 रन बना लिए, जिसके कारण मैच सुपर ओवर में पहुच गया। एशिया कप 2025 के आखिरी सुपर-4 मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय क्रिकेट टीम ने श्रीलंका को जीत के लिए 203 रन का लक्ष्य दिया था। श्रीलंका ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया था। भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही। शुभमन गिल सिर्फ 4 रन बनाकर आउट हो गए थे। कप्तान सूर्यकुमार यादव की खराब फॉर्म का सिलसिला भी जारी रहा। सूर्या 13 गेंद पर 12 रन बनाकर आउट हुए। प्रचंड फॉर्म में चल रहे सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने इस मैच में भी तूफानी बल्लेबाजी की और लगातार तीसरा अर्धशतक लगाया। महज 22 गेंद पर अर्धशतक लगाने वाले अभिषेक ने 31 गेंद पर 2 छक्के और 8 चौके की मदद से 61 रन की तूफानी पारी खेली।पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन अच्छे टच में दिखे। सैमसन ने 23 गेंद पर 3 छक्के और 1 चौके की मदद से 39 रन की पारी खेली। रन गति बढ़ाने की कोशिश में वह अपना विकेट गंवा बैठे। हार्दिक पांड्या का बल्ला नहीं चला। वह 2 रन बनाकर आउट हुए। तिलक वर्मा दूसरे शीर्ष स्कोरर रहे। तिलक 34 गेंद पर 49 रन बनाकर नाबाद रहे। अक्षर पटेल ने आखिरी गेंद पर छक्का लगाकर टीम का स्कोर 200 के पार पहुंचाया। अक्षर 15 गेंद पर 21 रन बनाकर नाबाद रहे। पटेल और तिलक के बीच 23 गेंद पर 40 रन की साझेदारी हुई। भारत ने 5 विकेट के नुकसान पर 202 रन बनाए। श्रीलंका के लिए महिश तिक्षाणा, दुश्मंथा चमीरा, वानिंदु हसरंगा, दासुन शनाका और कप्तान असलांका ने 1-1 विकेट लिए।



## खबर संक्षेप



### ओलंपिक एशिया पैसिफिक में भारत ने जीते चार पदक

**नई दिल्ली।** भारत ने कुआलालंपुर में विशेष ओलंपिक एशिया पैसिफिक बैडमिंटन टूर्नामेंट में विभिन्न स्पर्धाओं में एक स्वर्ण और तीन रजत पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। चनवी शर्मा ने 16 से 20 सितंबर तक आयोजित की गई चैंपियनशिप में महिला एकल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता और अपनी जोड़ीदार सुजीता सुकुमारन के साथ मिलकर महिला युगल में रजत पदक हासिल किया। अंकित दलाल ने पुरुष एकल में रजत पदक और अमल बिजू के साथ मिलकर पुरुष युगल में एक और रजत पदक जीतकर अपने पदकों की संख्या दोगुनी कर दी। मलेशिया में भारत के उच्चायुक्त बीएन रेड्डी ने भी समापन समारोह में खिलाड़ियों से मुलाकात कर उन्हें बधाई दी। इस प्रतियोगिता में 10 देशों के 80 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

### भारत के खिलाफ शामार की जगह लेन खेलेंगे टेस्ट सीरीज

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज के स्टार तेज गेंदबाज शामार जोसेफ अज्ञात चोट के कारण भारत के खिलाफ आगामी टेस्ट श्रृंखला नहीं खेलेंगे, जिनकी जगह नए हरफनमौला जोहान लेन को टीम में जगह मिली है।



दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला 2 अक्टूबर से अहमदाबाद में शुरू होगी। वेस्टइंडीज क्रिकेट ने लिखा,' जोहान लेन ने भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के लिए टीम में शामार जोसेफ की जगह ली है।' बोर्ड ने चोट के बारे में विस्तार से जानकारी नहीं दी है कहा गया है कि बांग्लादेश के खिलाफ 18 अक्टूबर से शुरू हो रही सीमित ओवरों की श्रृंखला से पहले उनकी फिटनेस की समीक्षा की जाएगी। पिछले साल वेस्टइंडीज के लिये टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले जोसेफ ने 11 टेस्ट में तीन से ऊपर की इकॉनॉमी दर से 51 विकेट लिए हैं। बाईस वर्ष के लेन 19 प्रथम श्रेणी मैच खेलकर 495 रन बनाने के अलावा 66 विकेट ले चुके हैं।

### न्यूजीलैंड क्रिकेट के हाई परफार्मेंस निदेशक बने स्टीड

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड के पूर्व मुख्य कोच गैरी स्टीड फिर जुड़ गए हैं और अब वह हाई परफार्मेंस निदेशक होंगे। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने बताया कि स्टीड खिलाड़ियों और कोचों के विकास के साथ हाई



परफार्मेंस कार्यक्रमों के प्रभारी होंगे। इससे पहले जून में उन्होंने मुख्य कोच के पद से इस्तीफा दे दिया था। वह 2018 से 2025 तक टीम के कोच थे। इस दौरान न्यूजीलैंड टीम 2019 वनडे विश्व कप, 2021 टी20 विश्व कप और 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल तक पहुंची। न्यूजीलैंड ने 2019-21 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में भारत को हराया। स्टीड ने कहा,' न्यूजीलैंड क्रिकेट पिछले तीस साल से मेरे दिल के काफी करीब है और खेल से जुड़े रहकर बहुत अच्छा लग रहा है।'

## भारत ने 9 विकेट पर 280 रनों का बड़ा स्कोर किया खड़ा

# अंडर-19: भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 167 रनों से हराया, वनडे सीरीज में किया क्लीन स्वीप

एजेंसी ▶▶| ब्रिसबेन

मध्यक्रम के बल्लेबाज वेदांत त्रिवेदी और राहुल कुमार के अर्धशतकों और वामहस्त स्पिनर खिलान पटेल के चार विकेट की बदौलत भारत अंडर-19 टीम ने ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 को 167 रनों के बड़े अंतर से हराकर तीन मैचों की युवा एकदिवसीय श्रृंखला में क्लीन स्वीप कर लिया। वेदांत (92 गेंदों पर 86 रन) और राहुल (84 गेंदों पर 62 रन) की चौथे विकेट के लिए 99 रनों की साझेदारी से भारत ने नौ विकेट पर 280 रनों का बड़ा स्कोर खड़ा किया।

ऑस्ट्रेलिया ए को अच्छी शुरुआत नहीं मिली और टीम ने 39 रन पर ही तीन विकेट गंवा दिए। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज उद्धव मोहन (26 रन पर तीन विकेट) और स्पिनर खिलान पटेल (26 रन पर चार विकेट) के लगातार दबाव के कारण घरेलू टीम 28.3 ओवर में सिर्फ 113 रनों पर ढेर हो गई। भारत ने पिछले दो मैचों में मेजबान टीम को सात विकेट और 51 रनों से हराया था।

### वेदांत और राहुल ने की चौथे विकेट के लिए 99 रनों की साझेदारी



### म्हात्रे और वैभव का नहीं चला बल्ला

इससे पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम को कप्तान आयुष म्हात्रे (चार) और आक्रामक बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी (16) के विकेट जल्दी गिरने से झटका लगा। म्हात्रे लगातार तीसरी बार दहाई के आंकड़े पर पहुंचने में नाकाम रहे। सातवें ओवर में 36 रन पर दो विकेट गंवाने के बाद वेदांत ने विहान मल्होत्रा (40) के साथ तीसरे विकेट के लिए 69 रन की साझेदारी कर भारतीय पारी को पटरी पर लाना शुरू किया। वेदांत ने इस दौरे का दूसरा अर्धशतक लगाया। उन्होंने 92 गेंद की पारी में आठ चौके लगाए। विकेटकीपर बल्लेबाज हरवंश पंगलिया (23) और पुछल्ले बल्लेबाज खिलान पटेल के नाबाद 19 रनों ने भारत अंडर-19 को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। लक्ष्य का पीछा करते हुए घरेलू टीम ने लगातार अंतराल पर विकेट गंवाते रही और सिर्फ़ तीन बल्लेबाज़ ही दोहरे अंक में पहुंच पाए।

### ऑस्ट्रेलियाई टीम 113 रन पर आउट

इसके जवाब में उतरी ऑस्ट्रेलिया की अंडर 19 युवा टीम 28.3 ओवर ही बल्लेबाजी कर पाई और 113 रन पर आउट हो गई। टीम का कोई भी बल्लेबाज 50 का आंकड़ भी नहीं छू पाया। भारत ने बड़ी आसानी से 167 रन से इस मैच को जीत लिया। भारत के लिए खिलान पटेल ने 7.3 ओवर में केवल 26 रन देकर चार विकेट लिए। उद्धव मोहन ने 5 ओवर में 26 रन खर्च कर तीन विकेट अपने नाम किए। कनिष्क चौहान ने छह ओवर में 18 रन देकर दो खिलाड़ियों को पवेलियन भेजा। सीरीज के सभी तीन मैच भारत ने अपने नाम कर लिए हैं। इसके बाद दूसरा मुकाबला भारत ने 51 रन से जीता और आखिरी मैच अब 167 रन से जीत लिया। अब टेस्ट के दो और मैच बाकी हैं, जो 30 सितंबर और सात अक्टूबर से खेले जाएंगे। इसमें भी भारत के युवा प्लेयर्स पर नजर रहने वाली है।

क्रिकेट

# राहुल और सुदर्शन का शतक भारत-ए ने जीती टेस्ट सीरीज



एजेंसी ▶▶| लखनऊ

लोकेश राहुल और बी. साई सुदर्शन की शतकीय पारियों से भारत ए ने दूसरे अनौपचारिक टेस्ट के चौथे और आखिरी दिन शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया ए को पांच विकेट से हराकर दो मैचों की श्रृंखला 1-0 से जीत ली। भारत ए ने जीत के लिए मिले 413 रन के लक्ष्य को अपनी दूसरी पारी में आसानी से हासिल कर लिया।

यह देश के प्रथम श्रेणी इतिहास में लक्ष्य का पीछा करते छठी सबसे बड़ी जीत है। भारतीय टीम को अगले महीने वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला खेलनी है और राहुल की लय टीम के लिए शुभ संकेत है। दाएं हाथ के इस सलामी बल्लेबाज ने 210 गेंद की पारी में 16 चौकों और चार छक्कों की मदद से नाबाद 176 रन बनाए। भारत ने दिन की शुरुआत दो विकेट पर 169 रन से आगे से की। टीम ने 189 रन पर पहुंचने के बाद मानव सुथार (पांच) का विकेट गंवा दिया। सुदर्शन हालांकि एक छोर पर डटे रहे और 172 गेंद में 100 रन की पारी के दौरान उन्होंने कप्तान ध्रुव जुरेल (56) के साथ चौथे विकेट के लिए 78 रन जोड़कर टीम को लक्ष्य के करीब ले जाने की कोशिश की। सुदर्शन ने 170 गेंदों में प्रथम श्रेणी करियर का आठवां शतक जड़कर वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी घरेलू टेस्ट मैचों के लिए अपने चयन को सही साबित किया। तेईस साल का यह बल्लेबाज शतक पूरा करने के दो गेंद बाद ही ऑस्ट्रेलिया के ऑफ स्पिनर कोरी रोचिचियोली की गेंद आउट हो गया।

गोल्फ

# जमाल ने जीता तेलंगाना गोलकोंडा मास्टर्स खिताब

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद



बांग्लादेश के जमाल हुसैन को भारी बारिश के कारण अंतिम दौर रद्द किए जाने के बाद एक करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि वाले तेलंगाना गोलकोंडा मास्टर्स का विजेता घोषित किया गया। चंडीगढ़ के अक्षय शर्मा उपविजेता रहे।

टूर्नामेंट का नतीजा 54 होल के बाद कुल स्कोर के आधार पर घोषित किया गया। हुसैन (61-62-64) तीसरे दौर के बाद 54 होल में 23 अंडर 187 के स्कोर की बदौलत चार शॉट से आगे चल रहे थे। इस तरह उन्होंने अपना छठा और पिछले साल नवंबर के बाद पहला खिताब जीता। ढाका के 40 वर्षीय हुसैन ने 15 लाख रुपए की राशि प्राप्त की, जिससे वह 2025 'पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट' में 14वें स्थान से 10वें स्थान पर पहुंच गए।

### लेडीज ओपन डि फ्रांस : 23वें स्थान पर प्रणवी



**ड्यूविले (फ्रांस)।** भारतीय गोल्फर प्रणवी उर्स ने लैकोस्टे लेडीज ओपन डि फ्रांस के पहले दौर में एक अंडर 70 के कार्ड से शुरुआत की, जिससे वह भारतीयों में सर्वश्रेष्ठ संयुक्त 23वें स्थान पर बनी हुई हैं। अन्य भारतीयों के लिए दिन सामान्य रहा, जिसमें दीक्षा डागर ने एक ओवर 72 का कार्ड बनाया, जिससे वह संयुक्त 54वें स्थान पर हैं। वहीं अवनि प्रशांत (73) संयुक्त 70वें और त्वेसा मलिक (74) संयुक्त 82वें स्थान पर बनी हुई हैं। प्रणवी ने फ्रंट नाइन पर शुरुआत की जो इतना अच्छा नहीं रहा। दिन की उनकी पहली बर्डी 10वें होल पर लगी लेकिन 11वें होल पर वह एक शॉट ड्रॉप कर बैठीं। उन्होंने फिर 12वें होल पर बर्डी लगाई जबकि बाकी होल पार रहे।

### ताइवान मास्टर्स गोल्फ : संयुक्त 31वें स्थान पर संधू



**न्यू ताइपे सिटी।** गोल्फर युवराज संधू मर्क्यूरीज ताइवान मास्टर्स गोल्फ में पहले दौर में दो ओवर 74 के कार्ड के साथ भारतीय खिलाड़ियों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। संधू अमेरिकी मूल के भारतीय खिलाड़ी मानव शाह के साथ संयुक्त-31वें स्थान पर है। अन्य भारतीय शिव कपूर (76) संयुक्त 66वें, राशिद खान (77) संयुक्त 77वें , एसएसपी चौरसिया (79) संयुक्त 100वें , अजितेश संधू (79) संयुक्त100वें , राहिल गंगजी (80) संयुक्त 108वें और विराज मदप्पा (82) संयुक्त 117वें स्थान पर है।

## 1 अक्टूबर से चेन्नई में पहला बीएफआई कप

**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) उभरते मुक्केबाजों को राष्ट्रीय शिविर में प्रवेश का मार्ग प्रशस्त करने के उद्देश्य से 1 से 7 अक्टूबर तक चेन्नई में पहला बीएफआई कप आयोजित करेगा। यह प्रतियोगिता



पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए 10 वर्गों में आयोजित की जाएगी, जिसके स्वर्ण और रजत पदक विजेताओं को एलीट राष्ट्रीय शिविर में प्रवेश मिलेगा। बीएफआई अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा, 'इसमें कोई शक नहीं कि भारतीय मुक्केबाजी आगे बढ़ रही है और बीएफआई एथलीट केंद्रित दृष्टिकोण के लिए प्रतिबद्ध है, जिसके अच्छे परिणाम पहले से ही दिख रहे हैं।'उन्होंने कहा, 'बीएफआई कप इसी दिशा में एक और कदम है क्योंकि यह कई युवा मुक्केबाजों को अपनी पहचान बनाने और राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने का मौका देगा।' आठवीं एलीट राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शीर्ष आठ में जगह बनाने वाली राज्य इकाइयां या बोर्ड, रोहतक स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) का राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (एनसीओई) और मेजबान तमिलनाडु प्रत्येक वर्ग में एक मुक्केबाज को बीएफआई कप में भेज सकते हैं।

# पाकिस्तानी खिलाड़ियों पर आईसीसी का एक्शन, एक को सजा, दूसरे को चेतावनी

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत के खिलाफ एशिया कप मैच के दौरान असभ्य और आक्रामक भाव भंगिमा के लिए पाकिस्तानी तेज गेंदबाज हारिस रऊफ पर मैच फीस का 30 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया जबकि उनके साथी साहिबजादा फरहान को गोली चलाने का इशारा करके जश्न मनाने के लिए सिर्फ चेतावनी दी गई।

टूर्नामेंट के सूत्र ने कहा, 'मैच रैफरी रिची रिचर्डसन ने शुक्रवार को अपनी सुनवाई पूरी की। हारिस रऊफ पर आक्रामक व्यवहार के लिए उनकी मैच फीस का 30 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया और फरहान को चेतावनी देकर छोड़ दिया गया।' टूर्नामेंट के सूत्रों के अनुसार रऊफ और फरहान ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की सुनवाई में भारत के खिलाफ मैच के दौरान भड़काऊ भाव भंगिमा के लिए खुद को निर्दोष बताया। यह सुनवाई मैच रैफरी रिची रिचर्डसन के यहां पाकिस्तान टीम के होटल में की गई। दोनों खिलाड़ी लिखित में दिए गए जवाबों के बावजूद व्यक्तिगत रूप से उनके सामने पेश हुए। उनके साथ टीम मैनेजर नवीद अकरम चीमा भी थे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने बुधवार को एक आधिकारिक शिकायत में दोनों खिलाड़ियों पर भड़काऊ इशारे करने का आरोप लगाया है। दोनों टीमें रविवार को एशिया कप फाइनल में आमने सामने होंगी। रऊफ ने गिरते हुए विमानों का इशारा करके स्टैंड में बैठे भारतीय प्रशंसकों का मजाक उड़ाया था, वहीं फरहान के मैच में अर्धशतक लगाने के बाद मनाए गए जश्न को भी भारतीय टीम ने आपत्तिजनक माना था।

### रऊफ पर मैच फीस का 30 प्रतिशत जुर्माना



## क्रिकेटर जिस तरह खुद को आगे बढ़ाते हैं, उस तरीके ने मुझे प्रेरित किया

# ट्रैक पर बेहतर प्रदर्शन करने के लिए क्रिकेट ने किया प्रेरित: बोल्ट

एजेंसी ▶▶| मुंबई

महान धावक उसेन बोल्ट का कहना है कि प्रतिभाशाली क्रिकेटरों को मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए देखने के बाद क्रिकेट उनके लिए ट्रैक पर बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा बना था। बोल्ट का नाम रफ्तार और विश्व रिकॉर्ड का पर्याय है, उन्होंने अपने करियर का अंत आठ ओलंपिक स्वर्ण पदक और 11 विश्व चैंपियनशिप में शीर्ष पोडियम स्थान के साथ किया, जो कभी भी किसी भी ट्रैक एवं फील्ड एथलीट ने हासिल नहीं किया।

जमैका के इस खिलाड़ी ने जमनाबाई नरसी परिसर में कहा, 'मैं बचपन से ही क्रिकेट का बहुत बड़ा मुरीद रहा हूं। मैंने बचपन से ही क्रिकेट देखा है। क्रिकेटरों की प्रतिभा को बढ़ते हुए देखना, वे जिस तरह से काम करते, वे जिस तरह खुद को आगे बढ़ाते और खुद को पेश करते थे, उसने मुझे कम उम्र में कड़ी मेहनत करने और सर्वश्रेष्ठ बनने के लिए प्रेरित किया। '




### शीर्ष पर पहुंचना कभी आसान नहीं होता

जमैका के 39 वर्षीय एथलीट ने कहा, 'यह कठिन सफर था क्योंकि शीर्ष पर पहुंचना कभी आसान नहीं होता, लेकिन मैं सचमुच दुनिया में सर्वश्रेष्ठ बनना चाहता था इसलिए मैंने चोटों, शंकाओं और कठिन समय के बावजूद खुद को दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक बनने के लिए प्रेरित किया, इसलिए यह सिर्फ समर्पण है।' भारतीय भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा सहित अधिकांश शीर्ष खिलाड़ी कह चुके हैं कि ओलंपिक स्वर्ण पदक का बचाव करना पहली बार जीतने से कहीं ज्यादा कठिन होता है और बोल्ट भी इस बात से सहमत थे।

### खेल के लिए कड़ी मेहनत और समर्पण की जरुरत

जमैका ने माइकल होल्डिंग, कर्टनी वॉल्श, क्रिस गेल और जेफ डुजॉन जैसे कई दिग्गज क्रिकेटर दिए हैं तो हो सकता है कि बोल्ट पर उनका प्रभाव पड़ा हो। यह पूछे जाने पर कि महानता के उनके सफर को बताने वाले तीन शब्द क्या हैं तो उन्होंने कहा कि उनके लिए यह पूरी तरह से कड़ी मेहनत का नतीजा था। बोल्ट के नाम 100 मीटर में 9.58 सेकेंड का विश्व रिकॉर्ड है। उन्होंने कहा, 'मेरे लिए यह कड़ी मेहनत जितना ही सरल है। खेल के लिए कड़ी मेहनत और समर्पण की जरुरत होती है। मुझे ट्रैक एंव फील्ड बहुत पसंद है इसलिए यह एक ऐसी चीज है, जिसे मैं बचपन से पसंद करता रहा हूं और मैंने इस पर बहुत मेहनत की है।'




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240